CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

लखनऊ, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 6 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यूटर्न
पेज 2


ओवल टेस्ट: गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड
खेल टाइम्स


सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज
सम्पादकीय


हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाक: ट्रम्प
पेज 12

## मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी

मुंबई, वार्ता



- एनआईए कोर्ट का फैसला, विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे, कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं
- फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे पीड़ित परिवारों के वकील

**सितम्बर** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियां बताईं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। विस्फोट के सभी छह पीड़ितों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और सभी घायलों को 50-50 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। पीड़ित परिवारों के वकील एडवोकेट शाहिद नदीम ने कहा कि बम विस्फोट की पुष्टि कोर्ट ने कर दी है। हम इस बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे। 29 सितम्बर 2008 को मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। अदालत ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता। अदालत केवल धारणा और नैतिक -शेष पृष्ठ दो पर

## लैंडस्लाइड से केदारनाथ यात्रा रुकी गाजियाबाद में सोसाइटी का बेसमेंट धंसा

**नई दिल्ली।** यूपी के गाजियाबाद में रात भर की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो गया।

### 2500 लोग फंसे

क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास सुशांत एक्वापोलिस सोसाइटी का बेसमेंट करीब 15 फीट धंस गया। बेसमेंट में खड़ी 4 गाड़ियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में मुनकटिया के पास बुधवार को लैंडस्लाइड हुई। इससे केदारनाथ जाने वाला पैदल रास्ता बंद हो गया, यात्रा 4 दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सड़क के अचानक बंद होने से गौरीकुंड में लगभग 2,500 तीर्थयात्री फंस गए हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में मध्यम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के इलाकों में बारिश का अनुमान है। सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कई दिनों में राजधानी में हुई भारी बारिश से दिल्लीवासियों को अनेक स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

## बचकानी हठ पर उतरे ट्रम्प, टैरिफ की जिद के साथ बोले- 'भारत-रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें'

वाशिंगटन, वार्ता



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया
- कहा: मुझे क्या, आज से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

**भारत पर** 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। एक दिन पहले ट्रम्प ने भारत पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अभी अमेरिका की तरफ से भारतीय सामानों पर औसतन करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसके बढ़ने से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान के दाम बहुत बढ़ जाएंगे।

डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। इसमें व्यापार, उत्पादन, नौकरियां और लोगों की कमाई लगभग रुक सी जाती है। विकास रुक जाता है और लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं। डेड इकोनॉमी कोई आधिकारिक आर्थिक टर्म नहीं है। ये एक बोलचाल का शब्द है, इसलिए इसे मापने का कोई सटीक पैमाना भी नहीं है। हालांकि इसे समझने के लिए कुछ आर्थिक संकेतकों का इस्तेमाल किया जा सकता है-जैसे जीडीपी, महंगाई, बेरोजगारी दर और व्यापार घाटा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर 30 जुलाई को ऐलान किया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। रूस से व्यापार के चलते भारत पर टैरिफ के अलावा पेनल्टी भी लगेगी। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि पेनल्टी कितनी होगी। उन्होंने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी दोनों 1 अगस्त, 2025 से लागू होंगे। ट्रम्प के 29 जुलाई को किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा था कि भारत हमारा दोस्त है, लेकिन हमने पिछले कई सालों में उनके साथ ज्यादा कारोबार नहीं किया, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, शायद दुनिया में सबसे ज्यादा।

### ट्रम्प ने सही कहा इंडियन इकोनॉमी मर चुकी: राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडानी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।



- इकोनॉमी को पीएम मोदी ने मारा, ये बात पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सबको पता है

### सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को संसद में कहा कि भारत के निर्यात पर सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा घोषणाओं की सरकार समीक्षा कर रही है और वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। श्री गोयल ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार के संबंध में राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर राज्य सभा में स्वत: दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों और सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्यमों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### मोदी दोस्त बनाते हैं, बदले में क्या मिला, टैरिफ मुद्दे पर पीएम जवाब दें: प्रियंका

**नई दिल्ली।** संसद मानसून सत्र के 9वें दिन बिहार वोटर वेरिफिकेशन और अमेरिका के टैरिफ लगाने वाले मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा 3-3 बार स्थगित हुईं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इस पर विपक्ष ने सदन और संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर जो कहा उसे सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं और फिर हमें बदले में यही मिलता है।

### लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर गुरुवार को भारी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो बार के स्थगन के बाद चार बजे तीसरी बार जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा और नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। हंगामे के बीच ही वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ पर संसद में बयान दिया और कहा कि भारत और अमेरिका के बीच वार्ता जारी है, लेकिन भारत अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करेगा।

### मुंबई एयरपोर्ट पर आठ करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई।** मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट के एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को हुई। इसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम ऑफिसर ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट नंबर वीजी-760 से तीन संदिग्ध पैसेंजर्स को रोका था। इनके सामान की जांच के दौरान 1. 990 किग्रा गांजा मिला, जिसकी बाजार में करीब 2 करोड़ रुपये की कीमत है। मुंबई एयरपोर्ट के ही एक दूसरे मामले में बैंकॉक की फ्लाइट नंबर 6ई1060 से एक पैसेंजर के पास 6.22किग्रा गांजा बरामद किया। इसकी बाजार कीमत 6 करोड़ रुपये है।

### सेना उप प्रमुख सुब्रमणि सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि 39 वर्ष की उल्लेखनीय सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेना में उनकी विशिष्ट यात्रा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से शुरू हुई और दिसम्बर 1985 में उन्हें गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया। असाधारण शैक्षणिक क्षमता वाले अधिकारी के रूप में उन्होंने किंग्स कॉलेज, लंदन से स्नातकोत्तर की डिग्री और मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एम.फिल की डिग्री प्राप्त की।

### पनीरसेल्वम ने राजग को कहा अलविदा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आसन्न विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा नीत गठबंधन को गुरुवार को उस समय झटका लगा, जब ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के पूर्व नेता और तीन बार मुख्यमंत्री रहे ओ पनीरसेल्वम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग हो गए। श्री पनीरसेल्वम का राजग छोड़ने का फैसला ऐसे समय में आया है, जब पिछले सप्ताह राज्य के दौरे पर आए पीएम मोदी ने उन्हें मिलने के लिए कथित तौर पर समय नहीं दिया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के सहयोगी के रूप में रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। श्री पनीरसेल्वम ने राजग छोड़ना उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है, जिनमें कहा गया था कि वह अभिनेता-राजनेता विजय की उभरती हुई तमिलझगा वेत्री कषगम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकते हैं। इससे पहले, हालांकि दिन में श्री पनीरसेल्वम की सुबह की नियमित सैर के दौरान मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात हुई थी।

## भारत-अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की मजबूती को प्रतिबद्ध

- पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद से की फोन पर बात

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी ने बुधवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने भारत और अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने प्रतिबद्धता दोहराते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया।

## किसान संपदा का बजट 6,520 करोड़ हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना-(पीएमकेएसवाई) के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है।

सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि आज 15वें वित्त आयोग 2021-22 से 2025-26 की अवधि में चल रही पीएमकेएसवाई के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ ही इस अवधि के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है।

### सरकार ने दी रेलवे की 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश भर में आवागमन एवं माल परिवहन के बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति देने के लिए गुरुवार को छह राज्यों में विभिन्न रेल खंडों पर अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के लिए कुल 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी।

## तेलंगाना में दलबदलू विधायकों को SC का अल्टीमेटम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अदालत ने विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में दलबदल करने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह फैसला तीन महीने के भीतर हो जाना चाहिए, वरना लोकतंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। कोर्ट का यह आदेश तब आया है जब कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सात महीने बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि स्पीकर समय पर कार्रवाई नहीं करते तो यह 'ऑपरेशन सफल, मरीज मृत' वाली स्थिति होगी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 10वीं अनुसूची से जुड़ा है, जिसमें दलबदल की स्थिति में स्पीकर को त्वरित फैसला लेना होता है। कोर्ट ने स्पीकर से कहा कि वे विधायकों को प्रक्रिया में देरी नहीं करने दें और यदि ऐसा होता है, तो उनके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राजनीतिक दलबदल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। अगर इसे रोका नहीं गया तो यह पूरी प्रणाली को अस्थिर कर सकता है। कोर्ट ने संसद से भी आग्रह किया कि वह विचार करे कि क्या दलबदल मामलों में स्पीकर को ही निर्णय देने का मौजूदा तंत्र उचित है या इसमें बदलाव की जरूरत है।

## कबूतरों को दाना चुगाने पर बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक

मुंबई, वार्ता



- कहा: यह सेहत के लिए भी खतरा
- बीएमसी को दाना डालने वालों पर एफआईआर करने की परमिशन दी

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक रूप से परेशानी पैदा करने वाला है। यह मुद्दा जन स्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर और संभावित खतरा है।

जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डाक्टर की बेंच ने पशु प्रेमियों की दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को दाना डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने बीएमसी को शहर के कबूतरखानों में कबूतरों के जमावड़े को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने और कड़े उपाय लागू करने का निर्देश भी दिया। दरअसल, 3 जुलाई को इसी मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीएमसी को किसी भी पुराने विरासती कबूतरखाने को ध्वस्त करने से रोक दिया था, लेकिन कहा था कि दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। पल्लवी पाटिल, स्नेहा विसारिया और सविता महाजन ने याचिका में दावा किया था कि बीएमसी का यह काम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। अब यह स्थिति और भी जटिल हो गई है, क्योंकि पिछले आदेश में याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। नगर निगम के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। कानून की अवहेलना की जा रही है। हम बीएमसी को ऐसे किसी भी व्यक्ति और समूहों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी-ट्रम्प दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा: अजय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25 परसेंट टैरिफ लगाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा है। राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ ठोक दिया, साथ ही पेनल्टी भी लगा दी। नरेंद्र मोदी की 'दोस्ती' का खामियाजा देश भुगत रहा है। पीएम मोदी ने ट्रम्प का प्रचार किया और लपक-लपककर गले मिले। फोटो खिचवाकर सोशल मीडिया में ट्रेंड कराया था। आखिर में ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ ठोक दिया। भारत की विदेश नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का समय बढ़ाने की गुजारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त तक करने की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। शाही ने बताया कि उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर उत्तर प्रदेश के किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त करने का आग्रह किया, ताकि अधिकाधिक किसान इसका लाभ ले सकें। कृषि मंत्री ने बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कीटनाशकों के स्थान पर जैव कीटनाशकों को प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा की।

# करोड़ों सनातनियों से माफी मांगे कांग्रेस: योगी

## मुख्यमंत्री ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने पर दी प्रतिक्रिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए माफी मांगने की मांग की है।

योगी ने गुरुवार को अपने ट्वीट में लिखा- मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है।

**■ जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता मिले**

कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में सात मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। वहीं मुख्यमंत्री योगी लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता पर रखें। योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सड़क, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, आरओबी और आरयूबी, धर्मार्थ स्थलों की सड़कें, फ्लाईओवर निर्माण से सम्बन्धित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए वरीयताक्रम के आधार पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### गुलामी के युग में भी भक्ति और शक्ति से तुलसीदास ने जाग्रत रखी जनचेतना

**चित्रकूट।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह (तुलसी जयंती) में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब इस गांव की स्थिति शायद साधनों के अभाव और कठिनाइयों से ग्रस्त रही होगी, ऐसे समय में एक दिव्य आत्मा ने जन्म लिया और बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी, तब तुलसीदास जी ने रामबोला के रूप में खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया।

# ट्रम्प की चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करे मोदी सरकार: मायावती

लखनऊ, वार्ता



आयात शुल्क पर अमेरिका द्वारा 25 फीसदी की बढ़ोतरी को देश की अर्थव्यवस्था के लिए नयी चुनौती बताते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने उम्मीद जाहिर की कि केन्द्र सरकार इस चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करने में सफल होगी और राष्ट्र हित से कोई समझौता नहीं करेगी।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल दिनांक 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की भी नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, तथा इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर सरकार खरी उतरकर दिखाएगी भी, ऐसी देश को आशा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला अधिकतर ग़रीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, जिसे हर हाथ को काम देने वाली श्रम शक्ति के बल पर देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल किया जाए, तो देश निश्चय ही आत्मनिर्भरता के साथ-साथ 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' वाला सुखी व सम्पन्न देश बन सकता है, जिसमें ही संविधान के मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्य के हिसाब से जन व देशहित पूरी तरह से निहित है व यह सुरक्षित भी रह सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है और रूस से सैन्य उपकरण तथा तेल खरीदने पर जुर्माना लगाने की बात भी कही है।

# विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं होनी चाहिए: सैलजा

चंडीगढ़, वार्ता



कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और दंडात्मक शुल्क पर कहा कि आज एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा सरकार की तथाकथित 'व्यक्तिगत कूटनीति' और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौन रहकर सम्मान पाने की रणनीति पूरी तरह विफल रही है।

सांसद सैलजा ने गुरुवार को कहा कि भारत की चुप्पी ऐसे ही रही, तो आने वाले समय में अमेरिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा। हमारी विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और राष्ट्रीय हितों पर आधारित होनी चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है

**■ अमेरिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा**

कि राष्ट्रहित केवल विदेशी नेताओं के साथ मंच साझा करने या भव्य शोभायात्राओं से सुरक्षित नहीं होता, बल्कि एक निडर, संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति से ही हमारे हित सुरक्षित हो सकते हैं। यह वही नीति है जिसे भारत ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में दृढ़ता के साथ अपनाया था, जब भारत ने न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि विश्व मंच पर सम्मान भी अर्जित किया।

## मर्जर का काम एक सप्ताह में कर लिया जाना है पूरा

# स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यू टर्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एक किमी से अधिक दूरी वाले विद्यालयों का विलय नही होगा, वहीं जिन उच्च प्राथमिक स्कूलों की दूरी तीन किमी से अधिक होगी, उनका भी विलय नही होगा।

सिंह ने गुरुवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इसके साथ ही जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 या इससे अधिक है, उनका भी विलय नही होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश में अति न्यून संख्या वाले विद्यालयों की निकटस्थ विद्यालयों के साथ ही पेयरिंग की जा रही है। एक सप्ताह में मर्जर



**■ एक किमी से ज्यादा दूरी वाले और 50 से ज्यादा विद्यार्थियों वाले स्कूलों का नहीं होगा विलय**

का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अफवाह फैलाई जा रही है कि बच्चों की शिक्षा को सरकार खत्म कर रही है, यह ग़लत है। विद्यालयों की पेयरिंग उत्तर प्रदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली-2011 (यथा संशोधित 2017) के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिंग आबादी से 1 किमी की दूरी के अन्तर्गत तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिंग आबादी से 3 किमी के अन्तर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों की पेयरिंग करते समय यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि छात्र-छात्राओं की विद्यालय तक सुगम पहुंच को अवश्य ध्यान में रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय तक पहुंचने में किसी प्रकार का अवरोध यथा-रेलवे कॉसिंग, नदी-नाले, हाई-वे आदि संबंधी प्रतिकूल स्थिति न हो। मंत्री ने कहा कि पेयरिंग का उद्देश्य बच्चों के उन्नत भविष्य के लिए बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। कोई भी विद्यालय बंद नहीं किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत विद्यालयों का यू-डायस कोड भी यथावत रखा गया है। यदि किसी जिले में पेयरिग के संबंध में विसंगति की स्थिति है, तो इसे दूर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में निरन्तर समीक्षा की जा रही है तथा छात्र हित में आवश्यकतानुसार पूर्व विद्यालय में पुनः संचालन के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शिक्षकों एवं रसोईयों के पद कम अथवा समाप्त नहीं किए जा रहे हैं। पेयरिग का उद्देश्य यह भी है कि 50 तक के छात्र नामांकन वाले विद्यालयों में 3 शिक्षक (शिक्षामित्र सहित) की तैनाती सुनिश्चित करायी जा रही है, जिससे कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके।

### बीएचयू के नए कुलपति बने प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के नए कुलपति के रूप में प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी की नियुक्ति की गई है। उपसचिव श्रेया भारद्वाज द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। नई दिल्ली के शास्त्री भवन से बीएचयू के रजिस्ट्रार को नियुक्ति से संबंधित जानकारी प्रेषित की गई है। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग विभाग में अपनी सेवाएंदे रहे हैं। वे इससे पहले आईआईटी रुड़की के निदेशक भी रह चुके हैं।



सेंसेक्स 80695.15
निफ्टी 24768.35



सोना रु. 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115500
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, निफ्टी 24800 अंक से नीचे उतरा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही, हालांकि रुपए में आई मजबूती ने बाजार को ज्यादा नहीं गिरने दिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 86.70 अंक (0.35 प्रतिशत) नीचे 24,768.35 अंक पर रहा। लगातार दो दिन की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूस से सैन्य उपकरण और तेल खरीदने के कारण



जुर्माना लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद सुबह शेयर बाजारों में बिकवाली शुरू हो गई। सेंसेक्स 786.36 अंक लुढ़ककर 80,695.50 अंक पर खुला और नीचे 80,695.15 अंक तक उतर गया। एफएमसीजी कंपनियों हिदुस्तान यूनिलिवर और आईटीसी के साथ इटरनल कोटक महिद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंकों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स इससे ज्यादा नहीं टूटा। दोपहर बाद यह हरे निशान में भी गया, लेकिन आखिरी घंटे में मुनाफा वसूली से फिर तेजी से गिरा। बुधवार की तुलना में 300 अंक से अधक चढ़कर एक समय यह 81,803.27 अंक पर भी पहुंच गया था।

अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपए में सात दिन बाद लौटी तेजी से बाजार की गिरावट सीमित रही। सेंसेक्स में हिदुस्तान यूनिलिवर का शेयर 3.48 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इटरनल में 1.40 प्रतिशत और आईटीसी में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील में 2.20 फीसदी की गिरावट रही। सनफार्मा का शेयर 1.69 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 1.50 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.39 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी-50 भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 212.80 अंक नीचे 24,642.25 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 24,642.25 अंक रहा, जबकि ऊपर यह 24,956.50 अंक तक मजबूत हुआ।

### आईसीएआई ने विवादों का त्वरित समाधान करेगा अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र

**नई दिल्ली।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) ने विवादों के त्वरित समाधान के लिए आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र (आईआईएसी) की स्थापना की घोषणा की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार शाम यहां उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) भारत में कोई बाहर से आयी हुई सोच नहीं है, भारतीय सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र की शुरुआत के रूप में हम देश को त्वरित, न्यायपूर्ण और कम खर्चीले विवाद समाधान के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि मौजूदा उभरती कारोबारी पारिस्थितिकी में प्रभावी विवाद समाधान कोई प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, यह एक रणनीतिक आवश्यकता है और आईआईएसी का लक्ष्य विश्वसनीयता और दक्षता के साथ इन आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

# यूपी मार्ट पोर्टल से एमएसएमई सेक्टर को मिलेगी नई उड़ान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम बढ़ाया है। उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए अब मशीनरी की तलाश और सही सेवा प्रदाताओं तक पहुंच बनाना पहले जैसा मुश्किल नहीं रहेगा।

सरकार ने इसके लिए 'यूपी मार्ट पोर्टल' विकसित किया है, जो एक समर्पित और बहुउद्देशीय प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा कॉन्क्लेव का उद्घाटन करने के साथ ही यूपी मार्ट पोर्टल की भी शुरुआत की। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुंच को आसान बनाना है। सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी और ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार इस पोर्टल पर राज्य भर के मशीनरी सप्लायर, फ्रेंचाइज़ी ओनर, सर्विस प्रोवाइडर और तकनीकी विशेषज्ञ एकत्रित होंगे। कोई भी उद्यमी यहां लॉग-इन करके अपने व्यवसाय की जरूरत के अनुसार मशीनरी की खोज कर सकेगा और ऑनलाइन संपर्क एवं कोटेशन प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने बताया कि यूपी मार्ट पोर्टल का उद्देश्य उद्यमियों के समय, श्रम और संसाधनों की बचत करना है। इससे 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य में उद्योगों की स्थापना की रफ्तार तेज होगी। सरकार का यह डिजिटल नवाचार राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करेगा और प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा को नई दिशा देगा। राज्य के मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। वे पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर, प्रदेश भर के ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना सकेंगे। इससे उनका व्यापार बढ़ेगा और एमएसएमई सेक्टर में मांग और आपूर्ति का संतुलन बेहतर होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मालेगांव...** साक्ष्य के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहरा सकती। इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि केवल 95 थी। कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी हेराफेरी की गई थी। कोर्ट ने कहा कि श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। पंचनामा करते समय जांच अधिकारी की ओर से घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था। घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या अन्य कोई जानकारी एकत्र नहीं की गई थी। नमूने गड़बड़ थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक और विश्वसनीय नहीं हो सकी। विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी। इस मामले में यूएपीए के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं। अभियोजन पक्ष ने अभिनव भारत संगठन को एक सामान्य संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया था। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अभिनव भारत के धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया गया था। हमने एडीजी एटीएस को आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक रखने के मामले की जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष का दावा था कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने विस्फोट की योजना बनाई थी। फैसले के बाद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार जरूर होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं जिंदा हूं, क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं। उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सजा देगा। हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने गलत साबित नहीं किया। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा कि मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसने से पहले कर रहा था। मैं इसके लिए किसी भी संगठन को दोष नहीं देता। जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, बल्कि संगठनों के अंदर के लोग ही गलत कर रहे हैं। मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# पर्यावरण की अलख जगाने के लिए राजभवन कर्मियों की साइकिल यात्रा

लखनऊ, वार्ता

धरती को हरा भरा रखने के संकल्प के साथ राजभवन के कर्मचारियों ने बाराबंकी जिले तक 110 किमी साइकिल चलाई और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व समझाया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन से बाराबंकी जिले के लिए 30 जुलाई से शुरू हुई 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' साइकिल रैली दो दिनों में लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर आज राजभवन में आकर समाप्त हुई। राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों की यह साइकिल रैली लखनऊ से प्रारंभ होकर बाराबंकी जिले के देवा व बंकी होते हुए आज दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हरख पहुंची। विद्यालय की प्रभारी साधना सिंह के साथ शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली दल का पारंपरिक स्वागत किया तथा पौधरोपण, स्वच्छता एवं संवाद सत्र में भाग लिया। इस दौरान तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कुल 600 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, छात्राओं से संवाद और हस्ताक्षर जागरूकता



अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय परिसरों में नीम, जामुन, मौलश्री, सहजन, छितवन, बॉटल ब्रश, अमरूद आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय की छात्राओं से उनके कक्षाओं में जाकर संवाद किया। छात्राओं के अनुशासन, शिक्षामें रुचि और आत्मविश्वास की सराहना की गई। अधिकारियों ने बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने, पर्यावरण संरक्षण करने तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालयों में पर्यावरण, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गुलामी के युग में भी भक्ति व शक्ति से तुलसीदास ने जागृत रखी जनचेतना: सीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में आयोजित संत तुलसीदास की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब यह क्षेत्र साधनों के अभाव और कठिनाइयों से जूझ रहा था, उस समय एक दिव्य आत्मा संत तुलसीदास ने जन्म लेकर प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि उस काल में जब मुगल साम्राज्य का विस्तार हो रहा था, तुलसीदास ने किसी दरबारी की सेवा नहीं, बल्कि रामभक्ति का मार्ग अपनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश के राजे-रजवाड़े विदेशी सत्ता के सामने झुक रहे थे, तब तुलसीदास ने भक्ति और शक्ति के अद्वितीय संगम से जनता में आत्मबोध और जागरूकता उत्पन्न की। उन्होंने प्रतिकार का मार्ग तलवार नहीं, बल्कि रामलीला और रामचरितमानस के माध्यम से चुना। सीएम योगी ने अकबर के शासन की 'सॉफ्ट छवि' का उल्लेख करते हुए कहा कि उसकी क्रूरता को संतों ने भलीभांति पहचाना और आध्यात्मिक शक्ति से उसका प्रतिकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम तुलसीदास की तपोभूमि चित्रकूट में उपस्थित हैं, जहां भगवान राम ने वनवास का सबसे लंबा समय बिताया, और जहां ऋषि-मुनियों की साधना से यह भूमि पुण्य धरा बनी।

उन्होंने मुरारी बापू द्वारा तुलसीदास की स्मृति को जीवित रखने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चित्रकूट को विरासत और विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि जब प्रमाण मांगे गए, तो महाराज जी ने इतनी धाराप्रवाह जानकारी दी कि लोग स्तब्ध रह गए। इसी को प्रभु की सिद्धि कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने मुरारी बापू द्वारा अयोध्या, काशी और प्रयागराज में आगामी रामकथाओं की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि राम नाम का स्मरण कर कोई भी अपने जीवन को धन्य बना सकता है। सीएम योगी ने अपनी मॉरीशस यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुलामी के समय जब भारतीयों को वहां मजदूरी के लिए भेजा गया, तो उनका एकमात्र संबल रामचरितमानस ही था। उन्होंने बताया कि अनपढ़ लोग भी मानस को सुनते-सुनते अपनी संस्कृति को जीवित रखते रहे और आज उन्हीं के वंशज वहां के राष्ट्राध्यक्ष बने हैं।

### 'जिनका जीवन विवादित, वही संतों को घसीट रहे विवादों में': योगी

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने उन तत्वों पर करारा प्रहार किया जो पूज्य संतों को विवादों में घसीटने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर पूज्य संतों को विवादित करने की कोशिश करते हैं। जिनका जीवन स्वयं विवादों से भरा है, वही ऐसा करते हैं। वे निरंतर विघ्न डालने का प्रयास करेंगे, लेकिन हमें इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। हमें संगठित होकर सनातन धर्म और भारत की समृद्ध विरासत की रक्षा करनी होगी। इस अवसर पर जगतगुरु रामभद्राचार्य जी, कथाव्यास मुरारी बापू, जगतगुरु विष्णुस्वामी संप्रदायाचार्य स्वामी संतोषाचार्य जी महाराज (सतुआ बाबा), स्वतंत्र देव सिंह व प्रभारी मंत्री मन्नू कोरी समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# मंत्री ने अश्लीलता की शिकायत पर अपने ही पीएस को कराया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में सामाजिक कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अपने निजी सचिव को महिला कर्मचारी से अश्लील हरकत के आरोप में स्वयं गिरफ्तार कराया।

मंत्री ने खुद पुलिस को फोन कर बुलाया और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराई। घटनाक्रम के अनुसार जब एक महिला ने मंत्री असीम अरुण से निजी तौर पर शिकायत की कि उनके निजी सचिव ने अनुचित व्यवहार किया है। महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने तत्काल पुलिस को बुलवाया और संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। लखनऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निजी सचिव को हिरासत में लिया।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि उनके कार्यालय में किसी भी महिला कर्मचारी के साथ अनुचित व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे आरोपी कोई भी हो। उन्होंने कहा कि सरकार की हमहिला सम्मानह नीति के अनुरूप ही यह कार्रवाई की गई है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राज्य के प्रशासनिक गलियारों में चर्चा गर्म है, लेकिन मंत्री की पारदर्शिता और तत्परता की सराहना भी की जा रही है।

# 15 पीपीएस अधिकारियों का तबादला

### देवरिया, लखनऊ, मुरादाबाद, शामली समेत कई जिलों में बदली जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने एक बार फिर पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल करते हुए पंद्रह पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। 31 जुलाई को जारी आदेश में दो अलग-अलग सूचियों के माध्यम से इन अधिकारियों की नई तैनाती तय की गई,

जिसमें प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जनपदों जैसे लखनऊ, मुरादाबाद, देवरिया, गाजियाबाद, उन्नाव, जालौन, बाराबंकी, अयोध्या, बागपत, गोंडा, शामली, सिद्धार्थनगर आदि में कार्यरत अधिकारियों को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया गया है। इस आदेश के अनुसार राहुल मिश्रा, जो अब तक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे, उन्हें अब देवरिया जनपद में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) के पद पर भेजा गया है। वहीं देवरिया में कार्यरत अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) अरविन्द कुमार वर्मा-1 को अब मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक (स्थापना), लखनऊ में तैनाती दी गई है। इसी क्रम में मुरादाबाद में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक नगर महेश अत्री को अब देवरिया का नया प्रभारी बनाया गया है। गाजियाबाद में पुलिस उपायुक्त पद पर कार्यरत रही अर्चना सिंह को मुरादाबाद नगर की जिम्मेदारी दी गई है। उन्नाव के अपर पुलिस अधीक्षक अंशुल शर्मा को अब अयोध्या जनपद में नियुक्त किया गया है, जबकि अयोध्या में कार्यरत शैलेंद्र सिंह अब उन्नाव की जिम्मेदारी संभालेंगे। जालौन से स्थानांतरित हुए चंद्रशेखर अब गाजियाबाद में कार्य करेंगे और बाराबंकी में कार्यरत अशोक कुमार अब बागपत जनपद में अपनी सेवाएं देंगे। अलीगढ़ से स्थानांतरित कुलदीप कुमार को बाराबंकी भेजा गया है, और शामली के एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव को अब सिद्धार्थनगर की जिम्मेदारी मिली है। गोंडा के एएसपी शिवराज ने अब शामली में कार्यभार संभालने की तैयारी शुरू कर दी है, वहीं बहराइच से स्थानांतरित हुए आलोक रावत को अब गोंडा भेजा गया है। इसी प्रकार पीलीभीत में तैनात मनोज कुमार अवस्थी को बहराइच, और बलरामपुर से स्थानांतरित राजकुमार को पीलीभीत भेजा गया है।

# पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन योजनाओं में लापरवाही नहीं चलेगी: मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजनाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयब) ढंग से पहुंचे और किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ हैख़्जनहित की योजनाएं ज़मीन पर प्रभावी रूप से उतरें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनकी पहुंच हो। लखनऊ स्थित सचिवालय में आयोजित बैठक में मंत्री कश्यप ने छात्रवृत्ति, शादी अनुदान, कंप्यूटर प्रशिक्षण सहित अन्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि गांधी जयंती तक सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु स्कूल स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाए और इसके लिए शिक्षा विभाग व पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों में समन्वय स्थापित हो। शादी अनुदान के लटके हुए प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित करने व कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में डिजिटल युग की मांग के अनुरूप नए तकनीकी कोर्स जोड़े जाने पर भी बल दिया गया। मंत्री ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश की उन जातियों को केंद्र की सूची में शामिल कराने हेतु प्रस्ताव शीघ्र भारत सरकार को भेजे जाएं, जो राज्य सूची में हैं लेकिन केंद्र की सूची से बाहर हैं, जिससे वे भी केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की योजनाओं पर संतोष जताते हुए मंत्री ने कहा कि वित्तीय सहायता, छात्रवृत्ति, उपकरण वितरण, स्वरोजगार, शादी प्रोत्साहन, दुकान संचालन और नि:शुल्क बस यात्रा जैसी सुविधाओं को और व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ लागू किया जाए। विभागीय विद्यालयों की अवस्थिति, नामांकन व गुणवत्तापरक शिक्षा पर भी उन्होंने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि दिव्यांगजन सलाहकार समिति की आगामी बैठक शीघ्र बुलाई जाए, ताकि योजनाओं में सुधार और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में दिव्यांगजन भरण-पोषण पेंशन योजना के अंतर्गत ग्यारह लाख से अधिक लाभार्थियों को और कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत बारह हजार से अधिक व्यक्तियों को भुगतान किया गया। आगामी तीन दिसंबर को आयोजित होने वाले विश्व दिव्यांग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए दस अगस्त तक जिलों से नामांकन प्रस्ताव मांगे गए हैं, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजन, संस्थाएं अथवा सामाजिक कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार सम्मानित करेगी। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह भी स्पष्ट किया कि जनजागरूकता ही सबसे बड़ा माध्यम है योजनाओं को प्रभावी बनाने का। इसके लिए मीडिया, सोशल मीडिया, विद्यालयों, पंचायतों, नगर निकायों व जागरूकता शिविरों के जरिए जनसंपर्क की रणनीति अपनाने की बात कही गई है। उनका कहना था कि सरकार की प्रतिबद्धता है कि पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग समुदाय की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे और यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

# दिव्यांग बेटे की जिम्मेदारी से टूट गई ममता

### एएसपी की पत्नी ने की आत्महत्या, सीसीटीवी फुटेज में बेटे का गला दबाते भी देखा गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पुलिस परिवारों के भीतर की दरारें जब बाहर आती हैं, तो वे केवल व्यक्तिगत त्रासदियां नहीं रह जातीं, बल्कि पूरे सामाजिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न बन जाती हैं।

लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुकेश कुमार की पत्नी की आत्महत्या ने ऐसा ही एक मार्मिक, लेकिन झकझोर देने वाला दृश्य प्रस्तुत किया है। यह महिला उत्तर प्रदेश के एक पूर्व विधायक की बेटी थीं और तेरह वर्षों से शादीशुदा जीवन में थीं। उन्होंने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद जब घर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तो पुलिस और परिवार दोनों स्तब्ध रह गए। वीडियो में वह महिला पहले अपने दिव्यांग बेटे का गला दबाने की कोशिश करती दिखती है, जो ऑटिज़्म का शिकार है।

लेकिन वह अपने इरादे को पूरा नहीं कर पाती, शायद एक मां की ममता ने अंततः उसे रोक लिया। इसके तुरंत बाद उसने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगा ली। यह ख्रश्य न केवल दिल को चीर देने वाला है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि ममता और मानसिक प्रताड़ना के बीच की लड़ाई किस कदर खतरनाक हो सकती है। मृतका के भाई और परिवारजनों ने पति, जो एक एएसपी हैं, पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पति का एक अन्य महिला से संबंध था और इसी को लेकर वर्षों से घर में तनाव बना हुआ था। विशेष रूप से दिव्यांग बेटे की देखभाल को लेकर महिला को अकेले ज़िम्मेदार ठहराया जाता था। ससुराल पक्ष द्वारा उसे मानसिक रूप से कमजोर, अस्थिर और 'पागल' तक कहा जाता रहा। यह क्रमशः उसे डिप्रेशन की ओर ले गया, जो अंत में आत्महत्या का कारण बन गया। जानकारी के अनुसार, मृतका के तीन बच्चे थ, जिनमें से एक बेटा और एक बेटी जुड़वां हैं। बेटा विशेष आवश्यकता वाला था। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, महिला घरेलू प्रताड़ना और अकेलेपन का सामना कर रही थी। ससुराल वालों द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने को लेकर भी महिला में असहजता थी। उसे लगता था कि घर में उसकी हर हरकत पर नज़र रखी जा रही है, जिससे मानसिक दबाव और बढ़ गया था। घटना के बाद एएसपी को छुट्टी पर भेजा गया है, और मामले की जांच की जा रही है। महिला का मोबाइल, घर के ब्ब्न्ट फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। महिला द्वारा आत्महत्या से पहले बनाया गया एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से कहा कि वह मानसिक रूप से टूट चुकी है और अपनी हालत के लिए अपने पति और ससुराल वालों को जिम्मेदार मानती है। यह सिर्फ एक आत्महत्या नहीं, एक चेतावनी है, उस समाज के लिए जो जिम्मेदारियों को बांटने के बजाय किसी एक पर लाद देता है।

# डीएम ने बैठक कर अफसरों को दिए निर्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** गुरुवार को कलेक्टर सभागार में आगामी धान खरीद सत्र 2025-26 की तैयारियों एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 112 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि क्रय केन्द्रों का चयन करते समय सावधानियां बरती जाएं।

ऐसे क्रय केन्द्र न सम्मिलित किये जाएं, जहां पर पूर्व में शिकायतें प्राप्त हुयी हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्भवता धान केन्द्र वहीं पर स्थापित किये जाएं, जहां पर धान की बेल्ट हो। जो भी केन्द्र अनुमोदन के लिए आये हैं, उनका सत्यापन करवा लिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि धान खरीद संबंधी जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके अनुसार ही खरीद की जाए तथा हम लोगों का प्रयास यह होना चाहिये कि हम अपने लक्ष्य को शुरूआती दौर में पूरा कर लें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि धान खरीद के समय बिचौलियों पर निगरानी रखी जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लक्ष्य की पूर्ति हो तथा शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही खरीद की जाए।

# हाईकोर्ट ने महिला कर्मचारी को न्याय देने में देरी पर यूपी सरकार को लताड़ा

### एक लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सेवा लाभ से वंचित रही महिला कर्मचारी की मौत के बाद उसके पुत्र को मुआवजा देने का आदेश सुनाते हुए प्रदेश सरकार पर एक लाख रुपये का हर्जाना लगाया है।

कोर्ट ने कहा कि सरकारी उदासीनता के चलते महिला की जीवन भर की सेवा बेकार चली गई और उसका परिवार भूखों मरने की कगार पर पहुंच गया। यह मामला सिंचाई विभाग की कर्मचारी शकीला बानो से जुड़ा है, जिनकी जन्मतिथि को लेकर विभाग में विवाद रहा। अदालत ने पहले ही 26 अगस्त 2015 को उनका जन्म 17 जुलाई 1962 मानते हुए सेवानिवृत्ति की सही तिथि और सेवा लाभ दिए जाने का निर्देश दिया था, लेकिन राज्य सरकार ने इस आदेश का अनुपालन नहीं किया। इसके चलते महिला को 2011 से सेवा लाभ नहीं मिला और लंबी प्रतीक्षा के बीच 23 जनवरी 2022 को उनकी मृत्यु हो गई। महिला की मृत्यु के बाद उनके पुत्र मुख्तार अहमद ने हाईकोर्ट की शरण ली। अदालत की एकल पीठ ने मार्च 2025 में सेवा लाभ भुगतान का आदेश दिया। इसके विरुद्ध सरकार ने विशेष अपील की, जिसे हाईकोर्ट की खंडपीठ ने खारिज कर दिया। अदालत ने न सिर्फ अपील को निराधार बताया, बल्कि यह भी कहा कि राज्य सरकार की टालमटोल और उदासीनता ने पीड़ित परिवार को अमानवीय स्थिति में धकेल दिया। कोर्ट ने इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार पर एक लाख रुपये का हर्जाना लगाया और स्पष्ट निर्देश दिया कि यह राशि सीधे मुख्तार अहमद को मुआवजे के रूप में दी जाए। यह निर्णय उन सैकड़ों मामलों के लिए भी संकेत है, जहां सरकारी आदेशों के अनुपालन में वर्षों लग जाते हैं और कर्मचारी अपनी जिंदगीभर की मेहनत का फल देखने से पहले ही संसार छोड़ देते हैं।

# फिर मिला रेलवे ट्रैक पर नवयुवक का शव

**जगदीशपुर अमेठी।** एक दिन पूर्व रेलवे ट्रैक पर मिले नवयुवक के शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेजकर चौन की सांस लिया था लेकिन आज दूसरे दिन पुनः फिर दूसरे नवयुवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिलने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर के पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बड़ागांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पड़े युवक का शव देख आस पास के लोगो में सनसनी फ़ैल गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त सुरजीत कोरी निवासी नारा अढन पुर के रुप मे की।

# छोटे भाई को बचाने उतरे बड़े भाई की मौत

### अमेठी के सिन्दूरवा गांव में कुएं में गिरी बकरी को निकालते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद अमेठी के कमरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिन्दूरवा गांव में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां छोटे भाई को बचाने के प्रयास में बड़े भाई की जान चली गई।

इस हादसे ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पूरे छिटई मजरे में स्थित एक पुराने कुएं में एक बकरी का बच्चा गिर गया। उसे बचाने के लिए 17 वर्षीय फरहान कुएं में उतर गया, लेकिन कुएं में ऑक्सीजन की कमी के कारण वह बेहोश हो गया।भाई को बेसुध देखकर 25 वर्षीय मोहम्मद आमिर, जो फरहान का बड़ा भाई था, तुरंत उसे बचाने के लिए कुएं में कूद पड़ा। दुर्भाग्यवश वह भी कुछ ही देर में बेहोश हो गया। घटना की सूचना पाकर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कमरौली थाना प्रभारी मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि कुआं लगभग 40 फीट गहरा है और उसमें पानी नहीं था, लेकिन ऑक्सीजन की भारी कमी थी।फायर ब्रिगेड की टीम ने अथक प्रयास से दोनों भाइयों को बाहर निकाला और उन्हें ट्रामा सेंटर, जगदीशपुर भिजवाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद मोहम्मद आमिर को मृत घोषित कर दिया, जबकि फरहान की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में गहरा शोक व्याप्त है। मोहम्मद आमिर की मौत की खबर सुनकर गांव के लोग स्तब्ध रह गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले में विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुराने कुओं को खुला छोड़ देना बेहद खतरनाक है। यदि कुएं को सुरक्षित किया गया होता, तो यह हादसा टाला जा सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से खुले कुओं को कवर कराने की मांग की है।

# चोरी के सोलर पैनल के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** सन्दना थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की इस दौरान पुलिस ने सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गड़िया हसनपुर निवासी सरमीन पुत्र वकील सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शमशाबाद निवासी आशीष पुत्र शिवदत्त सिंह, महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर निवासी दानिश पुत्र असलम, देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर निवासी धनपाल पुत्र रामऔतार, सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सदरापुर निवासी आकाश पुत्र लालजी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 14 सोलर पैनल 550 वॉट, टैम्पो लोडर बरामद किया है।

# सीमा पर तैनात जवानों को भेजी गई राखियां




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कसमंडा क्षेत्र के पारवती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं ने प्रेरणादाई कार्य किया है। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के लिए राखिया भेजी हैं।

विद्यालय की छात्रा बहनों के द्वारा विगत कई वर्षो से सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए राखियां भेजी जाती हैं। शिक्षक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समन्वयक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा देश की सेवा में समर्पित देश रक्षक जो सब कुछ त्याग कर अपने परिवार को छोड़कर घर से दूर सीमा पर तैनात देश के नागरिकों की सुरक्षा करते हैं। विद्यालय की छात्राओं के द्वारा बनाई गई हर एक राखी एक बहन के दिल की आवाज बनकर वीर सैनिको को तक पहुंचेगी। यह संदेश लेकर कि वह केवल वर्दी धारी नहीं बल्कि हर घर के बेटे और हर बहन के भाई हैं। उन्होंने बताया छात्राओं ने अपने पास से रुपए आपस मे एकत्रित किया और फिर राखी बनाने की सामग्री लायी और बहुत ही उत्साह भरे मन से उन राखियो को बनाया। डाकघर के माध्यम से रक्षा मंत्रालय भारत सरकार को सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए राखियां भेजी हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह, शिक्षक गिरिराज यादव, इको क्लब की प्रधानमंत्री वर्षा, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री तनुजा, सुरेखा, आफरीन, रेशमा, मानसी, काजल, उषा माही, नेहा, लक्ष्मी तिवारी, दिव्या सहित विद्यालय की छात्रा बहने एवं शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास की पहली किस्त मिलते ही महिला प्रेमी के संग फरार

### रेभा गांव की उतरा कुमारी बच्चों समेत लापता, ग्रामीणों में नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद अमेठी के रेभा गांव से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पहली किस्त के रूप में 40,000 रुपये प्राप्त करने के तुरंत बाद एक महिला प्रेमी संग बच्चों सहित फरार हो गई।

इस घटना ने ग्रामीणों और प्रशासन को चौंका दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला का नाम उतरा कुमारी है, जिसके पति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। उसने विधवा लाभ के आधार पर पीएम आवास योजना में आवेदन किया था और हाल ही में पहली किस्त प्राप्त हुई थी। महिला के साथ उसके तीन नाबालिग बच्चे भी गायब हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि महिला के गांव के ही एक युवक से लंबे समय से प्रेम संबंध थे और जैसे ही राशि खाते में आई, वह उसी के साथ गांव छोड़कर चली गई।घटना के बाद गांव में नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का इस प्रकार दुरुपयोग निंदनीय है, और ऐसे मामलों से जरूरतमंदों का भरोसा भी टूटता है।विकास खंड अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला को नोटिस जारी किया है और जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि राशि के दुरुपयोग और धोखाधड़ी का मामला है या नहीं।सूत्रों के अनुसार, यदि यह पुष्टि हो जाती है कि योजना का उद्देश्य धोखे से प्राप्त कर महिला भागी है, तो मामला एफआईआर तक जा सकता है। वहीं, बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसान के घर से साढ़े तीन लाख की चोरी

## घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अज्ञात चोरों द्वारा घर की खिड़की तोड़कर वहां रखी नगदी सहित सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी में लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।पीड़ित द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर दो में स्थित गांव शाहपुर उर्फ भूतखदेड़ी में बेगराम पुत्र रामफल अपनी पत्नी मुन्नी व बेटी के साथ रहते हैं।बुधवार को वह अपने परिवार के साथ सुबह ही घर का ताला लगाकर अपने बाग में आम तुड़वाने चले गये थे। देर शाम जब वह अपने परिवार के साथ घर को लौटे तो घर में सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गये। आम की फसल के घर में रखे एक लाख साढ़े 22 हजार रुपए, तीन सोने के आभूषण एवं पांच चांदी के आभूषण गायब थे। पीड़ित के अनुसार चोरी में कुल साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित द्वारा चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। वहीं दिनदहाड़े गांव में चोरी होने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। पीड़ित के द्वारा चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया है। और जांच पड़ताल में लगी है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मामला संदिग्ध है।

# जाहरवीर मेले में भक्तों ने चढ़ाया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बाबा जाहरवीर की याद में छड़ी मेले का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन व घरेलू सामान की खरीदारी की। बच्चों ने झूले आदि का आनंद लिया।

कोतवाली क्षेत्र गांव मनौटा में बाबा जाहरवीर की याद में छड़ी मेला लगाया गया। मेले में आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचकर मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया। मेले में कल्कि धाम पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्ण ने पहुंचकर भजन कीर्तन में भाग लिया। छड़ी मेले में श्रद्धालुओं का जनसेलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धांलुओं ने जाहरवीर मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हुए आशीर्वाद लिया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धांलुओं द्वारा लगाये जा रहे जाहरवीर के जयकारों एंव ढोल की आवाज से मेला क्षेत्र गूंज उठा। गोगा



जाहरवीर मेले में दूर दराज से आये ग्रामीणों ने प्रसाद चढ़ाया। मेला स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। जाहरवीर गोगा जी का यह वार्षिक धार्मिक मेला है जो उनकी याद में लगाया जाता है। मान्यता है इस मेले में भक्त बाबा जाहरवीर गोगा की पूजा करते हैं। ऐसा करने से उनकी मनोकामना पूरी होती है।

# संसाधन केन्द्रों पर किसानों का हो रहा उत्पीड़न

## वीडियो वायरल से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। यूरिया खाद लेने के लिए किसानों द्वारा दिये गये कागजों को संबंधित कर्मचारियों ने कूड़े के ढेर में फेंक दिया। वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौला में कंड़वा बहुउद्देशीय प्राथामक ग्रामीण साधन सहकारी समिति का कार्यालय है। इस समय यूरिया खाद लेने के लिए किसानों में मारामारी मची हुई है। साधन सहकारी समिति पर किसानों का आधार कार्ड जमीन की फर्द आदि ली जाती है। उसके बाद किसानों को यूरिया खाद का वितरण किया जाता है। गुरुवार को किसानों द्वारा साधन समिति कार्यालय में जमा किये गये कागजों को कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया। किसी व्यक्ति ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। समिति में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा जमकर लापरवाही की जा रही है। जहां किसान यूरिया खाद लेने के लिए संघर्ष कर रहे है। वही यह अधिकारी पूरी मौज मस्ती करने में लगे हुए हैं। लापरवाह अधिकारी ट्रक दे रहे हैं कि किसानों ने इन कागजों को स्वयं फेंका है।

# सात अगस्त को कलेक्ट्रेट घेरेगी भाकियू शंकर

## बकाया गन्ना भुगतान ब्याज सहित दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। भारतीय किसान यूनियन शंकर ने गुरुवार को सचिवालय भवन डिडौली में जनजागरण महाप. ंचायत का आयोजन किया। पंचायत की अध्यक्षता नरेश भगत व संचालन महिपाल प्रधान ने किया। महापंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि किसान समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्य गंगा नहर फेस-2 में पानी छोड़ा जाए, जंगली जानवरों व चोरियों से किसानों को निजात मिले, बैंकों की मनमानी पर रोक लगे और केसीसी खातों में पारदर्शिता लाई जाए। उन्होंने नकली खाद-बीज और महंगे कीटनाशकों पर कार्रवाई, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, डिडौली में 132 केवी विद्युत स्टेशन की स्थापना तथा गजरौला की फैक्ट्रियों से प्रदूषण पर रोक लगाने की भी मांग की। वेव शुगर मिल पर किसानों का 55 करोड़ से अधिक बकाया भुगतान रोकने का आरोप लगाते हुए कहा गया कि गन्ना मूल्य ब्याज सहित दिलाया जाए। भाकियू (शंकर) ने चेतावनी दी कि यदि 6 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 7 अगस्त को अमरोहा कलेक्ट्रेट का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पंचायत में चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी नेपाल सिंह, राकेश रतनपुर, विक्रम पवार, अशोक चौधरी, बबीता रानी, सुभाष जाटव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे

# अफवाहों का खात्मा करने के लिए उतरे अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत व प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आम जनता के साथ बैठकें की है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ड्रोन से संबंधित सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही अफवाहों के बारे में लोगों को जागरूक करना था।

बुधवार देर रात शाहपुर कला, मंगरौली, मांगरोला और रुस्तमपुर गांवों में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनसे अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने स्पष्ट किया कि ड्रोन से संबंधित कई प्रकार की भ्रामक और असत्य जानकारी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फैलाई जा रही हैं। उन्होंने जनता से ऐसे किसी भी फर्जी या अफवाहयुक्त संदेश को न तो साझा करने और न ही उन पर विश्वास करने का आग्रह किया। इन बैठकों के दौरान पुलिस अधिकारियों ने गांवों में ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन भी किया। जिनमें 20 से 25 युवा सदस्य होंगे। यह पहल अफवाहों पर अंकुश लगाने और सामुदायिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए की गई है।

# ईओ ने किया गौशाला का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा का एक्शन मोड इन दिनों चर्चा में है। शनिवार को उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के कान्हा गौशाला और नगर के वार्ड संख्या छह और बीस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। कान्हा गौशाला पहुंचकर ईओ अवधेश वर्मा ने सबसे पहले गोवंश के लिए उपलब्ध चारा, भूसा, पानी और शेड व्यवस्था की जांच की। उन्होंने गोसेवकों से नियमित देखभाल की रिपोर्ट ली और साफ-सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला सिर्फ भवन नहीं, बल्कि सेवा और संवे. दना का केंद्र है, यहां किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हर संवेदनशील गांवों में लगेंगी राहत चौपालें

## बाढ़ से पहले अधिकारी अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बाढ़ की संभावित परिस्थितियों से पहले ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर जिले के सभी बाढ़ संवे. दनशील गांवों में अब "राहत चौपाल" आयोजित की जाएंगी। इन चौपालों का मकसद है कि ग्रामीणों को जागरूक करना, विभागीय समन्वय मजबूत करना और समय रहते हर आवश्यक इंतजाम कर लेना। चौपालों में ग्राम प्रधानों से लेकर राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, पशुपालन, पंचायती राज, बाल विकास, शिक्षा, ऊर्जा, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, कृषि सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि चौपालें सिर्फ औपचारिकता नहीं होंगी, बल्कि ये गांव-गांव जाकर मजरे स्तर तक होंगी। गांववालों को यह बताया जाएगा कि किसी आपदा के समय वे किस अधिकारी से संपर्क करें, साथ ही बाढ़ राहत चौकियों, राहत शिविरों और आपदा कंट्रोल रूम की पूरी जानकारी भी दी जाएगी। चौपालों में ग्रामीणों को संभावित आपदाओं जैसे बाढ़, वज्रपात, सर्पदंश और डूबने से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। लेखपाल अपने क्षेत्र के राहत शिविरों की जानकारी देंगे। साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1070 और अमरोहा कंट्रोल रूम नंबर 05922-252100 का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# कब्रिस्तान पर बन रही दुकानों को किया सील

## विनियमित क्षेत्र ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण किये गये भवन को उपजिलाधिकारी के आदेश पर सील कर दिया गया है।

शहर के मोहल्ला नल सराय कोहना दुल्हन वेंकट हॉल के सामने स्थित भूखंड पर राजस्व निरीक्षण की आख्यानुसार 160 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कारण अनाधिकृत रूप से भूमि पर व्यवसाय दुकान के प्रयोजन के लिए अवैध भवन का निर्माण कार्य किया गया था। इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई थी। उपजिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार रूपक सक्सैना राजस्व निरीक्षक चंद्रपाल सिंह ने पुलिस बल की मौजूदगी में भूमि पर किये गये अवैध निर्माण को सील कर दिया है। अवैध रूप से किये गये निर्माण पर शहर के लोगों की नजर गढ़ी हुई थी। कुछ दिन पूर्व इस मामले की शिकायत



सुभासपा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से की थी। जिलाध्यक्ष का दावा है कि उनकी शिकायत के बाद ही प्रशासन बैकफुट पर आया तथा आज कार्रवाई की गयी।

# विवाहिता सम्पत्तियों का नहीं होगा नामांतरण

## अधिशासी अधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पालिका क्षेत्र में न्यायालय में चल रहे विवादित भूमि का नामांतरण नहीं किया जायेगा। इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये है।

गुरुवार को अमरोहा नगर पालि. का परिषद अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि न्यायालयों में विचाराधीन भूमि का नामांतरण नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि धारा 147 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार केवल भवन या भूमि पर संपत्ति करो की प्राप्ति का नोटिस जारी किया जाता है। नामांतरण प्रक्रिया एक सरसरी प्रक्रिया जिसका उद्देश्य मात्र नगर पालिका के करो संबंधी देयकों की वसूली तक सीमित है। उत्तर प्रदेश जनित गारंटी अधिनियम 2011 के नियमों के अनुसार स्थानीय निकायों में केवल अभिवादित संपत्तियों के नामांतरण की व्यवस्था दी गई है। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि न्यायालय में विचाराधीन किसी भी संपत्ति का नामांतरण नहीं किया जायेग

# नाबालिग छात्रा को भगा ले गया युवक

## परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के एक शांत मोहल्ले में उस समय अफरातफरी मच गई जब कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को देर रात एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, जबकि पीड़िता के परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार, बुधवार की रात लगभग 10 बजे के बाद किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो घरवालों ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थक-हारकर परिजन थाने पहुंचे और मोहल्ले के ही एक युवक पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है और मोबाइल सर्विलांस व अन्य तकनीकी संसाधनों की मदद ली जा रही है। किशोरी की मां का कहना है कि उनकी बेटी पढ़ाई में होशियार थी और किसी से ज्यादा मेलजोल नहीं रखती थी। हम सिर्फ यही चाहते हैं कि हमारी बेटी सुरक्षित वापस आ जाए. थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद से मोहल्ले में चर्चा का माहौल है और स्थानीय लोग भी इस घटना से सकते में हैं। कई लोगों ने किशोरी की जल्द बरामदगी की मांग करते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

### नगर में 15 अगस्त को निकलेगी चेहल्लुम का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। मोहर्रम के जुलूसों का संचालन करने के लिए डीएम स्तर से गठित छह सदस्यीय कमेटी ने चेहलुम पर निकलने वाले जुलूसों के मद्देनजर भी बीते साल की तरह सुविधाओं की मांग की है। समय से पूर्व व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को मांग पत्र भेजा गया है। कमेटी में शामिल जिया एजाज नकवी, कासिम जैदी, लियाकत अमरो. हवी, बाकर रजा, नदीम नकवी व शहजाद रजा ने अवगत कराया है कि शहर में इमाम हुसैन व कर्बला के अन्य शहीदों के चेहलुम से जुड़े आयोजन 14 व 15 अगस्त में होंगे। शहर में जगह-जगह ताबूत बरामद किए जाएंगे। 14 अगस्त की शाम में मजलिस के बाद मोहल्ला दानिशमंदान स्थित इमामबाड़ा अकबर अली में आग का मातम होगा। वहीं, 15 अगस्त को शहर में चेहलुम का जुलूस निकलेगा। मेन बाजार के अलावा नौबतखाना चौराहे पर अजादारों द्वारा जंजीर का मातम किया जाएगा।

# जाग होने पर दीवार फांदकर भाग चोर

## दहशत में रातभर जागते रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। घर के अंदर बरामदे में मौजूद एक किसान को एक संदिग्ध युवक घूमता हुआ दिखाई दिया। इस दौरान किसान ने शोर किया तो वह भागने में कामयाब हो गया। इसके बाद पूरे गांव में चोर का शोर मच गया। दहशत के चलते रात भर ग्रामीण जागते रहे।

गांव में इस समय चोर और ड्रोन की अफवाहें चल रही है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के गांव पीठखेड़ा में एक चोर के घर में घुसने से ग्रामीण रात भर जागते रहे। गांव निवासी किसान मदन सिंह के घर में बुधवार बीती रात करीब 12 बजे एक संदिग्ध चोर दीवार के सहारे घर में घुस गया। जिसके बाद वह बरामदे में इधर उधर घूम रहा था इसी बीच आहट होने पर किसान मदन सिंह का परिवार जाग गया। अंधेरे में चोर को देख उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया इससे घर के अन्य सदस्य भी जाग गए। जब उन्होंने चोर को पकड़ने का प्रयास किया तो वह दीवार फांदकर तालाब की ओर भाग गया। शोर शराबा होने पर आस पड़ोस और मोहल्ले के लोग भी घरों से बाहर निकल आए। पूरे गांव में चोर घुसने का शोर होने लगा। ग्रामीण चोर घुसे होने की दहशत के चलते रात भर चैन से सो नहीं सके।

# कांवड़ मार्ग पर खुली मीट की दुकान सील

## मीट विक्रेता को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुली मीट की दुकान को सील कर दिया गया है। खाद्य विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। विभाग की ओर से मीट विक्रेता को नोटिस जारी किया गया है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में कांठ रोड का है। श्रावण मास के चलते जिले में मीट की बिक्री पूर्णतः बंद है। बावजूद इसके शहर निवासी मीट कारोबा. री मोहम्मद फारुक देहात थाना क्षेत्र के गांव लालू नंगला में दुकान खोलकर खुलेआम मीट बेच रहा था। कांवड़ यात्रा मार्ग पर मीट बिक्री की सूचना मिलते ही खाद्य विभाग की टीम पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गई तथा दुकान को सील कर दिया। वहीं, छापामारी की भनक लगने पर मीट कारोबा. री मोहम्मद फारुक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। मामले में खाद्य विभाग की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी

# आरटीआई का मनमाना जवाब दे रहे अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया की गुरुवार को हुई। बैठक में सरकारी विभागों द्वारा दी जा रहीं आधी-अधूरी सूचनाओं पर रोष जताया गया। जिलाध्यक्ष मनु शर्मा ने कहा कि सरकारी विभाग आरटीआई आवेदनों पर मनमाने जवाब देकर कानून को मजाक बना रहे हैं। जिस पर नियंत्रण और अंकुश लगाने की जरूरत है। लगभग 20 साल पहले सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार और मनमानी को रोकने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम बनाया गया था। सरकारी विभागों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही को तय करना इसका उद्देश्य था। जिला महासचिव संजीव जिंदल एडवोकेट ने कहा कि यह कानून बहुत सशक्त एवं प्रभावी है। कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। भ्रष्ट अधिकारी आरटीआई आवेदनों पर गौर नहीं कर रहे बल्कि उनका मनमाना और भ्रमित करने वाला जवाब देकर समय नष्ट कर रहे हैं। इस दौरान जगदीश सिंह पाल, खुसरो नदीम, ईश्वर सिंह बॉबी, शैलेंद्र सिंह सोनू, मीनू यादव, शानू कुरैशी, महराज परवीन, नीलम सिंह, शाहरुख खान, आदि मौजूद रहे।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में हुआ वॉलीबॉल का उद्घाटन

**हापुड़**। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में श्सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल अंडर 14, 17 और 19 का शानदार उद्घाटन हुआ। पाँच दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 350 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं।




उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर मौजूद रहे। उनके साथ जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, बीएसए डा. रितु तोमर, भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान अलाउद्दीन चौधरी और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति भी शामिल थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और मार्च पास्ट में सभी 350 टीमों ने गर्व के साथ हिस्सा लिया। स्कूल के चेयरमैन राकेश सिंघल और प्रबंध निद. शक डा. आयुष सिंघल ने सभी टीमों का स्वागत किया। ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे खेल भावना के साथ निष्पक्ष खेल खेलें और जीत के बजाय भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करें। इसके बाद गणमान्य व्यक्तियों ने गेंद की सर्विस करके टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत की। टूर्नामेंट के पहले दिन कई रोमांचक मुक. ाबले देखने को मिले। अंडर-14 वर्ग में एसआर इंटरनेशनल बरेली ने एस्टर पब्लिक स्कूल नोएडा एक्सटेंशन को हराया। अंडर-17 वर्ग में डीपीएस वसुंधरा ने दर्शन अकादमी मेरठ को, जबकि सिटी कॉन्वेंट खटीमा ने आरपीएम स्कूल हाथरस को मात दी।

# मर्चेन्ट नेवी कर्मी पर जानलेवा हमला

## पानी की छींटे उड़ाने को लेकर हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पानी की छींट उड़ाने को लेकर हुए विवाद में मर्चेंट नेवी कर्मी पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

संभल जिले के एचौड़ा थाना क्षेत्र के गांव मथाना निवासी पुनीत कुमार मर्चेंट नेवी में कर्मी है। फिलहाल तैनाती रांची में चल रही है। गुरुवार दोपहर वह बाइक पर सवार होकर गजरौला से मुरादाबाद जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक हाईवे स्थित गांव चौधरपुर में पहुंचे तो पीछे से आ रहे बाइक सवार अहमद अली निवासी नगला जहानु कुरेब थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर की बाइक हाईवे पर भरे पानी से गुजरी। रफ्तार तेज होने के कारण पानी की छींटे पुनित कुमार पर पड़ गईं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जमकर मारपीट हुई। पुनीत की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी अहमद अली को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पुनीत मर्चेंट नेवी में है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# जनसुनवाई, जवाबदेही को बनाएं कार्यसंस्कृति का हिस्सा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण को लेकर विभाग और अभियंताओं के बीच चले आ रहे गतिरोध के बीच ऊर्जा मंत्री ए के- शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यवाही ऊर्जा विभाग की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपने-अपने जनपदों में जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद बनाएं रखें। साथ ही स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से हल करें।



श्री शर्मा ने प्रदेश के सभी जनपदों के विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लापरवाही, टालमटोल या जन समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हर उपभोक्ता को 24ग7 बेहतर बिजली सेवा मिले और किसी भी तरह की शिकायत का समाधान तय समय में हो। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में प्रदेश में रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिसे बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सक्रियता और पारदर्शिता आवश्यक है। जिला स्तर पर टोल फी नंबर, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल तथा अन्य जनसंपर्क माध्यमों के जरिए आने वाली सभी शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाए। अधिकारी नियमित फील्ड विजिट करें ताकि उपभोक्ताओं को जमीनी स्तर पर राहत मिल सके। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य न करने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और तत्परता ही जनता के विश्वास को बनाए रख सकती है।

## अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाना होगा: अरविंद कुमार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरलवद कुमार शर्मा ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि ऊर्जा विभाग के कार्यों को जनता के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए डिस्कॉम तथा क्षेत्रीय अधिकारियों को हमेशा तत्पर रहना होगा। शर्मा ने कहा है कि कुछ ही समय के बिजली बिल के छोटे-छोटे बकाया होने पर या उपभोक्ता द्वारा तुरंत बिल जमा करने की तैयारी बताने पर भी कनेक्शन काट दिया जा रहा है। ऐसा करने वाले बिजली कर्मियों पर कार्यवाही की जाएगी। कुछ लोगों का बिल बकाया होने पर पूरे फीडर या गांव की लाइन नहीं काटी जाय। उसमें आने वाले उन उपभोक्ताओं की क्या गलती है जो समय से बिल भर रहे हैं। जो बकायेदार हैं उनके सामने अलग से कार्यवाही की जाय। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऐसे फीडर पर जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदलना या उच्चीकरण नहीं करना भी न्यायसंगत नहीं है। ट्रांसफार्मर बदलना और राजस्व वसूल करना दोनों प्रक्रिया अलग-अलग की जायें। उन्होंने कहा है कि कई बार फीडर और ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने और बार-बार बिजली ट्रिप होने या लो वोल्टेज होने के बावजूद ट्रांसफार्मर का उच्चीकरण यूं कहकर नहीं हो रहा कि ऑफिसियल लोड ज़ड़ादा नहीं है। या उस पर लाईन लॉस ज़ड़ादा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि बिजली चोरी रोकना हमारी प्राथमिकता है लेकिन उसके लिए अलग कार्यवाही की जाए।

## सात वर्षीय बच्ची का नेफ्यूरेटरेक्टॉमी के जरिये डॉक्टरों ने बनाया यूरिन का रास्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के विशेषज्ञों ने एक सात वर्षीय बच्ची का नेफ्यूरेटरेक्टॉमी के जरिये यूरिन का रास्ता बना कर उसे नया जीवन दिया है। इससे पूर्व जन्म के बाद से ही बच्ची को बच्चेदानी के जरिये पाखाना आने की शिकायत थी।

जिसका ऑपरेशन 2017 में डॉक्टरों ने किया था। हैदरगढ़ बारा. बंकी निवासी प्रेम मिश्राबकी सात वर्षीय बच्ची आंशिका को जन्म से ही बच्ची को लगातार मूत्र टपकने की शिकायत थी। जिसको स्थानीय स्तर पर परिजनों ने कई डॉक्टरों को दिखाया। स्थानीय स्तर पर कोई फायदा न होता देख परिजन बच्ची को लेकर केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की ओपीडी में पहुंचे। विभाग प्रमुख डॉ जेडी रावत ने बच्ची को देख कर आवश्यक जांच कराई। जांच रिपोर्ट में पता चला कि अल्ट्रासाउंड और न्यूक्लियर स्कैन में बाईं ओर का गुर्दा अत्यंत छोटा और कार्य नहीं कर पाने वाला पाया गया, जबकि दायां गुर्दा सामान्य था। साथ ही, बच्ची को दीर्घकालिक उच्च रक्तचाप था, जो औषधियों से नियंत्रित नहीं हो रहा था। इसलिए इसका आपरेशन करने की योजना बनायी गई। जिसके बाद विभाग प्रमुख के निर्देशन में डॉक्टरों ने बीते सोमवार को दूरबीन विधि से बाईं ओर की नेफ्यूरेटरेक्टॉमी (गुर्दा व मूत्रनली को हटाने की शल्यक्रिया) की।

## यूपी में कालाजार तीन जिलों तक सिमटा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कालाजार बीमारी अब सिमट कर महज तीन जिलों में रह गई है। इन जिलों में भी कालाजार की रिपोर्ट अपेक्षाकृत काफी कम हुई हैं। जनवरी से अब तक सिर्फ सात रिपोर्ट दर्ज की गई है। राजधानी में बीते साल एक नेपाली युवक के कालाजार से पीप्ति होने की पुष्टि हुई थी। नेपाल बार्डर से सटे जिलों में पाई जाने वाली यह बीमारी वर्तमान में देवरिया, कुशीनगर, बलिया तक सिमट कर रह गई है,

जबकि इससे पूर्व प्रदेश के कुल छह जिले कुशीनगर, देवरिया, बलिया, बनारस, गाजीपुर और भदोही प्रभावित थे। संयुक्त निद. ेशक (कालाजार) डा. एके चौधरी ने बताया कि प्रदेश में प्रति 10 हजार की आबादी पर एक केस होने की वजह से वर्ष 2019 में कालाजार बीमारी को खत्म मान लिया गया है। डब्ल्यूएचओ के मानक के अनुसार एक ब्लॉक में दस हजार की आबादी पर प्रति वर्ष एक मरीज मिलता है तो इसे उन्मूलन की श्रेणी में मान लिया जाता है। अभी तक प्रदेश में मानक से कम मरीज मिल रहे हैं। ऐसे में यह बीमारी उन्मूलन की श्रेणी में आती है। वही वर्ष 2024 में देवरिया में एक, कुशीनगर में सात और बलिया में दो मरीज पाए गए थे। डॉ चौधरी ने बताया कि मरीजों की मानक से कम संख्या मिलने पर इस बीमारी को उन्मूलन की श्रेणी में डाला गया है।

## महोबा में महिला का शव मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र में गुरूवार को पुलिस ने एक महिला का क्षत विक्षत शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि रावतपुरा खुर्द गांव में कल्लू प्रजापति के मकान से दुर्गन्ध आने की ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पष्ताल की, तो उसकी पत्नी 47 वर्षीय शान्ति देवी का शव घर के भीतर कमरे में पघ पाया गया। उन्होने बताया कि शान्ति देवी घर में अकेली रहती थी। उसके पति कल्लू की मौत करीब दस वर्ष पहले हो गई थी। मृतका के दो बेटे अजय और विजय मजदूरी के लिए ईंट भठों में काम करते हैं।

## 2025-26 में यूपी कौशल विकास मिशन ने किया रिकॉर्ड लक्ष्य आवंटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को हुनरमंद और रोजगारोन्मुख बनाने के लक्ष्य के साथ लगातार नीतिगत सुधार कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य आवंटन किया गया है।

इस बार लक्ष्य निर्धारण की प्रक्रिया को पहले से ज्यादा वैज्ञानिक और तकनीकी आधारित बनाया गया है। प्रमुख सचिव और मिशन निदेशक के मार्गदर्शन में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए जनपदों की औद्योगिक मांग, उपलब्ध संसाधनों, सेवायोजन क्षमता और पूर्व उपलब्धियों का गहराई से विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर जनपदवार प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य प्रदान किए गए।

इस बार हर प्रशिक्षण प्रदाता को अधिकतम पांच जनपदों तक सीमित किया गया है, ताकि कुछ संस्थानों का वर्चस्व न रहे और क्षेत्रीय संतुलन बना रहे। आकांक्षी जनपदों और ब्लॉकों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें शत प्रतिशत प्रशिक्षण केंद्रों से आच्छादित किया गया है। जहां पिछले वर्ष आवासीय प्रशिक्षण मात्र एक प्रतिशत था, उसे बढ़ाकर 36 प्रतिशत कर दिया गया है क्योंकि ऐसे प्रशिक्षण में छात्रों की उपस्थिति और गुणवत्ता बेहतर देखी गई है। वहीं, औद्योगिक इकाइयों की भागीदारी को तीन प्रतिशत से बढ़ाकर 47 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण और बेहतर सेवायोजन सुनिश्चित हो सके। पहली बार इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से प्रदेश में स्थापित होने वाली बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं की भविष्य की मांग का आकलन कर लक्ष्य तय किए गए हैं। इससे समय पर कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा। जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) की मदद से सेवायोजन क्षमता और रोजगार की आवश्यकताओं का भी विश्लेषण कराया गया।

### एक नजर

## सीएचसी में गलत इंजेक्शन से महिला की मौत का आरोप

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदावल में एक वृद्ध महिला मरीज को कथित रूप से गलत इंजेक्शन लगाने से मौत का आरोप मृतका के परिजनों ने लगाया है। मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा निवासी राजन उपाध्याय का आरोप है कि वह गुरुवार की सुबह 10 बजे अपनी माता मंदोदरी देवी को शुगर और बुखार के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल लाए थे। सबसे पहले डॉक्टर आरके अग्रहरि ने जांच की। जांच में शुगर 290 और ब्लड प्रेशर 160/114 पाया गया। इसके बाद डॉ- आईडी गौरव ने किसी अन्य व्यक्ति से मरीज का ब्लड प्रेशर नपवाया। उन्होंने बाहरी दवाइयां लिख दीं। राजन का आरोप है कि दवा लेने के बाद उनकी मां की हालत बिगड़ने लगी। वह किसी काम से अस्पताल से बाहर गए। जब वापस आए तो उनकी मां की मृत्यु हो चुकी थी। राजन ने आरोप लगाया कि डॉक्टर आईडी गौरव की लापरवाही से उनकी मां की जान गई है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके बाहर जाने के बाद डॉक्टर ने चुपके से मरीज के मरने के बाद पर्चे पर रेफर लिख दिया। घटना की जानकारी के बाद विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी व सीओ में. हदावल मौके पर पहुंचे। सीएचसी मेंहदावल के अधीक्षक डॉक्टर आईडी गौरव ने कहा कि परिजन मरीज को लेकर आए थे, उन्होने प्रारंभिक इलाज किया। उसके बाद स्थिति गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। अभी वही एम्बुलेंस से ले ही जा रहे थे कि उनकी मौत हो गई। सीओ मेंहदावल सर्व दवन सिंह ने यहां बताया कि मृतका के पुत्र ने मेंहदावल थाने में तहरीर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है।

## योगी के नेतृत्व में विकास की नई परिभाषा गढ़ रहा लखनऊ: राजेश्वर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में लखनऊ विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। श्री राजेश्वर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बुधवार देर रात लिखा कि श्रद्धेय योगी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में लखनऊ, संरचनात्मक विकास और समग्र जनकल्याण की एक नई परिभाषा लिख रहा है। आज यशस्वी मुख्यमंत्री परम आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित लखनऊ मंडल की समीक्षा बैठक में सहभागिता की। बैठक के दौरान लखनऊ के सर्वांगीण विकास से संबंधित विविध विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। लखनऊ और विशेष रूप से सरोजनीनगर के लिए यह गौरव का क्षण है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सरोजनीनगर में फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज , प्रमुख जिला सड़कें, दीर्घ सेतु और लघु सेतु जैसे 101 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर संभावनात्मक विमर्श भी किया गया। सरोजनीनगर के सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर को समर्पित इस अनुग्रह के लिए, सरोजनीनगर परिवार श्रद्धेय मुख्यमंत्री जी के प्रति कृतज्ञ और हृदय से आभारी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने बुधवार देर शाम को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर लखनऊ मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक की थी जिसमें मुख्यमंत्री ने विकास परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया था।

## अयोध्या में यूरिया के लिए किसान परेशान

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में यूरिया खाद की किल्लत बढ़ती जा रही है। खाद की दुकानों एवं सहकारी समितियो पर किसानों की लंबी लाइन देखी जा सकती है। धान की रोपाई समाप्त हो जाने के बाद अब खेतों में यूरिया खाद डालने का समय आ गया। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर रुदौली के बाबा बाजार में साधन सहकारी समिति गणेशपुर पर सुबह से ही खाद के लिए किसानों की लंबी कतार लगी हुई है। समिति के अध्यक्ष रोशन लाल गौतम ने बताया कि सुबह से ही किसान समिति पर इकठा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिक भीड़ होने के कारण कार्य करना मुश्किल हो रहा था। किसानों के बीच आपस में बहस-विवाद भी हुआ। इसकी सूचना बाबा बाजार थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद को दी गई। थाना प्रभारी ने हेड कांस्टेबल बैजनाथ यादव और कांस्टेबल शशि यादव को सुरक्षा के लिए साधन सहकारी समिति पर तैनात कर दिया है। समिति अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि सभी किसानों को खाद मुहैया कराई जाएगी। किसानों का कहना है कि खाद न मिलने से उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं।

## प्रधानमंत्री वाराणसी से जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे, जिससे देश भर के 9.5 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि श्री मोदी सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिकाधाम) में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा स्थल को 20 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है।

## उप्र में बीटेक में प्रवेश के लिए 33 हजार से ऊपर अभ्यर्थियों को सीट आवंटित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 750 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए शुरू हुई काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत जेईई की रैंक के आधार पर 33333 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई जबकि च्वाइस फीलिंग के दौरान 41951 अभ्यर्थियों ने सीटे लॉक की थी।



सीट कंफर्मेशन और ऑनलाइन विलिंगनेस फीज या फ्लोट 30 जुलाई से एक अगस्त तक होगा। विवि के प्रवक्ता पवन त्रिपाठी के मुताबिक विश्वविद्यालय परिसर में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में इस सत्र से बीटेक शुरू किया जा रहा है। इसमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इन एआई एंड एमएल, वीएलएसआई डिजाइन और मैकेनिकल एंड मेकाटॉनिक्स ब्रांच में 180 सीट है। जिसमें से पहले राउंड की काउंसलिंग में 171 सीटें आवंटित हो गई है।

इसी तरह सरकारी कॉलेजों में बीआइटी झांसी में 557, उत्तर प्रदेश टेक्ससाइल्स टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर में 244, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनउ में 606, केएनआईटी सुल्तानपुर में 487, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पेट टेक्नोलॉजी भदोही में 35, आरईसी बांदा में 187, आरईसी बिजनौर में 168, आरईसी आजमगघ में 119, आरईसी अम्बेडकरनगर में 166, आरईसी कन्नौज में 265, आरईसी मैनपुरी में 315, आरईसी सोनभद्र में 236, आरईसी बस्ती में 231, आरईसी गोण्डा में 180, आरईसी मिर्जापुर में 247 और आरईसी प्रतापगढ़ में 195 सीटें आवंटित की गई है।

## हत्या के आरोप में चार गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के केराकत कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने पांच नामजद बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि पसेवा गांव के चौहान बस्ती निवासी शमशेर चौहान (25) मुंबई में काम करता था और धान की खेती के लिए कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। उसकी बहन काजल चौहान इंटर की छात्रा है, पड़ोस के गांव का एक युवक शिवम सिंह अक्सर काजल को परेशान करता था। इसकी शिकायत जब शमशेर को मिली, तो उसने उस लड़के को डांटते हुए दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी थी।

## जालौन में यमुना उफान पर, 11 गांव प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन में गुरुवार को यमुना नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से उत्पन्न संभावित बाढ़ संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने प्रभावी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ- दुर्गेश कुमार और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने बाढ़ प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और मौके पर ही व्यवस्थाओं का मूल्यांकन कर आवश्यक निर्देश जारी किए। निरीक्षण दल ने कालपी, माधौगढ़ और जालौन तहसील के संवेदनशील गांवों नरोल, निनावली आदि का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें प्रशासनिक सहायता और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने रामपुरा (माधौगढ़) स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में संचालित राहत केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रशासन द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, 31 जुलाई को सुबह 8 बजे यमुना नदी का जलस्तर 109-130 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु 107 मीटर को पार कर चुका है और खतरे के बिंदु 108 मीटर के बेहद करीब है।

जलस्तर में और वृद्धि की आशंका को देखते हुए प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अब तक बाढ़ से जनपद के 11 गांव प्रभावित हुए हैं, जिनमें कालपी तहसील के पड़री, रायड़ दिवारा, गूढ़ा खास, उरकराकला, माधौगढ़ तहसील के निनावली जागीर, कुसेपुरा, किशनपुरा, डिकौली जागीर तथा जालौन तहसील के संकरपुर, भदेख और टिकरी शामिल हैं। इन गांवों के लगभग 1150 लोगों को प्रशासनिक राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। प्रशासन द्वारा 16 बाढ़ राहत केंद्र सक्रिय किए गए हैं, जहां आश्रय, भोजन, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए चारा, टीकाकरण और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। राहत और निकासी कार्यों के लिए जनपद में 36 छोटी नावें, 16 बड़ी नावें और 20 मोटरबोट तैनात की गई हैं। साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर सक्रिय है।

## कुशीनगर में चाकूबाजी, एक की मौत, एक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात डोल जुलूस के दौरान जटहां मोघ पर युवकों के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई।

युवकों के बीच तीन-चार दिनों से विवाद चल रहा था, वहीं देर रात तक मृतक के परिजन व शहर के लोग कोतवाली में जमे रहे। रात में ही पुलिस को मृतक के पिता ने नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तहरीर दे दी। मामले में पुलिस दो दर्जन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार पडरौना शहर के राधा कृष्ण कालोनी निवासी सुनील रावत एसपी आवास पर स्वीपर हैं। उनका बड़ा बेटा सागर (18) का कुछ दिनों से कई अन्य युवकों के बीच आपसी विवाद चल रहा था। तीन दिन पहले भी सागर के साथ विवाद की बात सामने आई थी।

नागपंचमी के अवसर पर पडरौना शहर के इंदिरा नगर कॉलोनी से निकले डोल जुलूस में ऑर्केस्ट्रा में फरमाइशी गीत बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकू से हमला कर दिया। एक ही पक्ष के सागर (18) के पेट और अंशुमान (17) की पीठ पर चाकू लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डोल जुलूस में भीघ इतनी थी कि किसी की नजर इस पर पघी ही नहीं। जुलूस जब कुछ दूरी तक आगे बघ तो सागर लहूलुहान होकर सघ्क पर अचेत पड़ा था। लोगों की सूचना पर आई पुलिस ने दोनों घायलों को रलवद्र नगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां पहुंचने के बाद बीती रात सागर की मौत हो गई। इस संबंध में सीओ सदर अजय कुमार सिंह ने बताया कि जंगल चौरिया और पडरौना शहर के इंदिरा नगर कॉलोनी के युवकों के बीच तीन-चार दिनों से विवाद चल रहा था।

मंगलवार को जुलूस में गाने की फरमाइश को लेकर बात बिगड़ गई। मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विवाद की असल जड़ को जानने के प्रयास किया जा रहा है।

## बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक की हत्या

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के केराकत कोतवाली क्षेत्र में बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने दबंगों ने एक युवक को गोली मार और चाकू से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार पसेवा गांव के चौहान बस्ती निवासी शमशेर चौहान (21) मुंबई में काम करता था और धान की खेती के लिए कुछ दिन पहले ही घर लौटा था।

उसकी बहन काजल चौहान इंटर की छात्रा है, पड़ोस के गांव का एक युवक अक्सर काजल को परेशान करता था। इसकी शिकायत जब शमशेर को मिली, तो उसने उस लड़के को डांटते हुए दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी थी। शमशेर का छोटा भाई सूरज चौहान गांव के सरकारी ट्यूबवेल पर पाइप डालने का कार्य कर रहा था। तभी चार युवक वहां पहुंचे और सूरज की पिटाई शुरू कर दी। जब शमशेर को इस बात की खबर हुई, तो वह दौड़ता हुआ भाई को बचाने पहुंचा। जैसे ही वह गांव के गोदाम के पास पहुंचा, हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ गोली चला दी और चाकुओं से हमला कर दिया। स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल शमशेर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

## बुंदेलखंड में मोटा अनाज के प्रोत्साहन को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में कम पानी में पैदा होने वाली फसल मिलेट्स यानी श्री अन्न (मोटा अनाज) को बघवा देने के लिए एडी चोटी का जोर लगाये हुये है मगर कृषि विभाग शासन की मंशा में पानी फेरता नजर आ रहा है।

विभाग ने मुफ्त में वितरित किये जाने वाले मिलेट्स बीज किट्स अभी तक 35 फीसदी किसानों को वितरित किये हैं। जिला कृषि अधिकारी डा-हरीशंकर ने गुरुवार को बताया कि सिंचाई की समस्या को देखते हुये करीब तीन सालों से सरकार बुंदेलखंड में ज्वार, बाजरा, सावा, कोदो रागी की फसलों को बघवा देने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाये हुये है ताकि बुंदेलखंड का किसान कम पानी की फसलो को बोयें व स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें। इसके लिए शासन ने किसानों को बीज आवंटित न कर मुफ्त बीज किट्स उपलब्ध कराये जिसमे ज्वार का 700 किट्स के सापेक्ष केवल 323, बाजरा का किट्स 181 किट्स की सापेक्ष केवल 63 किट्स बितरित किये गए है। इसी प्रकार सावा के 700 किट्स के सापेक्ष शासन से 500 किट्स आवंटित किये गए है जिसमे 255 किट्स ही वितरित किये गए है,इसी प्रकार कोदो के शासन ने 333 किट्स के सापेक्ष केवल तीस किट्स आवंटित किये गए है उसमे भी किसानों को केवल दस किट्स ही वितरित किये गए है। इसी प्रकार रागी के 90 किट्स के सापेक्ष 106 किट्स शासन ने आवंटित किये थे उसमे केवल 43 किट्स ही वितरित किये गए है यह किट्स बीज उत्तर प्रदेस बीज विकास निगम से आये कल्याण पुर, अतर्रा, उरई प्रक्षेत्र राठ से भेजे गए है। उन्होने कहा कि किट्स किसानों को मुफ्त में वितरित किये जाने थे। सभी किटों की तौल माप 68-42 कुंटल है जिसमे केवल 24 कुंटल ही वितरित हो पाया है। इधर खरीफ की फसल के बोने का समय भी निकलता जा रहा है जिससे किसानों के लिए ये किट्स बेकार सावित होगे। किसानों को मिलेट्स बीज न मिलने के कारण व श्री अन्न के महत्व को नही जान पा रहा है जबकि सरकार का मानना है कि बुंदेलखंड में श्री अन्न को बढावा देकर सिचाई व पैदावार में बढोत्तरी की जा सकती है। ग्रामीणों को जानकारी करने के लिए शासन ने किसान पाठशाला खोल रखे हैं। इसके अलावा तकनीकि सहायक व किसान सहायको की नियुक्त की गई है ताकि तकनीक सहायक हर गांव में कम से कम सप्ताह में एक बार जाकर किसानों को जागरुक करे और मिलेट्स बीज की तरफ किसानों का ध्यान आकर्षित करे। मगर किसानों को इसका रत्ती भर लाभ नही मिल पा रहा है। किसान रामनारायण ने बताया कि मिलेट्स बीज क्या है वह कुछ नही जानते है वह केवल अपने खेतो में ज्वार बाजरा की फसल जानवरों के चारे के लिए बोते है। इसका खाद्यान्य में कोई प्रयोग नही किया जाता है। किसान देवीचरन ने बताया कि वह श्री अन्न (मोटा अनाज) के बारे में पहली बार सुन रहा है जबकि जिले में रागी व सावा कोदो की फसल कोई किसान नही बोता है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-15-2025-26 |
| कार्य का नाम | "सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ रिप्लेसमेंट ऑफ शेल्फ टाइप रिले विथ प्लग-इन टाइप रिलेज इन लखनऊ एरिया ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थर्न रेलवेज" |
| अनुमानित लागत | रु0 92,75,430.38 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 1,85,500.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.08.2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

ठेकेदारो को ई-निविदा सिस्टम मे भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। निविदा सू0सं0-106-सिग-टेन्डर-15/2025-26 दिनांक 29.07.2025 2336/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# अनियंत्रित स्कूली वैन खाई में गिरी

## वैन में सवार 16 बच्चों की चीख-पुकार से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बच्चों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़ आखिर कब थमेगा? धामपुर में एक निजी स्कूल की लापरवाही और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण मासूमों की जान खतरे में पड़ गई। टी.सी.ए. कॉन्वेंट स्कूल की वैन, जो दोपहर 2:10 बजे के करीब छुट्टी के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी, वह ढक्का करमचंद से मिलक जहांगीराबाद रोड पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी।

इस वैन में 16 स्कूली छात्र सवार थे। वैन जैसे ही पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के चलते वह खाई में जा गिरी। बच्चों को खुली व गहरी चोटें आईं। कई बच्चों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। बच्चों की चीख-पुकार से गांव में अफरा-तफरी मच गई।



घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक मौके पर पहुंचे और अपने बच्चों को देखकर रो पड़े। कई बच्चे घबराहट और सदमे में थे। परिजन स्कूल प्रबंधन पर गुस्सा निकालते रहे। कुछ बच्चों को घायल अवस्था में बिना मेडिकल परीक्षण के परिजन घर ले गए।

### अभिभावकों की चिंता: हर दिन डर के साए में भेजते हैं बच्चों को

एक अभिभावक ने कहा, हम मजबूरी में बच्चों को इन खटारा गाड़ियों में भेजते हैं क्योंकि विकल्प नहीं है। लेकिन स्कूल वाले सिर्फ फीस लेना जानते हैं, सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी नहीं समझते। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बताया कि वैन चालक से पूछताछ की जा रही है और वाहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। परिवहन विभाग को भी जानकारी दे दी गई है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। अब जरूरी है कि सरकार और प्रशासन हादसे के बाद कार्रवाई की नीति छोड़कर रोकथाम पर ध्यान दें। निजी स्कूलों पर सख्त नियम लागू हों और किसी भी गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई हो। मासूम बच्चों की जान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता।

### पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे

**धामपुर।** ध्यान देने वाली बात यह है कि अभी कुछ दिनों पहले ही शेरकोट और अफजलगढ़ क्षेत्र में भी इसी प्रकार की वैन पलटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन और परिवहन विभाग की आंखें बंद हैं। अधिकांश निजी स्कूलों की वैनें ओवरलोड चलती हैं। ड्राइवर के पास उचित लाइसेंस नहीं होता। वाहन की फिटनेस, बीमा और सीट बेल्ट जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं नहीं होतीं। स्कूलों की निगरानी के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचता।

## बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर गृह विज्ञान का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गृह विज्ञान) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गृह विज्ञान) की छात्रा रचना ने (8.00 सी.जी.पी.ए.) प्रथम, इरफा नाज़ और उर्वशी चौधरी ने (7.52 सी.जी.पी.ए.) द्वितीय तथा मिस्बाह ने (7.24 सी.जी.पी.ए.) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गुलाब सिंह महाविद्यालय में शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न

### प्रो. दिनेश सिंह अध्यक्ष निर्वाचित



प्रो० दिनेश सिंह (अध्यक्ष) | सुरेन्द्र सिंह (उपाध्यक्ष) | मौहम्मद सुलेमान (सचिव) | डॉ० अमित कुमार (उपसचिव) | अरविन्द कुमार (कोषाध्यक्ष)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू (पी.जी.) महाविद्यालय में आज शिक्षक संघ का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने शिक्षक संघ की भूमिका, लोकतांत्रिक प्रक्रिया की महत्ता एवं पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ जो महाविद्यालय के प्राध्यापकों की एकता, समन्वय और परस्पर विश्वास का प्रतीक रहा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रो. दिनेश सिंह को अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, डॉ. मोहम्मद सुलेमान को सचिव, डॉ. अमित कुमार को उपसचिव तथा अरविंद कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक एवं मार्गदर्शक मंडल में प्रो. अशोक कुमार, प्रो. महिपाल सिंह, डॉ. जैनुल आबिदीन सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षकगण उपस्थित रहे। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि संघ शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा तथा अकादमिक गुणवत्ता के संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो. दिनेश सिंह ने कहा यह सम्मान मेरे लिए एक जिम्मेदारी है। हम सभी मिलकर शिक्षक हितों की रक्षा हेतु संघ को एक मजबूत मंच बनाने का प्रयास करेंगे। सचिव मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि संघ को पारदर्शी, सक्रिय और संवादधर्मी बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। हम शिक्षकों की आवाज को प्रभावशाली ढंग से संस्थागत मंचों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएँ दी गईं।

## एक नजर

### कुर्बानी के अवशेष का गड्ढा बंद कराया



**नांगल सोती।** ग्राम सराय आलम में बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी के बाद अवशेष दबाने के लिए कब्रिस्तान में खोदा गया गड्ढा दो माह बाद भी बंद नहीं कराया गया, जिससे दुर्गंध फैलने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर बृहस्पतिवार को प्रशासन ने गड्ढे को बंद कराया। बकरीद के मौके पर जानवरों की कुर्बानी के बाद अवशेष दबाने के लिए खोकर वाले तालाब के निकट कब्रिस्तान में प्रशासन ने गड्ढा खुदवाया था, अवशेष दबाने के बाद गड्ढे को बंद करना था, लेकिन दो माह बाद भी गड्ढे को बंद नहीं कराया गया। जिससे अवशेषों की दुर्गंध फैलने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। इससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई थी। ग्रामीणों मौहम्मद यूनुस, सरफराज, मुस्तकीम अहमद, मौहम्मद नासिर, इस्माइल, जमशाद, अख्तर मंसूरी, आदि का कहना है कि गड्ढा बंद करवाने के लिए कई बार ग्राम प्रधान और क्षेत्र के लेखपाल को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों की शिकायत पर बृहस्पतिवार को प्रशासन हरकत में आया और गड्ढे को बंद करवाया गया। उधर सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि गड्ढा बंद न होने की सूचना मिली थी, पुलिस को मौके पर भेजा गया है। तत्काल गड्ढे को बंद कराया जाएगा।

### गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा




**नांगल सोती।** ग्राम जीतपुर खास और हरचंदपुर में आए दिन गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत है। वानिकी विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए जीतपुर खास में पिंजरा लगाया। ग्राम जीतपुर खास में नहर के समीप आए दिन गुलदार देखा जा रहा है। गुलदार अब तक दो कुत्तों को निवाला बना चुका है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने वानिकी विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की थी। देर शाम दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची वानिकी विभाग की टीम ने नहर के समीप गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। उधर ग्राम हरचंदपुर में भी गुलदार ने बुधवार की शाम बकरी चराते समय शरीफ की बकरी को निवाला बना लिया था, गुलदार के भय से किसान अपने खेतों पर जाते हुए घबरा रहे हैं, दरोगा विकास कुमार ने बताया कि जीतपुर खास में पिंजरा लगा दिया गया है, जबकि हरचंदपुर में जहां गुलदार ने बकरी को निवाला बनाया था वह क्षेत्र राजगढ़ रेंज के अंतर्गत आता है, पिंजरा लगाने के लिए वहां के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### दिनदहाड़े चोरी के बाद लगाई आग



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गंधौर में भूरे खां पुत्र नईम की पत्नी कपड़ों पर प्रेस कर रही थी कि अचानक कुछ अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए। बताया जाता है कि उस वक्त वह घर में अकेली थी, उसके पति चक्की से आटा जबकि उसके ससुर जंगल से चारा लेने गए थे । पीड़िता ने बताया कि शातिर चोरों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाते हुए उनके जैकेट भरे कमरे में आग लगा दी। जबकि सोने-चांदी के आभूषण और कीमती सामान लेकर शातिर चोर रफूचक्कर हो गए । उधर घर में आग लगी देख ग्रामीणों ने घर की ओर दौड़ लगा दी और किसी तरह आग पर काबू पाया । पूरे मामले की जानकारी हीमपुर दीपा पुलिस को दी गई। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी गई ।

### जेबा को डीएम ने किया सम्मानित



**शेरकोट।** गत वर्ष इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत शासन द्वारा विज्ञान मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेश भर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए ऑनलाइन प्रोजेक्ट जमा कराए थे। प्रतियोगिता में दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज की छात्रा जेबा ने भी विद्युत क्विज बोर्ड विषय पर अपना प्रोजेक्ट जमा किया था। चयन समिति की ओर से जेबा का प्रोजेक्ट चयनित होने पर सरकार की ओर से जेबा को दस हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई थी। बुधवार को जिलाधिकारी द्वारा भी चयनित छात्रा को सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय परिवार सहित छात्रा के परिजनों में खुशी का माहौल है।

### ड्रोन उड़ा रहे दो दहशतगर्द पकड़े



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सबदलपुर रेहरा में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक ड्रोन काफी नीचे उड़ रहा था। ड्रोन को देख लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और ड्रोन के पीछे-पीछे जंगल की ओर दौड़ पड़ी। जहां ग्रामीणों ने डंडा मारकर उसे गिरा लिया। जो रंग बिरंगी लाइट जलाता हुआ एक छोटा हेलीकॉप्टर निकला। देर रात्रि में लाठी डंडों से लैश ग्रामीण जैसे ही जंगल से हैलीकॉप्टर (खिलौने) को लेकर चले वैसे ही ग्राम के बाइक सवार दो व्यक्ति अपना हैलीकॉप्टर मांगने आ गए। उन्होंने बताया कि वही इस हैलीकॉप्टर को उड़ा रहे थे। ग्रामीणों ने बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को खरी खोटी सुनाते हुए रात में ही पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि इन लोगों ने ड्रोन के नाम पर एक महीने से ग्रामीणों की नींद हराम की हुई थी । इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं ग्रामीणों ने आरोपितों की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जो चर्चा का विषय बनी हुई है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में झलकी अरुणाचल और मेघालय की संस्कृति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश और मेघालय की संस्कृति की झलकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने दीप प्रज्वलन कर की। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अरुणाचल प्रदेश की पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत लोकनृत्य और गीतों ने दर्शकों को प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराया। वहीं मेघालय के खासी और गारो जनजातीय लोक नृत्यों ने सभी को आकर्षित किया।

छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से दोनों राज्यों की खाद्य परंपराओं, त्यौहारों, वेशभूषा, ऐतिहासिक स्थलों और कलाओं की जानकारी दी। पोस्टर, चार्ट और मॉडल के माध्यम से इन राज्यों की झांकी प्रस्तुत की गई। आयशा, मीनाक्षी, अकक्षा, अर्शी, गौरी, प्रिया आदि छात्राओं ने विशेष प्रस्तुति दी।

प्रधानाचार्या रेखा देवी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और विविधता के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न होती है। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाओं पुष्पा वर्मा, उषा रानी, धर्मवती और अंजलि का सहयोग सराहनीय रहा।

## एसबीडी कॉलेज में तुलसीदास व प्रेमचंद जयंती पर संगोष्ठी



### साहित्यिक चेतना पर हुआ विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में दोनों साहित्यिक मनीषियों के जीवन, साहित्यिक योगदान और उनके सामाजिक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कनक चौहान ने प्रेमचंद की कहानियों पर चर्चा करते हुए तुलसीदास के दोहों का पाठ किया। रीतिका शर्मा ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। अलीशा और फातिमा ने तुलसीदास व प्रेमचंद के सामाजिक दृष्टिकोण की तुलना करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

बीएड विभाग की अध्यक्ष डॉ. बिमला ने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने वाला साधन है। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. पायल शर्मा ने प्रेमचंद की कहानी 'कफन' के माध्यम से सामाजिक यथार्थ को समझाया। हिंदी विभाग की डॉ. रेणुका ने तुलसीदास की समन्वयवादी सोच को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताया।

प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने कहा कि तुलसीदास की रामराज्य की अवधारणा आज भी आदर्श शासन की मिसाल है।

## सभासद के कार्यालय पर बैठे व्यक्ति से मारपीट, आरोपियों का चालान

**नहटौर।** मोहल्ला बागबान नकटा निवासी हेमराज सिंह वार्ड सभासद बिट्टू के कार्यालय में बुधवार की रात करीब नौ बजे बैठा हुआ था। आरोप है कि मोहल्ले का ही राजा पुत्र सतीश कुमार, आयुष पुत्र संजय ने उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कुछ देर बाद जब वह अपने घर जा रहा था। रास्ते में दोनों आरोपियों ने रोक कर दोबारा से गाली गलौच करते हुए मारपीट कर उसे जमीन पर गिराकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर दिया गया है।

## एक नजर

### युवती व किशोरी से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** गांव भनोटी में एक युवती और एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी और उसके पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव के ही एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री और सलोत परिजनों के साथ छत पर सो रही थीं, तभी पड़ोस का प्रिंस पुत्र सुरेश ने उनके साथ अश्लीलता की। आरोपी प्रिंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### तीज मिलन समारोह का आयोजन




**हल्दौर।** मौहल्ला खेड़ा स्थित पवन ठाकुर के आवास पर नारी शक्ति फ्रेंड्स कॉलोनी समूह के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हरी चूड़ियां पहनाकर व तिलक लगाकर हुआ, जिसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, भारतीय परंपराओं के संरक्षण तथा आपसी सौहार्द का सुंदर संदेश भी दिया गया। निर्णायक मंडल की सदस्य उर्मिला देवी व पवन ठाकुर ने प्रिया रस्तौगी को तीज क्वीन के खिताब से सम्मानित किया, जबकि सुमन सिंह को प्रथम रनर-अप घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राखी लोईवाल ने की, जबकि संचालन का दायित्व दीपमाला व ईशा मारवाड़ी ने संयुक्त रूप से निभाया। कार्यक्रम में वीना चौहान, मंजू सिंह, शीतल देवी, ज्योति रस्तौगी, लवली शर्मा, पूजा चौधरी एवं स्वाति चौधरी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। इस उत्सव ने नारी सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता की एक सशक्त मिसाल पेश की।

### तुलसी जयंती श्रद्धा के साथ मनाई



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में छात्राओं को भारतीय संस्कृति, संत परंपरा और तुलसीदास जी के साहित्यिक योगदान से रूबरू कराया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आभावती ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने 'श्रीरामचरितमानस' जैसे कालजयी ग्रंथ की रचना कर जन-जन को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जोड़ा। उन्होंने बताया कि तुलसीदास जी ने न केवल धर्म और भक्ति का प्रचार किया, बल्कि समाज को नैतिकता और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा भी दी। छात्राओं को बताया गया कि तुलसीदास जयंती श्रावण मास की सप्तमी को मनाई जाती है। इस दिन को साहित्य, भक्ति और संस्कृति के प्रति समर्पण दिवस के रूप में भी देखा जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में शिक्षिकाएं रेनू, अपर्णा, अनीता, मीनाक्षी, पारुल, पूर्णिमा, सरिता, प्रीति, इशिका, खुशबू, प्रियंका, मेघना सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एनपीएस-यूपीएस के विरोध में रोष मार्च आज

### कई शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में अटेवा/एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर होने वाले जिला मुख्यालय पर रोष मार्च की सफलता को लेकर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं विद्युत प्रावैधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों में संपर्क कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों से रोष मार्च में शामिल होने का आह्वान किया।

साथ ही रोष मार्च को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सिंचाई संघ एवं पीडब्ल्यूडी वर्क चार्ज आदि संगठनों के द्वारा अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह को समर्थन पत्र दिया गया। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष यदि हम सभी शिक्षक एवं कर्मचारी संगठित होकर करेंगे तो निश्चित पुरानी पेंशन शीर्घ बहाल होगी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि कल (आज) होने वाले जिला मुख्यालय पर रोष मार्च में हमारे संघ के प्रत्येक कर्मचारी प्रतिभाग करेगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला कोषाध्यक्ष जय प्रकाश पाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। कल (आज) जनपद के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर रोष मार्च में शामिल होने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री दीपक कुमार चौटाला, अमोद कुमार, श्रवण कुमार, नरवेश कुमार, चतर सिंह, अश्वनी कुमार, कृष्ण कुमार, सुभाष कुमार, पीतम कुमार आदि मौजूद रहे।

# मिलावट खोर फैक्ट्री संचालक खुले आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ कर रहे खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आसफपुर रोड, दारनी मुड़िया के निकट भूड़ी बिसौली चौराहे पर इन दिनों अवैध रूप से संचालित हो रही पनीर और सफेद रसगुल्ला बनाने की फैक्ट्रियों का कारोबार चरम पर है। सूत्रों ने बताया बिना किसी लाइसेंस और गुणवत्ता मानकों के ये मिलावटखोर फैक्ट्री संचालक खुलेआम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि पूर्व मे खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा इनके खिलाफ सैंपल फेल होने पर कार्यवाही की गई थी। लेकिन अब फिर फैक्ट्री का खुलेआम संचालन हो रहा है। क्या कार्रवाई कागजों में ही सीमेंट कर रह गई सूत्रों ने बताया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इन फैक्ट्रियों में मिलावटी दूध और कैमिकल युक्त सामग्री से पनीर व रसगुल्ले बनाए जा रहे हैं। गंदगी भरे माहौल और खराब गुणवत्ता के बावजूद यह बाजारों में कम कीमत पर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, जिससे लोगों के बीमार होने का खतरा लगातार बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को इन गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद विभागीय अधिकारी आंखें मूदे बैठे हैं। कभी कभार औपचारिकता के नाम पर खानापूर्ति



कर दी जाती है, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में इन मिलावटखोरों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही और मिलीभगत के चलते यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। कुछ फैक्ट्रियां रात के समय संचालन कर छिपकर उत्पादन करती हैं। ताकि कार्रवाई से बच सकें। मांग क्षेत्रवासियों ने उच्चाधिकारियों से करते हुये कहा कि ऐसे मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और अवैध फैक्ट्रियों को तत्काल सील कर कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाए। समय रहते सख्ती न बरती गई तो यह जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट बन सकता है। क्षेत्र में आसफपुर भूड़ी चौराहे पर संचालित दो पनीर और रसगुल्ला फैक्ट्रियों पर काफी समय पूर्व छापेमारी कर सैंपल लिया गया था जिसमे पीनर का सैंपल फेल होने पर कार्यवाही की गई थी। यदि अब फिर फैक्ट्री संचालित हैं तो उन पर अभियान के दौरान सैंपल भरकर कार्यवाही की जायेगी।

# अज्ञात हमलावरों ने भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष पर किया हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव विजय नगला में जल जीवन मिशन की टंकी पर जा रहे भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता को अज्ञात हमलावरों ने घेरा कर धारदार हथियार से हमला करके मौत के घाट उतारा जानकारी देते हुए। मृतक की पत्नी संजू ने बताया की उनका बेटा राहुल जल जीवन मिशन की टंकी पर चौकीदार का कार्य करता है मंगलवार को पत्नी को दवा दिलाने के लिए दिल्ली गया हुआ था जहां जल जीवन मिशन की टंकी पर चौकीदारी करने गये थे मंगलवार की रात किसी समय अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर के उन्हें मौत के घाट उतार दिया बुधवार सुबह 6:00 बजे के बाद में वह घर नहीं पहुंचे तो उनकी पत्नी ने

**सुरेश चंद्र गुप्ता** को अज्ञात हमलावरों ने घेरा कर धारदार हथियार से हमला करके मौत के घाट उतारा जानकारी देते हुए मृतक की पत्नी संजू ने बताया की उनका बेटा राहुल जल जीवन मिशन की टंकी पर चौकीदार का कार्य करता है मंगलवार को पत्नी को दवा दिलाने के लिए दिल्ली गया हुआ था। जहां जल जीवन मिशन की टंकी पर चौकीदारी करने गये थे मंगलवार की रात किसी समय अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर के उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

मोबाइल पर फोन लगाया फोन स्विच ऑफ था तो उन्होंने जल जीवन मिशन की टंकी अपने घर के पास होने के कारण टंकी पर ही पहुंच गई। उन्होंने देखा कि उनके पति खून से लथपथ पड़े होते उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया शोर श्रवण सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी सूचना पर थाना बिनावर, कुंवर गांव मूसाझाग ,सिविल लाइन, क्षेत्र की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर मौजूद साक्ष्य जुटाये घटना की सूचना पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, प्रभाशंकर वर्मा क्षेत्र के सैकड़ो लोग घटनास्थल पर पहुंच कर परिवार को सद्भावना दी उक्त संबंध में थाना प्रभारी अशोक कुमार कंबोज ने बताया मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 150 सफाई कर्मियों का दो माह का वेतन हड़पा



**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** संभल चंदौसी नगर पालिका में लगभग 150 सफाई कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन,पूर्व ठेकेदार मुरली मनोहर गुप्ता पर लगाए गए गंभीर आरोप,सभी कर्मचारियों ने प्रशासन से 'निवासी रुदायन पूर्व ठेकेदार मुरली मनोहर गुप्ता' पर प्रशासन से कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# युवक को जहर खुरानी ने नशीला पदार्थ खिलाकर छीने 25 हजार रुपये

**भगवान दास ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** दिल्ली से घर लौटते समय युवक को रोडवेज बस में बदमाशों ने जहरखुरानी का शिकार बन गया। नशा सुंघा कर एक मोबाइल, 25 हजार रुपये निकल लिए बस का परिचालक युवक को बेहोशी की हालत में दिल्ली-मेरठ हाईवे किनारे उतारकर चला गया। बुधवार सुबह पुलिस की सूचना पर पहुंचे पिता ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पिता ने पुलिस को घटना की शिकायत की है। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगापुर निवासी बबलू का बेटा अब्दुल रज्जाक (20) दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता है।

वह मंगलवार शाम दिल्ली से घर आने के लिए रोडवेज बस में सवार हुआ। रास्ते में बदमाशों ने उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसकी जेब में रखा एक मोबाइल व करीब 25 हजार रुपये लेकर भाग गए। इसमें बस परिचालक की लाप. रवाही व संवेदनहीनता सामने आई है।

उसने इस घटना के बारे में पुलिस को नहीं बताया। युवक को बेहोशी की हालत में सहसवान के गांव खंदक के पास हाईवे किनारे उतारकर चला गया। इससे वह कई घंटे कर सड़क किनारे ही पड़ा रहा। बुधवार सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने युवक को बेहोशी की हालत देखा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान की। इसके बाद उसके पिता बबलू को बुलाया। पिता ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसे देर शाम तक होश नहीं आ सका है। इंस्पेक्टर राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया पुलिस जांच कर रही कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र कैंप का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** विकास खंड कार्यालय परिसर में बुधवार को दिव्यांग बच्चों के लिए चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 16 दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी कर दिए गए। जबकि 15 आवेदनों को जिले को भेजा गया है, जिन पर प्रमाण पत्र जिला स्तर से जारी किए जाएंगे। एक आवेदन कैंसिल कर दिया गया। कैंप टीम में शामिल रहे अंकित कुमार, प्रमोद कुमार,उदय सेन विशेष शिक्षक, संजय कुमार विशेष शिक्षक, निरीक्षण किया:- डॉक्टर वागीश वार्ष्णेय, डाक्टर मोहम्मद वसीम नेत्र चिकित्सक , डाक्टर चक्रेश गुप्ता ,डॉक्टर गजेंद्र त्रिवेदी मौजूद रहे।

# सरकार ने जबरन विलय थोपने की कोशिश की, तो बदायूं से लखनऊ तक बड़े आंदोलन किए जाएंगे : संजीव शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सरकार की ओर से प्राथमिक स्कूलों के विलय के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने एक बैठक आयोजित की। बैठक में सभी शिक्षकों ने एक स्वर में शासन के आदेश का विरोध किया। बुधवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय प्रचार मंत्री एवं जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि अगर सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया और जबरन विलय थोपने की कोशिश की तो बदायूं से लखनऊ तक और बड़े आंदोलन किए जाएंगे। जिला महामंत्री उदयवीर सिंह यादव ने कहा कि यह



केवल स्कूलों को बंद करने का एक बहाना है, जिसका सीधा असर गरीब और वंचित छात्रों पर पड़ेगा। जिला उपाध्यक्ष अराफात ने कहा कि अगर किसी विद्यालय में नामांकन कम है तो वहां शासन को संसाधन और शिक्षक देने चाहिए ना कि विद्यालय बंद करना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय ने कहा कि यह मर्जर सामाजिक अलगाव, शैक्षिक असमानता और बालिकाओं की शिक्षा में गिरावट लाएगा। मंत्री अनुज कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार का यह आदेश शिक्षा के अधिकार अधिनियम पर कुठाराघात है। जिसके भविष्य के परिणाम सही नहीं होंगे। कोषाध्यक्ष शोभित यादव ने कहा कि पहले ही विद्यालयों को कंपोजिट कर अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक के पद कम कर दिए हैं पेयरिंग आदेश का एकमात्र उद्देश्य दोबारा अध्यापकों के पद को कम करना है। इस दौरान अशोक पाल सिंह अध्यक्ष संघर्ष समिति, अर्चना वार्ष्णेय अध्यक्ष महिला संघ, नीलम सक्सेना, पूजा शर्मा, सोनम शर्मा, दिनेश पाल, रतीराम, अमित शर्मा, सचिन शर्मा, साहू सावेंद्र गुप्ता, विजेंद्र सिंह टीटू, हरीश, महावीर सिंह, महाराम सिंह, गोपाल माधव, वरुण , रामनरेश मिश्रा, मुनेश सिंह, सुरजेश शर्मा, सुधीर यादव, अजीत सिंह, महेंद्र मिश्रा, नौशाद अली आदि मौजूद रहे।

# ट्रक चोरी की रिपोर्ट लिखने के लिए 35 हजार, अब दो लाख और मांग रहा दरोगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के गाँव मोहम्मद नगर सुलहरा निवासी शाहआलम ट्रक संख्या यू पी 24 टी 5775 को अलापुर थाने के गाँव विशुनपुरी उर्फ वनेऊ का राजू पुत्र विधाराम चलाता था जो 3 मार्च को बरेली थाना भमोरा के देवचरा की बाजार से लोड भर कहीं ले जाने की कह कर ट्रक ले गया था जो काफी दिनों तक ट्रक लेकर बापस नहीं आया तब राजू को फोन किया तो एक दो बार फोन उठाया और ट्रक के बारे में पूंछने पर कोई संतोष जनक जवाव नहीं दिया और आजकल बापस आने की कहकर समय काटता रहा दो महीने तक ट्रक को नेपाल से लेकर बिहार तक तलाश किया जब कोई सुराग नहीं कगा और चालक राजू के घर गया तो परिजनों ने कोई बात नहीं बताई तो 17 मई को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी तो हलका दरोगा मुकेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करने के नाम पर गाँव के ही आशीष के द्वारा 35 हजार रुपया ले लिया जब मुकदमें की नकल मांगी तो कह दिया थोड़े दिन रुक जाओ लिखवा देंगे कुछ समय बाद दरोगा मुकेश कुमार दो लाख रुपये की और मांग करने लगा जिसकी शिकायत शाह आलम ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मुकदम्मा दर्ज कराते हुए दरोगा के विरुद्ध कार्यबाही की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मान बहादुर सिंह से सम्पर्क किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# तहसील परिसर में हुआ पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने संघ के अध्यक्ष अमित कुमार के साथ तहसील परिसर में पौधारोपण किया। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में पेड़ पौधों की सबसे बड़ी अहम भूमिका है इसलिए हम सबको एक साथ मिलकर अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों व खाली स्थान पर पौधे लगाने चाहिए। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि पौधे लगाने से न केवल पर्यावरण स्वच्छ होगा, बल्कि मनुष्य स्वस्थ जीवन का आनंद भी ले सकेंगे।

# एनसीसी जूनियर डिविजन में भर्ती के लिए छात्रों में जबरदस्त उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में गुरुवार को एनसीसी जूनियर डिवीजन में भर्ती के लिए छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भर्ती के लिए सुबह से ही छात्रों की लम्बी लम्बी लाइन लग गयी। भर्ती को आये छात्रों की शारीरिक व मानसिक दक्षता जाँचने के लिए उनका परीक्षण किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम दास व सीटीओ मनोज कुमार की देखरेख में 24 बटालियन एनसीसी मुरादाबाद से आये हुए नायब सूबेदार डालचन्द्र व



हवलदार पान सिंह ने छात्रों का परीक्षण किया। परीक्षण उपरांत 18 कैडेट्स भर्ती किये गए। इससे पूर्व भी इस सत्र में 24 कैडेट्स भर्ती किये जा चुके हैं। इस अवसर पर रामाधार शर्मा, हरदीप सिंह, सुधाकर शर्मा, अंकित सिंह, आनन्द सिंह, प्रकाशवीर उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के गांव विजौरी के श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भी स्थानीय एवं प्रसिद्ध सिद्ध बाबा पुल वाले महाराज मंदिर पर कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में जलाभिषेक किया। इस दौरान विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव विजौरी के मौजूदा महिला ग्राम प्रधान पति अमित कुमार शर्मा , जनप्रतिनिधि एवं सभापति सुरेश मिश्रा , मनोज शर्मा , आशीष शर्मा , ठाकुर मनजीत सिंह , पुष्पेंद्र , अवधेश सिंह , राहुल शर्मा , आदि श्रद्धालुओं ने कछला घाट से जलभकर पुल वाले महाराज सिद्ध बाबा मंदिर पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर सिद्ध बाबा मंदिर पर बम बम भोले का उदघोष गुंजायमान रहा।

# झूला झूल कर सावन का लिया आनंद

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** सावन माह के प्रमुख त्योहार हरियाली तीज का मेला श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें नगर की बहन बेटियों व माता बहनों ने झूला झूल कर कजरारे तीज का पर्व बड़े हर्ष उल्लास से मनाया।

मेला में तमाम प्रकार की दुकान के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए। जिसमें पेड़ों की डाल पर झूला डाले गए। और स्त्रियों ने झूला पर बड़े झोटा लिए और रिमझिम बारिश का आनंद लिया। युवतियों ने सावन के गीत मल्हार गए तथा पुरुषों ने आल्हा खंड के अंतर्गत आल्हा ऊदल की बहन चंद्रावली के



झूले का प्रसंग गाकर सुनाया। जिसमें वीर रस की प्रधानता रही। चंद्रावली के प्रसंग में लाडली बहन को वीर भाइयों ने झूला झुलाया। और दिल्ली के राजा ने उसकी चौहान से रक्षा की। इस ऐतिहासिक प्रसंग को श्रोताओं ने खूब सराहा और भारतीय सभ्यता संस्कृति को शत-शत नमन किया। बेटियों ने भी मन मुक्त करने वाले सावन के गीत गाए।

# दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड भंग, नया बोर्ड का हुआ गठन, ईएनटी सर्जन का रुतबा कायम

**भगवान दास ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा ने एक नया दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड का गठन करते हुए मौजूदा बोर्ड को भंग कर दिया गया है,इस नए बोर्ड का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए पूर्व में गठित मेडिकल बोर्ड को निरस्त करते हुए नए मेडिकल बोर्ड गठन की घोषणा की हैं। नए दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड में कौन-कौन चिकित्सक शामिल - दिव्यांगजन नए मेडिकल बोर्ड में ईएनटी सर्जन डॉ एमए सिद्दीकी जिला अस्पताल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ केपी यादव जिला अस्पताल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ हरीश राजपूत, जिला अस्पताल,मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ नरवीर सिंह यादव राजकीय मेडिकल कॉलेज, बोर्ड में शामिल रहेंगे। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजन बोर्ड के ईएनटी सर्जन डॉ एमए सिद्दीकी की कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए कहा डॉ सिद्दकी एक कुशल, योग्य, सक्षम चिकित्सक हैं जो दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड में पूर्व की तरह बने रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर राज्य उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेंद्र सोनकर, विधि अधिकारी उत्कृष्ट द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने एसडीबी स्कूल में हरियाली तीज हर्षोल्लास के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा हरियाली तीज के उपलक्ष में श्री देवराह बाबा पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का उत्सव ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुविधा माहेश्वरी व सरोजबाला रहीं।समिति की अध्यक्ष आशु वार्ष्णेय, सचिव पूनम गुप्ता, कोषाध्यक्ष रेनू वार्ष्णेय, आँचल वार्ष्णेय, रश्मि वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय ने सभी का टीका लगाकर व बैज लगाकर स्वागत किया। हरियाली तीज के इस महोत्सव में महिलाओं ने सांस्कृतिक रंग. मंच को सजाया। इस दौरान समिति की सदस्याओं द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आँचल वार्ष्णेय व




अर्चना वार्ष्णेय ने बहुत सुंदर गाना गाया। उसके बाद शीलू वार्ष्णेय, पूनम वार्ष्णेय, अंजली वार्ष्णेय ने एकल नृत्य व विनीता वार्ष्णेय - लाजेश वार्ष्णेय, अनीता वार्ष्णेय - पारुल वार्ष्णेय व आशु वार्ष्णेय - साधना वार्ष्णेय ने युगल नृत्य कर इस पर्व को पारम्परिक तरीके से बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर रेनू, रश्मि, कमलेश, मधु, मधुवाला, नीलम, विजय, रुचि, रीता, शीलू, रेखा, रेखा गुप्ता, निर्मला देवी, मिथलेश आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अर्चना वार्ष्णेय ने किया। अंत मे कार्यक्रम की आयोजिका आशु वार्ष्णेय ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# हनी बॉक्स टूलकिट योजना के लिए पुनः ऑनलाइन आवेदन चार अगस्त तक आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल किट्स वितरण योजना (हनी बॉक्स टूल किट्स) के अन्तर्गत जनपद बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य जाति व पिछडी जाति वर्ग के परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को वर्ष 2025-26 हेतु हनी बॉक्स टूल किट्स नि:शुल्क वितरण हेतु पर्याप्त मात्रा में आवे. दन पत्र प्राप्त न होने के कारण पुनः ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट www-upkvib- gov- पद की ऑनलाइन सेवा के अन्तर्गत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन'' में आवे. दन 04 अगस्त 2025 सांय 5:00 बजे तक आमन्त्रित किये जा रहे है। उन्होंने आवेदको का चयन गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे एंव वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को बरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मौहल्ला शहवाजपुर पुरानी चुँगी बरेली रोड बदायूँ में जमा कर सकते है। पूर्व में जिन आवेदको द्वारा आवेदन किया गया है। उन्हें पुनः आवेदन नहीं करना है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओ में ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो, राशन कार्ड व परिवार आई0डी0, आधार लिंक मोबाइल नम्बर अपलोड करना अनिवार्य है।

# सांसद ने सदन में रखा शहरी क्षेत्रों में बाढ़ और जलभराव की समस्या का मामला

## वर्षा जल निकासी परियोजनाओं के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बनवाये जाएं नाले और नालियां : सांसद नदवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** संसद सत्र के दौरान सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने सदन में आवास एवं शहरी मंत्रालय से प्रश्न करते हुए उत्तर प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ और जलभराव की समस्या को देखते हुए नाले और नालियों का निर्माण करवाए जाने का मामला उठाया।

सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि भारत सरकार वर्षा जल निकासी और जल संरक्षण के लिए कई परियोजनाएं चला रही है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य भूजल स्तर में सुधार, शहरी क्षेत्रों में बाढ़ और जलभराव की समस्या को कम करना है, पानी की उपलब्धता बढ़ाना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है, लेकिन मेरे जिले



रामपुर सहित उत्तर प्रदेश में अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये जा रहें हैं।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने सांसद को लिखित रूप आश्वासन देते हुए बताया कि भारत सरकार शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है।

कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन के तहत नालियों व तूफान जल निकासी के लिए निर्माण और सुधार का कार्य कर रही है। रामपुर व उत्तर प्रदेश में भी इन प्रयासों को लागू किया जा रहा है।

इस आशय की जानकारी सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के निजी सहायक सैफ अनवर ने दी।

### रास्ते को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, दो का शांति भंग में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव खुशहालपुर में रास्ते को विवाद को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गये स्थित तनावपूर्ण हो गई पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। चौकी क्षेत्र के गांव खुशहालपुर में संजय पुत्र शमशेर सिंह और दूसरे पक्ष के रमेश पुत्र नन्हे में रास्ते को लेकर काफी दिनों से विवाह चल रहा है। विवाद के चलते गुरुवार को दोनों पक्ष लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के दोनों लोगों को मौके से गिरफ्तार कर पुलिस चौकी ले आई और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में एसडीएम न्यायालय में चालान कर दिया जिससे दोनों पक्षों में टकराव न हो सके।

# सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** नगर के डॉक्टर राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज बिलासपुर रोड स्थित के द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों के संबंध में सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ एक रैली निकाल कर आने जाने वाले राहगीरों को रोककर टीएसआई विश्राम सिंह कांस्टेबल कपिल कुमार होमगार्ड जीवन राम तथा कॉलेज के स्टाफ द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया। नो हेलमेट नो सीट बेल्ट नो एंट्री तथा लगभग 350 लोगों को छात्र-छात्राओं द्वारा बिना हेलमेट




लगाए बाइक सवारों को रोककर का जागरूक किया गया।

महाविद्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा अनुपालन कार्यक्रम में प्रबंधक इंजीनियर अनिल गंगवार, प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, ओमेंद्र पाल, शुभम गुप्ता, दिनेश कुमार, कल्पना शर्मा, प्राची गंगवार, खूब करन गंगवार, सुभाष चंद्र गंगवार, विपिन सक्सेना, श्रवण पांडे, मृत्युंजय सिंह, शिवओम, आनंद कुमार आदि रहे।

# सवारी बैठाने को लेकर ई-रिक्शा चालक को मौत के घाट उतारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के बरेली गेट स्थित मजार मौलवी साहब के पास एक ई-रिक्शा चालक की पेंचकस घोपकर हत्या कर दी गई।

बताया जा रहा है कि मृतक सलीम खान अपनी ई-रिक्शा लेकर जा रहे थे बरेली गेट पर मौलवी साहब की मजार के पास उनकी किसी अन्य रिक्शा चालक से सवारी बैठाने को लेकर कहासुनी हो गई थी।

सूत्रों के मुताबिक सवारी बैठाने को लेकर दोनों रिक्शा चालकों में विवाद हुआ था विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरे रिक्शा चालक ने सलीम खान के ऊपर पेचकस से कई वार कर दिए जिससे उनकी मौके पर ही



मौत हो गई और हमलावर रिक्शा चालक मौके से अपनी रिक्शा लेकर फरार हो गया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# सितम्बर में रामपुर आएंगी सेशेल्स की उच्चायुक्त

## अगले साल सेशेल्स और भारत के राजनयिक संबंधों के पूरे हो जाएंगे पचास वर्ष

- **द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का कार्य कर रही हैं सेशेल्स की उच्चायुक्त लालाटियाना एकोचे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सेशेल्स की उच्चायुक्त लालाटियाना एकोचे दो अन्य उच्चायुक्तों के साथ सितंबर में रामपुर आएंगी। नई दिल्ली स्थित हाईकमीशन ऑफ सेशेल्स में उच्चायुक्त से मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उच्चायुक्त सेशेल्स की एक अग्रणी वास्तुकार भी हैं। 1976 में सेशेल्स और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से इस पद को प्राप्त करने का सम्मान पाने वाली वो पहली सेशेल्स महिला हैं।

नवेद मियां ने बताया कि उनके कॉलेज के दोस्त कमल जरघानी की बहन की शादी सेशेल्स के राष्ट्रपति से हुई है। कमल जरघानी और नवेद मियां ने 1987 में पंजाब विश्वविद्यालय के चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर से स्नातक की डिग्री प्राप्त की है।

नवेद मियां ने बताया कि भारत में सेशेल्स की उच्चायुक्त की प्राथमिकता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है।



2026 में सेशेल्स और भारत अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मनाएंगे। अगला वर्ष दोनों देशों की मजबूत और खूबसूरत दोस्ती के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने बताया कि सेशेल्स को अपनी अनूठी जैव विविधता और मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों के लिए प्रसिद्ध एक उच्च-स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में देखा जाता है। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त हैं।

# सभासद ने अपने निजी खर्चे से नाले का जाल लगवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर निवासी मोहम्मद आलम जोकि वार्ड नं. 3 के सभासद है उन्होंने बताया कि नाले के ऊपर लगा जाल अधिक पुराना होने से गलने से टूट गया था ।

नया जाल लगवाने के लिए नगर अध्यक्ष फैजान खां से बार बार मांग भी की किंतु उन्होंने कोई बात नहीं सुनी। वार्ड के लोगों को बड़ी परेशानी हो रही थी उनकी समस्या को देखते हुए वार्ड 3 के सभासद मो. आलम ने अपने निजी खर्चे से नाले का जाल लगवाया।

जिससे वार्ड के लोगों में खुशी का माहौल है नाले का जाल लगने से सभासद की जगह-जगह सराहना हो रही है।

# जमापुर गांव में रास्तों पर निकलना दुश्वार विकास कार्यों की हो निष्पक्ष जांच : शंखधर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि ग्राम जमापुर में अधिकांश रास्तों पर निकलना दुश्वार हो गया है, स्कूल जाने वाले बच्चों को अत्याधिक असुविधा हो रही है। सफाई कर्मी द्वारा गांव में सफाई कार्य नहीं कराया जाता है। जबकि सरकार का कथन है कि सबका साथ, सबका विकास लेकिन यह नारा ग्राम जमापुर में धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। इसी सम्बन्ध में आज एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिलक को देने हेतु कई कार्यकर्ता तहसील पहुंचे लेकिन प्रातः 11.16 बजे तक उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नायब तहसीलदार



द्वितीय कोई भी मौजूद नहीं थे। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रातः 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन के दौरान अधिकारी कार्यालयों में उपस्थित रहें लेकिन सरकार के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार द्वारा उपजिलाधिकारी और तहसीलदार के नंबर पर फोन किया गया लेकिन दोनों अधिकारियों के फोन रिसीव नहीं हुए। मजबूर होकर स्टेनों प्रेमशंकर को ज्ञापन देकर रिसीव कराया गया है। ज्ञापन में सभी रास्तों को ठीक कराने तथा पिछले पांच वर्षों में हुए सभी विकास कार्यों की जांच कराने का आग्रह किया गया है।

ज्ञापन पर राजेश यादव, प्रदीप सिंह, ओमकार सिंह, बॉबी यादव, अंकित यादव, रविन्द्र यादव, अखिलेश, शंकर एवं रवि यादव के हस्ताक्षर हैं।

# स्पर्श, रजत, समर्पण, नमन और कस्तूर चन्द जैन ने किया भगवान पार्श्वनाथ जी का मस्तकाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** धर्म, आस्था और श्रद्धा के रंगों से सजा श्री पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महापर्व दिगंबर जैन समाज द्वारा बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भगवान श्रीजी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सैकड़ों श्रद्धालु महिला व पुरुष भक्तिभाव से शामिल हुए यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन व महामन्त्री कस्तूर चन्द जैन द्वारा किया गया पालकी में सो धर्म इन्द्र संजय जैन द्वारा भगवान को विराजमान किया गया। मनोज जैन, शिखर जैन, अजय जैन सेठी, अंजू जैन, सुरभि



जैन, शोभा जैन, अर्चना जैन, नमन जैन आदि शामिल रहे। वर्षा जैन मंगल कलश लेकर चली।

पालकी यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर मयूर मसाला मार्ग होते हुए बैजनाथ गली से निकली और पुनः मंदिर प्रांगण में प्रवेश कर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भक्तों ने भगवान श्रीजी की जय-जयकार से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। ढोल-नगाड़ों की मधुर धुनों के साथ पालकी यात्रा अत्यंत भव्य और आकर्षक रही।

यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में भगवान श्री पार्श्वनाथ का प्रथम अभिषेक संजय जैन द्वारा श्रद्धापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर धार्मिक वातावरण को और भी भावमय बना दिया।

पूरे आयोजन में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में भगवान को लड्डू का भोग अर्पित किया गया और सभी श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस धार्मिक अनुष्ठान ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया और मोक्ष कल्याणक पर्व को अत्यंत भव्य और भावनात्मक रूप प्रदान किया।

### प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का उद्घाटन

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम यहाँ विशेष रूप से मुंशी प्रेमचंद जी की 145 वीं जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करने हेतु एकत्रित हुए हैं। मुंशी प्रेमचंद उपन्यास-साहित्य की दुनिया में अंत. रराष्ट्रीय स्तर के एक महान लेखक रहे हैं। उनके समकक्ष यथार्थ का इतना सजीव चित्रण करने वाला साहित्यकार विश्व में अत्यंत दुर्लभ है। हिंदी और उर्दू दोनों भाषाओं का स्रोत लगभग एक समान है, भाषा संरचना भी मिलती-जुलती है, काल खंड भी एक जैसा है, और विकास क्रम भी समान है। अंतर केवल लिपि का हैख़्रउर्दू को अरबी लिपि में तथा हिंदी को देवनागरी लिपि में लिखा जाता है, किंतु दोनों भाषाओं के भीतर जो भाव-भाषा है, वह एक जैसी है। हिंदी के शब्द उर्दू में और उर्दू के शब्द हिंदी में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। महात्मा गांधी ने इसे 'हिंदुस्तानी' कहा था। हिंदी और उर्दू को एक साथ देखना हो तो वह मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में संभव है। प्रेमचंद जी ने अपने साहित्य में भाषायी भेद को समाप्त करते हुए भिन्नता से एकता की यात्रा को साकार किया हैख़्रयह उनकी साहित्यिक महानता का प्रमाण है। यदि कोई व्यक्ति भारतीय मनीषा को विशेषतः ग्रामीण भारत के जीवन को, ठीक प्रकार से समझना चाहता है, तो उसे प्रेमचंद की कथाओं में इसका समग्र और प्रामाणिक चित्रण मिलेगा। उनकी कृतियाँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणास्पद हैं। मुंशी प्रेमचंद अपनी रचनाओं में ऐसे यथार्थपूर्ण चित्र प्रस्तुत करते हैं कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे कोई समाजशास्त्री घटनाओं का सूक्ष्म दृष्टि से अध्ययन कर रहा हो। समाजशास्त्री जब किसी सामाजिक स्थिति का विश्लेषण करता है, तो उसमें एक सैद्धांतिक पक्ष होता हैख़्रवह अधिकतर निबंधात्मक शैली में होता हैख़्रपरंतु प्रेमचंद ने उसी सामाजिक यथार्थ को कथात्मक लोक भाषा और शैली में जीवंत चित्रण के साथ प्रस्तुत किया है। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और दुर्लभ है। उन्होंने ग्रामीण जीवन की विसंगतियों, त्रासदियों, संघर्षों और सामाजिक विषमताओं को बिना किसी संकोच के उजागर किया है। कहा जाता है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है, और जिस कालखंड में मुंशी प्रेमचंद ने लिखा, उस समय का समाज और जनजीवन उनके साहित्य में अत्यंत यथार्थ और मार्मिक रूप में परिलक्षित होता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रेमचंद ने साहित्य को केवल कल्पना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को प्रतिबिंबित करने का यंत्र माना।

# पुलिस टीम पर हमला करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त शिवम पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम गुलड़िया भाट थाना मिलक रामपुर सम्बन्धित मु.अ.स. 319/25 धारा 191(2)/191(3)/121(1)/109/352/351(3)/125/324(3)/190/309(4)/62 बीएनएस व धारा 2/ 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधि. को मुखबिर की सूचना के आधार पर नरसिंहपुर गांव के पास सरदार के डेरे के सामने गांव में जाने वाले रोड से दिनांक 30 जुलाई को समय करीब 22.30 बजे गिरफ्तार कर आज न्यायालय रामपुर भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई कालर रामपाल पुत्र धन सिंह निवासी ग्राम नरसिंहपुर थाना मिलक जनपद रामपुर द्वारा डायल 112 पर सूचना पीआरवी 1393 ईवेन्ट नं. 23608 पर ग्राम नरसिंह पँहुचने पर कालर से सम्पर्क करके पूछताछ करने पर, अभियुक्तगण आठ नामजद और 6-7 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा एक राय होकर जान से मारने कि नियत से पुलिस पर लाठी डन्डों से कठोर प्रहार



करना, मारपीट करना, सरकारी कार्य में वाधा डालना जिससे का. पुष्पेन्द्र के पैर में चोट आना तथा मयंक के सिर में चोट खुली आना और चालक हो. गा. के हाथ में चोट आना एंव पीआरवी पर ईंट पत्थर से प्रहार करना जिससे पीआरवी के शीसे टूट जाना तथा एम.डी.टी. क्षतिग्रस्त हो जाना एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में वादी मुकदमा हे.का. पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र रणजीत सिंह कमाण्डर पीआरवी 1393 थाना शहजादनगर जनपद रामपुर की तहरीरी सूचना के आधार पर मु.अ.स. 319/25 धारा 191(2)/191(3)/121(1)/109/352/ 351(3)/125/324(3)/190/ 309(4)/62 बीएनएस व धारा 2/ 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधि. बनाम परविन्द्र, अरविन्द पुत्र गण पप्पू उर्फ नारायणदास, रंजीत पुत्र हरचरन, मुकेश पुत्र हरचरन,वीर सिंह पुत्र गेंदनलाल, औमवती पत्नी पप्पू उर्फ नारायणदास, राजवती पत्नी वीर सिंह समस्त निवासी गण ग्राम नरसिंह पुर थाना मिलक जनपद रामपुर, शिवम पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम गुलड़िया भाट थाना मिलक रामपुर और 6-7 अज्ञात व्यक्तियो के विरुद्ध तफ्तीशी अभियोग कायम व दर्ज किया गया था जिसमें 29 जुलाई को रंजीत पुत्र हरचरनलाल निवासी ग्राम नरसिहपुर थाना मिलक रामपुर को गिरफ्तार कर मा. न्या. भेजा जा चुका है।

# लूट मामले में वांछित चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस ने लूट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। चौकी क्षेत्र के गांव किशनपुर मौलागढ़ निवासी शकील अहमद पुत्र रईस अहमद पिछले काफी दिनों से एक लूट के मामले में फरार था। वह एक लूट के मामले में वांछित चल रहा था पुलिस को सूचना मिली कि वह परिवार सहित मौलागढ़ में ठहरा हुआ है और भागने की फिराक में है। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर गांव



पहुंचकर उसके घर की घेराबंदी कर और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को रामपुर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। दरोगा पुनीत कुमार ने बताया कि वह काफी दिनों से फरार था और पुलिस को उसकी सरगर्मी से तलाश थी।

# पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति को ओटीआर पंजीकरण अनिवार्य

- **बिना ओटीआर छात्र नहीं कर सकेंगे छात्रवृत्ति हेतु आवेदन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्गों को छोड़कर) के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित पूर्व दशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना जनपद में संचालित है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए स्कॉलरशिप पोर्टल पर इस बार सभी छात्र छात्राओं को ओटीआर करना अनिवार्य है।

यदि छात्र-छात्रा द्वारा ओटीआर की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती है, तो वह छात्र छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नहीं कर पायेंगे। ओटीआर पंजीकरण छात्र-छात्रा अपने आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर, डीजीलॉकर लॉगिन के माध्यम से कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत पिछड़े वर्गों के छात्र-छात्राओं (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्गों को छोड़कर) को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि आधार पेमेंट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र के आधार आधारित सीडेड बैंक खाते में सीधे अन्तरित की जायेगी। छात्र को बैंक शाखा के माध्यम से बैंक खाते में आधार नम्बर सीडिंग व एनपीसीआई में मैपिंग कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि जनपद के सम्बन्धित समस्त शिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि आधार सीडिंग व एनपीसीआई से मैपिंग की सूचना अपने विद्यालय के सूचना पट पर अवश्य चस्पा करायें।

# स्कूली बच्चों को पानी की बोतलों का किया वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** गुरुवार को नगर में छितौनी मार्ग पर स्थित कन्या पाठशाला में जवाहर पैथोलॉजी लैब की संचालित साहिबा की ओर से बच्चों के किए पानी की बोतलों का वितरण किया गया।

जिनको पाकर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ गई बताते चले डॉ साहिबा का कहना है कि यह वितरण प्रति वर्ष किया जाता है बच्चों को देखकर अपना बचपन याद आ जाता है।

साथ ही बच्चों को पढ़ाई में मन लगाने के लिये कहा ओर साफ-सफाई के बारे में भी बच्चों को बताया कि साफ सफाई से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। इस मौके पर मनोज कुमार शर्मा, रियाज हुसैन, तबस्सुम जहाँ, सांक्षी सक्सेना , सुजाता जोशी, थान



सिंह, जाहिद हुसैन, हाजी फिदा हुसैन, मास्टर जवाहर, आलिया एवं साहिवा आदि मौजूद रहे।

# बम भोले के उद्घोषों के साथ लौट रहे कावंरियों के जत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सावन माह में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। सावन के चौथे सोमवार पर शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए ब्रजघाट से जल भरकर ले जा रहे कांवड़ियों के जत्थे शहर से गुजरने लगे है, जिससे शहर का वातावरण शिवमयी हो रहा है।

बृहस्पतिवार को सुबह से ही मुरादाबाद व रामपुर के कांवड़ियों ने बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों के साथ ब्रजघाट स्थित पतित पावनी गंगा से कांवड़ भरीं और मंजिल की ओर रवाना हुए। इस दौरान भोले बाबा के भजनों पर कांवड़िये झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। हाइवे पर लगे सेवा शिविरों में कांवड़ियों ने विश्राम किया। वहीं कांवड़ियों की

**आस्था**

**हर-हर महादेव और बम बम भोले के उद्घोष से गूंजा हाइवे**

संख्या बढ़ती देखकर पुलिस ने बृहस्पतिवार से ही बड़े छोटे वाहनों का संचालन भी एक ही लेन में करते हुए दूसरी लेन को कांवड़ियों के लिये रिजर्व किया गया। पुलिस के साथ साथ यातायात पुलिस जुटी रही। सीओ अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने कांवड़ मार्ग का भ्रमण करके कांवड़ियों की सुरक्षा का जायजा लिया। जगह जगह पुलिस की पिकेट तैनात रहीं। सावन के चौथे व अंतिम सोमवार को भगवान शिव का



जलाभिषेक करने के लिये पिछले सोमवारों के मुकाबले ज्यादा कांवड़िए उमड़ेंगे, इसलिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है। वहीं डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद द्वारा भी कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये लगातार कांवड़ मार्ग का भ्रमण करते हुए अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

### लोगों के मन को लुभा रहीं कावंड़ झांकियां

**गजरौला।** डमरू जैसी दिखने वाली कांवड़ तो कहीं कोई कांवड़िया भगवान शिव की प्रतिमा को अपने कंधो पर विराजमान करके ले जाता हुआ नजर आया। इसके अलावा कांवड़िए कई कांवड़ रथ लेकर भी मंजिल की ओर रवाना हुए।

# बारिश के बाद भी नहीं रूके कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर कांवड़ भरकर ले जा रहे कांवड़ियों के उत्साह को बारिश भी नहीं रोक पाई। बारिश की तेज फुहारों के बीच कांवड़िए अपनी कांवड़े लेकर बढ़ते रहे। बम भोले के उद्घोष गूंजते रहे।

बृहस्पतिवार की शाम को तेज बारिश हुई। कांवड़ियो के जत्थे हाइवे से होकर निकल रहे थे, बारिश के बाद भी उनके कदम नहीं रूके और वे आगे बढ़ते रहे। एकबारगी ऐसा लग रहा था कि कांवड़ियों के उत्साह के सामने बारिश की फुहार बौनी लग रही थी। वहीं सावन के चौथे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये पुरूषों के साथ साथ महिला व

**उत्साह**

**कांवड़ियों के बढ़ते कदमों को नहीं रोक सकी बारिश**

युवतियां भी कांवड़ भरकर ले जा रही हैं। कांवड़ जत्थों में बच्चे भी शामिल रहे। कांवड़ जत्थों में भगवान शिव शंकर की ध्वजा के साथ साथ भारतीय तिरंगा भी शान से लहरा रहा है। कांवड़ियों के आवागमन से पूरे हाइवे पर भक्ति का माहौल बना हुआ है। इस बार सावन का अंतिम व चौथा सोमवार आगामी 04 अगस्त को है। इस बार पिछली बार के सोमवारों से ज्यादा कांवड़ियों की भीड़ उमड़ रही है। सुरक्षा को पुलिस सतर्क है।

# पुरानी रंजिश में भाईयों पर बरसाए लाठी-डंडे

## चार आरोपियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिकायत करने घर पहुंचे तहेरे-चचेरे भाइयों को घेर लिया। पुरानी रंजिश में हमला करते हुए जमकर लाठी-डंडे बरसाए। मारपीट में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्योनली की है। बीती 28 जुलाई की शाम किसी बात पर कहासुनी होने पर गांव का रहने वाला आमिर अपने चचेरे भाई शारिक को लेकर शिकायत करने के लिए आरोपियों के घर गया था। आरोप है कि मोगीस ने बेटे आरिस व भाई फहीम तथा फरदीन के साथ मिलकर घेर लिया, गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। भीड़ जमा होती देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। परिजनों ने घायल आमिर व शारिक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# टैक्सी चालक की हत्या में दो को उम्रकैद

## कोर्ट ने 1.02 लाख का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** टैक्सी चालक की बेरहमी से हत्या में कोर्ट ने दो दोाियों को आजीवन कारावास व 1.02 लाख रूपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं, साक्ष्य के अभाव में तीसेर आरोपी को बरी कर दिया गया।

यह हत्याकांड 13 मई 2017 को बछरायूं थाना क्षेत्र में घटा था। बिजनौर जिले के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव गोयली जलालपुर गांव निवासी राधेश्याम आर्य के बेटे कपिल कुमार और अजय उर्फ गोलू टैक्सी चालक थे। वारदात के दिन अजय उर्फ गोलू बिजनौर में टैक्सी स्टैंड पर सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा निवासी जर्रार अली व बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव कराल निवासी मोहम्मद जाकिर टैक्सी स्टैंड पर पहुंचे, अमरोहा के लिए टैक्सी बुक थी। इसके बाद अजय उर्फ गोलू जर्रार अली व मोहम्मद जाकिर को लेकर बिजनौर से अमरोहा के लिए निकल पड़ा। इसके बाद अजय उर्फ गोलू का कुछ पता नहीं चला। घर नहीं लौटने पर परिजनों के काफी तलाश। किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। इसी बीच बछरायूं थाना क्षेत्र में शेरपुर हाल्ट के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। जानकारी मिलते ही अजय उर्फ गोलू का भाई कपिल बछरायूं थाने पहुंचा। मृतक की पहचान अजय उर्फ गोलू के रूप में हुई। तमंचे की बट व लोहे की रोड से पीटकर हत्या की गई थी। हादसा दर्शाने के लिए शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया था। बाद में आरोपी कार लूटकर भाग गए थे। मामले में बछरायूं थाना पुलिस ने मृतक के भाई कपिल की तहरीर पर जर्रार अली, मोहम्मद जाकिर व साजिद के खिलाफ हत्या व लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। उनकी निशानदेही पर लूटी गई कार भी बरामद कर ली थी। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल कर रहे थे। गुरुवार को कोर्ट में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने जर्रार अली व मोहम्मद जाकिर को दोषी करार दिया। दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 1.02 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने साजिद को बरी कर दिया।

**साक्ष्य आभाव में तीसरा आरोपी बरी**

# टॉपटेन बदमाश को आठ महीने की सजा

## बदमाश पर दर्ज हैं 35 से अधिक मुकदमे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले के टॉपटेन अपराधियों में शामिल बदमाश को अदालत ने आर्म्स एक्ट में आठ महीने दस दिन जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया। सजायाफ्ता बदमाश पर जिले के अलग-अलग थानों में गौवध अधिनियम, जानलेवा हमला, पशु चोरी, गैंगस्टर व एक्ट आर्म्स एक्ट के 35 मुकदमे दर्ज हैं। मामला गजरौला थाने से जुड़ा था। नगर की गश्त के दौरान थाना पुलिस ने सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा ढक्का निवासी दिलशाद पुत्र इश्तियाक की गिरफ्तार की थी। तलाशी में उसके पास तमंचा व कारतूस बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपी दिलशाद के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया था। फिलहाल, इस मुकदमे में दिलशाद जमानत पर था। जिसकी सुनवाई अदालत में विचाराधीन थी। बुधवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने दिलशाद को दोषी करार दिया। आठ महीने दस दिन जेल की सजा सुनाई तथा 500 रुपये का जुर्माना लगाया। एसपी अमित कुमार आनंद के मुताबिक सजायाफ्ता दिलशाद के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में 35 मुकदमे में दर्ज हैं। अदालतों में विचाराधीन अन्य मुकदमों में भी प्रभावी पैरवी करते हुए जल्दी सजा कराई जाएगी।

# गंदे पानी में बैठकर भाकियू ने जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांव के गंदे पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया है।

गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव साथलपुर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (बी.आर. अंबेडकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय भाटी ने गांव की बदहाल सड़क के विरोध में अनूठा प्रदर्शन किया। एक विचार गोष्ठी में शामिल होने आये भाटी ने सड़क पर जमा हुए गंदे पानी में बैठकर विरोध जताया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में डॉ. भाटी घुटनों तक पानी भरी सड़क पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण सड़कों की खराब स्थिति उजागर हो रही है। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि किसानों और ग्रामीणों को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। इस घटना ने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा है और प्रशासन पर दबाव बढ़ा है। गांव के लोगों ने भी इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है और कहा है कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। यह वीडियो वायरल होने के बाद अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है।

# विवाहिता को ससुरालियों ने पीटकर निकाला

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विवाहिता को ससुर जेठ पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। बेहोश अवस्था में मायके वाले विवाहिता को कोतवाली लेकर पहुंच गये। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी नफीस शाह ने अपनी बेटी शाहीन की शादी 2019 में नगर के मोहल्ला रहरा रोड निवासी इरफान पुत्र इशहाक के साथ बड़ी धूमधाम के साथ की थी। बुधवार की रात शाहीन के ससुराल के लोग दानव बन गये। मामूली विवाद के पति ससुर जेठ व जेठानी ने शाहीन के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। सुसरालियों से बचने के लिए शाहीन किचन के अंदर घुस गई तथा भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। लेकिन शाहीन की जान के दुश्मन बने सुसरालियों ने किचन का गेट उखाड़ लिया तथा उसे बाहर खींचकर लात घूंसों एवं लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। सुसरालियों ने शाहीन का गला दबाने का भी प्रयास किया गया। सुसरालियों ने शाहीन को अधमरा कर घर से बाहर फेंक दिया। पड़ोसियों ने शाहीन के मायके वालों को सूचना दी तो वह वहां पहुंच गये। मायके वाले घायल को कोतवाली लेकर पहुंच गये। पुलिस को ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर दे दी है।

# जोया में बदनाम महिलाओं का गिरोह सक्रिय

## युवकों पर झूंठे आरोप लगा करती हैं वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** कस्बे में बदनाम महिलाओं का गिरोह सक्रिय है जो पुरूषों व युवकों पर झूंठे आरोप लगाकर उनसे रूपये ऐंठने काम कर रहा है। इस खेल में स्थानीय पुलिस का भी गिरोह की महिलाओं को संरक्षण प्राप्त है।

बात तीन-चार दिन पुरानी है। डिडौली की नकाबपोश एक महिला पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंची, जहां वह कुछ देर बैठी। महिला का आरोप है कि किसी ने उसकी थैली गायब कर दी। जिसमें सोने का एक आभूषण था। उसने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के आगे लोहार का काम करने वाले एक युवक पर सोने का आभूषण गायब करने का आरोप लगाते इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। पुलिस कई बार महिला के गायब हुए आभूषण के संबंध में लोहार से पूछताछ कर चुकी है। जिस कारण युवक बड़ा परेशान है। उधर चर्चा है कि बदनाम महिला डिडौली की रहने वाली है तथा उसकी कई बहने हैं जो पुरूषों व युवकों पर छेड़खानी, बलात्कार या फिर जेवर गायब करने के झूंठे आरोप लगाकर उनसे अवैध वसूली करती है। इस खेल में स्थानीय पुलिस के भी शामिल होने की चर्चाए हैं। क्योंकि अगर पुलिस इन महिलाओं की ठीक से जांच करे तो सच सामने आ सकता है। चूंकि इस खेल में पुलिस को भी हिस्सा मिलता है इस कारण वह बिना सच्चाई जाने बदनाम महिलाओं द्वारा लगाये आरोपों के आधार पर कार्रवाई का खौफ दिखा महिलाओं के जरिये अपनी जेब गर्म कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बदनाम महिलाएं अब तक सैकड़ो लोगों को अपना निशाना बना चुकी हैं।

# चोरी की बाइक पुलिस ने भूसे के ढेर से की बरामद

## तीन आरोपियों को लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** किसान की चोरी हुई बाइक पड़ोसी गांव से बरामद हो गई है। बाइक के पार्ट्स गायब मिले हैं। किसान की मोटर साइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया है। पकड़े गये तीनों आरोपियों को छुड़ाने के प्रयास में थाने के बाहर भीड़ जमा हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा से महेंद्र पुत्र बाबूराम तीसरे मिल पर 30 जुलाई को किसी कार्य से आये थे। इस दौरान उनकी स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई। उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी थी। पुलिस ने बाइक बरामद करने के लिए जाल फैला दिया था। बीते दिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पड़ोसी गांव लठीरा में एक भूसे से भरे कमरे से बाइक को बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि बाइक चोर ने बाइक से पार्ट्स निकालकर उनको बेच दिया था। बाइक के पार्ट्स गायब थे। बाइक के पार्ट्स गायब करने वाले आरोपी समेत तीन को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस मामले की जांच करने में लगी हुई है।

# गंगा के जलस्तर में 15 सेमी की बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा धाम तिगरी में फिर से गंगा में उफान देखने को मिल रहा है। बृहस्पतिवार को गंगा के जलस्तर में 15 सेमी की वृद्धि मापी गई, जबकि बिजनौर बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा 73738 क्युसेक रही। गंगा में जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवो की फसलों में पानी भर गया, जिससे पशुपालकों को अपने पशुओं के लिये चारा काटने में समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं तिगरी में

**बिजनौर बैराज से छोड़ा 73738 क्युसेक पानी**



भी पुरोहितों और होटल, ढ़ाबा संचालकों ने अपनी अस्थाई दुकानों को पीछे की ओर सुरक्षित स्थान पर किया। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को 15 सेमी की वृद्धि मापी गई। सभी बाढ़ चौकियां अलर्ट हैं और टीमें निगरानी कर रही हैं।

### जन्माष्टमी पर बालाजी महाराज का होगा स्वर्ण श्रंगार

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बालाजी भक्त मंडल के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व पर श्री बालाजी महाराज का स्वर्ण श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पर्व की तैयारी में जुट जाने की अपील की। बुधवार को कंचन बाजार स्थित प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर बालाजी धाम में बालाजी भक्त मंडल की बैठक आयोजित हुई। जिसमें अध्यक्ष ने कहा कि इस बार बाहर के कलाकारों द्वारा भव्य झांकियां का प्रदर्शन किया जाएगा। मंदिर में व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर शिवकुमार वर्मा, राकेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, प्रियंक शर्मा, विनोद अरोड़ा, भोलेशाह, रेनू अग्रवाल, ललिता वर्मा, नीति अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# जेई चैकिंग के नाम पर कर रहा अवैध वसूली

## उपभोक्ताओं में आक्रोश, तबादले की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** बिजली विभाग के जेई संजीव कुमार की अवैध वसूली से उपभोक्ता परेशान हैं। वह रोजाना चैकिंग के नाम पर हजारों के वारे न्यारे करता है।

स्थानीय बिजलीघर पर संजीव कुमार अवर अभियंता के पद पर तैनात है। कस्बे में जेई का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वह रोजाना बिजली चैकिंग करता है। अगर वह बीस घरों में बिजली चोरी पकड़ता है तो एक-दो में कार्रवाई करता है जबकि बाकी मामले पैसे लेकन निपटा देता है। अकारण ही लोगों को बिजली चोरी में फंसाने की धमकी देकर उनसे अवैध वसूली भी करता है। आज जेई नई बस्ती में चांद मस्जिद के पास बिजली चैकिंग कर रहा था। इस दौरान उसने एक उपभोक्ता का मीटर खराब बताकर उस पर रौब झाड़ना शुरू कर दिया। जबकि उपभोक्ता का कहना था कि उसका मीटर सही है तथा वह हर महीने बिजली का बिल अदा करता है। परन्तु जेई ने उस पर बिजली चोरी का आरोप लगाया। इस दौरान वहां भारी भीड़ जमा हो गयी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष बिजलीघर में जमा थे तथा मामले को रफा दफा करने की तैयारी थी। उपभोक्ताओं ने जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते उसके तबादले की मांग की है। कई लोग भ्रष्ट जेई की शिकायत भाजपा जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं परन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही।

# फर्जी प्रमाण पत्रों से नौकरी करने वाला शिक्षक सस्पेंड

## वेतन की रिकवरी के दिये आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे नौकरी पाने शिक्षक की सेवाएं बीएसए मोनिका ने समाप्त कर दी हैं, साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी जोया को संबधित शिक्षक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने और दिए गए वेतन की रिकवरी हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है।

बता दें कि विकास खण्ड जोया के प्रा०वि० सिबौरा के प्र०अ० रियाजुल हसन द्वारा नौकरी पाने के लिये लगाए गए दस्तावेजों में पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा के अंकपत्र प्रमाण पत्र फर्जी पाये गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा के द्वारा यह मामला जानकारी में आने पर 04 दिसम्बर 2015 के द्वारा रियाजुल हसन की सेवा समाप्त की गयी थी। सेवा समाप्ति आदेश पर शिक्षक के पक्ष में उच्च न्यायालय द्वारा स्टे कर दिया गया था,

**बीएसए ने बीएसए जोया को दिए रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश**

लेकिन अब उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा उक्त स्टे को समाप्त कर दिया गया था। स्टे की समाप्ति के उपरान्त कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा द्वारा 30.03.2024 को आदेश जारी करके दिनांक 04.12.2015 को रियाजल हसन की सेवा समाप्ति के आदेश को यथावत रखा गया। जिसके बाद रियाजुल हसन ने सेवा समाप्ति आदेश दिनाँक 30.03.2024 के विरूद्ध उच्च न्यायालय में स्पेशल अपील डाली, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा दिनाँक 04.09.2024 को आदेश पारित किये गये। उक्त आदेश के अनुपालन में प्रकरण की जाँच करते हुए पुन: कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा के पत्र दिनाँक 28.07.2025 के द्वारा रियाजुल हसन की सेवा समाप्ति आदेश 04.12.2015 को यथावत् रखते हुए सेवा समाप्त की गयी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी जोया को उक्त अध्यापक के विरूद्ध सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु एवं वेतन की रिकवरी हेतु निर्देशित किया गया।

# चालक को बेहोश कर ई-रिक्शा लूट ले गए बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददात, गजरौला।** 15 जुलाई में चालक को पेप्सी में नशीली पदार्थ मिलाकर ई-रिक्शा ले जाने के मामले में पुलिस ने चालक की तहरीर पर दो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक 15 जुलाई को मोमराज सिंह पुत्र यादराम सिंह निवासी गांव तिगरिया खादर सुबह लगभग नौ बजे ई-रिक्शा लेकर चौपला पर आया। वहां से उसे दो यात्री मिले, धनौरा मार्ग की तरफ फाजलपुर फाटक के समीप पहुंचने पर उन्होंने बातों ही बातों में अपनापन दिखाते हुए मोमराज सिंह को पेप्सी में नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया। कुछ देर बाद जब मोमराज बेहोश हो गया तो उसे ई-रिक्शा से धक्का देकर दोनों यात्री उसकी ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए, और उसकी जेब में रखा मोबाइल भी निकाल लिया। बाद में जब मोमराज को होश आया तो उसे अपने साथ हुई घटना का बोध हुआ। उसने पुलिस को तहरीर दी, तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।



## फोर्टिस-गंभीर विवाद

# कोच को पिच देखने का पूरा अधिकार है: गिल

● **हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है कोच और कप्तान समेत कई बार हम पिच पर गए है , समझ नहीं आता इतना हंगामा किस बात का था**

**लंदन, वार्ता।** मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम को ओवल में सरे के मुख्य ग्राउंड्समैन ली फोर्टिस द्वारा पिच को करीब से देखने से रोकने को भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अनावश्यक करार दिया।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और फ़ोर्टिस के बीच तब नोकझोंक हुई जब वे मुख्य स्क्वायर के आसपास भीड़ और प्रशिक्षण सामग्री होने से चिंतित थे। कथित तौर पर उन्होंने भारतीय टीम को सुझाव दिया कि उन्हें पिच से 2.5 मीटर दूर खड़े होकर पिच देखनी चाहिए। गंभीर को फोर्टिस की ओर उंगली दिखाते और बार-बार यह कहते हुए देखा गया कि वे 'सिर्फ एक ग्राउंड्समैन' हैं।

गिल, जो उस घटना के दौरान मैदान पर मौजूद नहीं थे, ने ओवल में पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि कल जो हुआ, मुझे लगा कि वह बिल्कुल गैर-जरूरी था। यह पहली बार नहीं है जब हम विकेट देख रहे थे, हम लगभग दो महीने से वहां हैं। एक कोच को पूरा अधिकार है कि वह पास जाकर विकेट देख सके और मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। मुझे सच में समझ नहीं आ रहा कि क्यूरेटर ने हमें विकेट देखने की इजाजत क्यों नहीं दी। गिल ने कहा कि सीरीज के पिछले चार स्थानों हेडिंग्ले, एजबस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड पर किसी भी क्यूरेटर ने भारतीय टीम को पिच या स्क्वायर देखने से नहीं रोका था। गिल ने कहा कि जहां तक मुझे याद है, हमें कभी कोई निर्देश नहीं मिले थे। अगर आप रबर स्पाइक्स पहने हों या नंगे पैर हों, तो आप विकेट को पास से देख सकते हैं। हम इस सीरीज में पहले ही चार मैच खेल चुके हैं, और हमें पिच देखने से किसी ने नहीं रोका। हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है, हम कोच और कप्तान समेत कई बार पिच पर गए हैं, मुझे समझ नहीं आता कि इतना हंगामा किस बात का था। भारत के सीरीज में 2-1 से पिछड़ने के बाद, आखिरी टेस्ट से पहले, गिल से पूछा गया कि क्या जरूरी मैच जीतने के दबाव ने गंभीर की प्रतिक्रिया को उकसाया होगा। गिल ने कहा कि बिल्कुल नहीं, अगर कोई पिच क्यूरेटर आकर हमें विकेट की तरफ देखने के बजाय तीन मीटर पीछे से देखने के लिए कहेगा, तो ऐसा हमारे साथ पहले कभी नहीं हुआ। हम इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं और जब तक आप रबर स्पाइक्स पहने हुए हैं या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को पास से देखने की इजाजत है। यह कोच और कप्तान का काम है। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के बाद से टीमों के बीच कई बार तीखी बहस हुई है, इसके बावजूद गिल ने कहा कि इंग्लैंड और भारत के बीच रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी टीम ने इन घटनाओं के दौरान जिस तरह का व्यवहार किया, उसका 'कोई अफसोस' नहीं है। उन्होंने कहा, ''रिश्ता बहुत अच्छा है, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं, तो आप अंततः मैच जीतने की कोशिश करते हैं, और दोनों टीमें काफी प्रतिस्पर्धी रही हैं।

---

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नागपुर में दिव्या देशमुख का भव्य स्वागत

**नागपुर, वार्ता।** युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, जिन्होंने हाल ही में जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व शतरंज कप 2025 का खिताब जीता, का नागपुर में भव्य स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत डा. बाबा साहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई, जहां दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। शहर द्वारा अपनी 'शतरंज रानी' का सम्मान किए जाने पर हवाई अड्डा जयकारों, तालियों और पारंपरिक बैंड की धुनों से गूंज उठा। हवाई अड्डे से, एक भव्य अभिनंदन रैली शहर के मध्य की ओर बढ़ी, जिसके मार्ग में लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे और तिरंगा लहरा रहे थे। विभिन्न सामाजिक और खेल संगठनों ने दिव्या का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। दिव्या ने वैश्विक शतरंज मंच पर नागपुर, महाराष्ट्र और भारत का नाम रोशन किया है। नागपुर शहर की सड़कें दिव्या को बधाई देने वाले बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स से सजी हुई थीं।

### अलेक्जेंडरसन ने 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच, एलेक्जेंडरसन ने म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की आज घोषणा की। यंग टाइग्रेसेस को ग्रुप डी में रखा गया है और उनका सामना 6 अगस्त को इंडोनेशिया, 8 अगस्त को तुर्कमेनिस्तान और 10 अगस्त को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में मेजबान म्यांमार से होगा। ग्रुप विजेता और सभी आठ ग्रुपों में से तीन सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें अगले साल अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

---

# बारिश के कारण दूसरी बार रुका 5वां टेस्ट

### सुदर्शन-नायर नाबाद, भारत 85/3, गिल 21 रन बनाकर रनआउट, गावस्कर का रिकॉर्ड तोडा

**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी है। फिलहाल, बारिश के कारण खेल रुका हुआ है। अगर बारिश शुरू नहीं हुई तो रात 9.15 बजे खेल शुरू होगा। भारतीय टीम ने पहली पारी में 3 विकेट पर 85 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और करुण नायर नाबाद हैं। कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने पगबाधा आउट किया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 743 रन बना चुके हैं। वे एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने सुनील गावस्कर (732 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। जो गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स (722 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वे वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने 1966 में बनाया था। बारिश के कारण 80 मिनट देरी से शुरू हुआ दूसरा सेशन साउथ लंदन स्थित द ओवल मैदान पर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया था। करीब एक घंटे 20 मिनट के बाद दूसरे सेशन का खेल शुरू हुआ। इस दौरान ग्राउंड स्टाफ ने कड़ी मेहनत करके मैदान को सुखाया। साउथ लंदन में फिर से बारिश लौट आई है। ऐसे में फिर से खेल रोकना पड़ा है। अहम बात यह कि भारत ने दूसरे सेशन के आधे घंटे में कप्तान गिल का विकेट गंवा दिया है। 28वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां भारतीय कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। गिल टेस्ट करियर में दूसरी बार रनआउट हुए हैं। इससे पहले वे राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रनआउट हुए थे। ओवल टेस्ट के दूसरे सेशन का खेल करीब 2 घंटे की देरी से शुरू हुआ।

शाम 5रू23 बजे बारिश के कारण जल्दी लंच का ऐलान कर दिया गया था। 23 ओवर के इस सेशन में इंग्लिश बालर्स का दबदबा रहा। भारतीय ओपनर केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल (2 रन) गास एटकिंसन का शिकार बने थे। वे स्ठॅ आउट हुए। 13वें ओवर में जोश टंग की यार्कर बाल खेलने के प्रयास में साई सुदर्शन क्रीज पर गिर गए। टंग ने ओवर की दूसरी बाल पर इनस्विंग यार्कर डाली, जो आफ स्टंप की ओर से रही। बाल ने बल्ले का अंदरूनी किनारा लिया और सुदर्शन के पैड पर लगी। इससे सुदर्शन पिच पर गिर पड़े। इस ओवर के साथ पहले घंटे के खेल का समापन हुआ। ड्रिंक्स ब्रेक तक भारतीय टीम ने एक 36 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। केएल राहुल और साई सुदर्शन की जोड़ी नाबाद रही। ओली पोप ने बतौर फील्डिंग कैप्टन 14 रिव्यू लिए हैं। इनमें से पहला रिव्यू सफल रहा है। इससे पहले 12 रिव्यू असफल रहे, जबकि एक अंपायर्स काल पर गया था। भारत ने ओवल टेस्ट की पहली पारी के तीसरे ओवर में विकेट गंवा दिया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने स्ठॅ किया।

---

# पाकिस्तान वेटरन लीग डब्ल्यूसीएल के फाइनल में

● **भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चैंपियनशिप में चौथे नंबर पर रही भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूर्नामेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। डब्ल्यूसीएल ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला कल बर्मिंघम में खेला जाना था।

इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे, लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टाप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूर्नामेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (आस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा। डब्ल्यूसीएल बोला- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं, डब्ल्यूसीएल ने देर रात एक्स पर पोस्ट करके पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने की जानकारी दी। डब्ल्यूसीएल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हम हमेशा खेल की ताकत पर भरोसा करते हैं। हालांकि, जनभावना का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। आखिर हम जो कुछ भी करते हैं, अपने दर्शकों के लिए ही करते हैं। हम भारत चैंपियंस के सेमीफाइनल से हटने के फैसले का सम्मान करते हैं व पाक चैंपियंस की प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी का भी सम्मान करते हैं। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच का मैच रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान चैंपियंस फाइनल में जाएगा। लीग की स्पान्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था।

कंपनी के को-फाउंडर निशांत पिटी ने ग पोस्ट में लिखा था कि हम डब्ल्यूसीएल में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाक के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ साथ नहीं चल सकता। ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।

---

# 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की काकीनाडा में होगी शुरुआत

● **महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन -ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नए प्रारूप के साथ एक अगस्त से 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुभारंभ होगा।

यह टूर्नामेंट 12 अगस्त तक चलेगा और इसमें 30 टीमें भाग लेंगी। इसमें नए प्रारुप को लागू किया जायेगा। टूर्नामेंट को डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी में विभाजित किया जाएगा। डिवीजन ए और बी की निचली टीमों को क्रमशः डिवीजन बी और डिवीजन सी में स्थानांतरित किया जाएगा, और डिवीजन बी और डिवीजन सी की शीर्ष दो टीमों को अगले साल हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए और डिवीजन बी में पदोन्नत किया जाएगा। महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं और पूल ए में गत चैंपियन झारखंड, पूल बी में पिछले साल की उपविजेता मध्य प्रदेश और पूल सी में दूसरे उपविजेता हरियाणा शामिल होंगे। इस बीच, डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल होंगी जो शीर्ष 12 राष्ट्रीय रैंकिग में नहीं हैं, और अगले साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रैंकिग में ऊपर चढ़ने और उच्च डिवीजन में जगह बनाने के लिए स्पर्धा करेंगी।

---

# भारत और इंग्लैंड को विश्व कप में हराना सबसे मुश्किल होगा: कप्तान एलिसा हीली

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भविष्यवाणी की है कि इस साल होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में उनकी टीम के लिए भारत और इंग्लैंड दो ऐसी टीमें होंगी जिन्हें हराना सबसे मुश्किल होगा। हीली ने आज यहां क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रायोजन कार्यक्रम में पत्रकारों से बात की और इस अनुभवी विकेटकीपर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सब कुछ सही दिशा में है क्योंकि वे 37 सालों में महिलाओं के 50 ओवरों के विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व कप्तान शेरोन ट्रेड्रिया के नेतृत्व में 1982 और 1988 में लगातार दो विश्व कप जीते थे और सात बार की चैंपियन टीम इस साल



● **ऑस्ट्रेलिया भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट की ट्रॉफी को उठाने का प्रबल दावेदार**

भारत और श्रीलंका में होने वाले इस आयोजन में इस प्रसिद्ध ट्रॉफी को उठाने की प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में उतरेगी। लेकिन हीली दुनिया की नंबर 1 वनडे टीम को लेकर कुछ भी हल्के में नहीं ले रही हैं और उन्होंने रैंकिग में अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों इंग्लैंड (दूसरे) और भारत (तीसरे) को 30 सितम्बर से शुरू होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए संभावित बाधा के रूप में नामित किया है। हीली ने कहा कि मैं अभी इंग्लैंड को पूरी तरह से खारिज नहीं करूंगी , मुझे लगता है कि वे लोटी (शार्लोट एडवर्ड्स) के नेतृत्व में अपनी लय हासिल कर लेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत घरेलू परिस्थितियों में खेल रहा है, उसे हराना वाकई मुश्किल होगा। हीली पिछले साल आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में लगी पैर की चोट से वापसी के करीब पहुंच रही हैं और प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी के लिए भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए की आगामी घरेलू श्रृंखला पर नजर गड़ाए हुए हैं।

---

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 की अगुवाई करेंगे म्हात्रे

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 दल की अगुवाई करेंगे जो कि 21 सितम्बर से शुरू होगा। 17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है।

भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। तीनों मुकाबले नॉर्थ्स में 21, 24 और 26 सितम्बर को खेले जाएंगे। इसके बाद दो चार दिवसीय मैच 30 सितम्बर और 7 अक्टूबर से मैके में शुरू होंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए दल में से मौल्यराजसिंह चावड़ा, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र और मोहम्मद एनान शामिल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित दल में वेदांत त्रिवेदी, खिलन पटेल, उधव मोहन और अमन चौहान को जगह दी गई है। खिलन दाएं पैर में स्ट्रेस रिएक्शन के चलते इंग्लैंड दौरे पर



● **17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है**

दल का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इंग्लैंड दौरे पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले पंजाब के शीर्ष क्रम बल्लेबाज विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड में चार दिवसीय दोनों मैचों में म्हात्रे ने कुल चार पारियों में सर्वाधिक 340 रन बनाए थे और वनडे मुकाबलों में सूर्यवंशी ने पांच पारियों में सर्वाधिक 355 रन बनाए थे।

---

# ईसीबी ने छह हंड्रेड टीमों के लिए फ्रैंचाईजी सौदों की पुष्टि की

● **सन टीवी नेटवर्क ने 100 प्रतिश हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने द हंड्रेड टूर्नामेंट के आठ निवेशकों में से छह के साथ फ्रेंचाइजी समझौतों पर हस्ताक्षर की पुष्टि की। दो अन्य के साथ बातचीत चल रही है, जिसमें रिलायंस समूह भी शामिल है, जिसने ओवल इनविसिबल्स टीम के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई थी। इसमें शामिल छह समूहों में अमेरिका स्थित टेक टाइटन्स भी शामिल है, जिसने लॉर्ड्स स्थित लंदन स्पिरिट में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का 70 प्रतिशत अधिग्रहण पूरा कर लिया है और उम्मीद है कि वह आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका 20 में अपनी सुपरजायंट्स फ्रेंच. इजी के अनुरूप टीम का नाम बदलकर मैनचेस्टर सुपरजायंट्स कर देगा। चेन्नई स्थित सन टीवी नेटवर्क ने हेडिंग्ले स्थित नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है। जीएमआर समूह ने साउथम्प्टन की टीम, सदर्न ब्रेव, में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ले ली है। एमएलसी में वाशिंगटन फ्रीडम टीम के मालिक संजय गोविल ने वेल्श फायर टीम में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी लेकर खुद को शामिल कर लिया है, जबकि बर्मिंघम फीनिक्स टीम का 49 प्रतिशत हिस्सा नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट, एलएलसी ने अपने निवेशकों (नाइटहेड) की ओर से ले लिया है। ओवल इनविसिबल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए रिलायंस समूह के अहस्ताक्षरित समझौते के अलावा, कैन इंटरनेशनल और एरेस मैनेजमेंट ने अभी तक ट्रेंट रॉकेट्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईसीबी ने कहा कि नए मालिक 1 अक्टूबर, 2025 से परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लेंगे। मीडिया विज्ञप्ति में आगे स्पष्ट किया गया है कि नए साझेदार द हंड्रेड टीमों में निवेश कर रहे हैं, जबकि ईसीबी प्रतियोगिता का पूर्ण स्वामित्व अपने पास रखेगा, और इसके साथ ही, नियमों, विडो की अवधि और अन्य महत्वपूर्ण मामलों जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा, जिनका खेल पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। ईसीबी ने कहा कि सामूहिक रूप से, आठ साझेदारियों के परिणामस्वरूप टीमों का मूल्यांकन 975 मिलियन पाउंड से अधिक है, जिसमें से 500 मिलियन पाउंड से अधिक अब अंग्रेजी और वेल्श क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश किए जाने की योजना है। यह भी खुलासा किया गया कि एक नया 'द हंड्रेड बोर्ड' स्थापित किया जाएगा, जिसमें ईसीबी और टीमों (निवेशक और मेजबान क्लब दोनों) के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिन्हें 'द हंड्रेड की रणनी. तिक दिशा और व्यावसायिक विकास से संबंधित कुछ निश्चित मामलों पर अधिकार सौंपा जाएगा, जैसे कि द हंड्रेड प्रायोजन और लाइसेंसिग सौदे, खिलाड़ियों का वेतन और खिलाड़ियों का ड्राफ्ट और रिटेंशन तंत्र। आठ टीमों में से चार आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व में हैं।

---

# तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज की भिड़ंत से होगी पीकेएल की शुरूआत

● **पीकेएल सीजन-12**

● **प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में टूर्नामेंट की होगी शुरुआत**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। यह सात साल बाद होगा जब इस तटीय शहर में इस टूर्नामेंट की वापसी होगी। दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स का सामना पुनेरी पलटन से होगा। अगले दिन घरेलू टीम तेलुगु टाइटन्स एक बार फिर मैदान पर उतरेगी, इस बार शाम के पहले मैच में यूपी योद्धा के खिलाफ, उसके बाद यू मुंबा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। तीसरे दिन सुपर संडे को तमिल थलाइवाज और यू मुंबा भिड़ेंगे। मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा के लिए पहला मैच खेलेंगे।

12 सितम्बर से जयपुर के इंडोर हॉल, एसएमएस स्टेडियम में मुकाबला होगा, जहां दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच रोमांचक मुक. ाबले होंगे, इसके बाद तमिल थलाइवाज का सामना बंगाल वॉरियर्स से होगा। गुलाबी नगरी पीकेएल की लोककथाओं में एक विशेष स्थान रखती है, क्योंकि 2023-24 में ऐतिहासिक सीजन 10 के दौरान ऐतिहा. सिक 1000वें पीकेएल मैच की मेजबानी करेगा। तीसरे चरण में 29 सितम्बर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम में यूपी योद्धा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा, जबकि दबंग दिल्ली केसी का सामना हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे। सीजन 12 का लीग चरण 13 अक्टूबर से दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने चरम पर पहुंचेगा।

---

# बीसीए अध्यक्ष ने भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर सूर्यवंशी को बधाई दी

**पटना, वार्ता।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर आज बधाई दी।

आईपीएल 2025 में धूम मचाने के बाद, बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पिछले महीने इंग्लैंड दौरे पर सुर्खियों में छा गए। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ चौथे वनडे में, वैभव (14 वर्षीय) ने 52 गेंदों में शतक जड़कर युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें वैभव से बहुत उम्मीदें हैं।

उन्होंने अपने प्रदर्शन से बिहार और भारत को बेहद गौरवान्वित किया है और अब उनके पास ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है। मैं उन्हें इस नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बीसीए प्रमुख राकेश तिवारी ने भी वैभव सूर्यवंशी जैसी उभरती प्रतिभाओं को राज्य में प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने के लिए बिहार क्रिकेट संघ की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ट्रम्प के बिगड़ते बोल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरी तरह बेलगाम होते दिखाई दे रहे हैं। वे किसके विषय में कब क्या बोल दें कोई नहीं जानता। उनके फैसले भी बेहद अटपटे दिखाई दे रहे हैं। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अब उन्होंने कह दिया है कि भारत और रूस की इकोनॉमी डेड हो चुकी है। आम बोलचाल में डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। यह एक तरह से किसी देश के दिवालियापन जैसा हो सकता है, जहां न कोई नौकरी रहती है न लोगों की कमाई बढ़ती है। लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं।

अब उन्होंने यह बात किस आकलन के आधार पर कही यह तो वही जानें, लेकिन इससे यह तो पता चलता ही है कि वह भारत को लेकर बेहद ही बेरुखा रुख अपना रहे हैं और यह तब है जब वह भारत को मित्र देशों की श्रेणी में भी रखते दिखाई देते हैं। ट्रम्प को समझना होगा कि हर देश की अपनी सीमाएं हैं अपने हित हैं, उसको उन्हीं के हिसाब से फैसले लेने होते हैं। जैसेकि गुरुवार को उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा भी कि सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों, सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने यह भी कहा कि अब तक अमेरिका के साथ चार दौर की बातचीत हो चुकी है और बातचीत अभी टूटी नहीं है।

लगता है कि ट्रम्प को इससे कोई मतलब नहीं है वह बेहद जल्दबाजी में हैं और वह ट्रेड को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में हैं। वह किसी की सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं। उन्हें किसी की लाभ-हानि से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें केवल अमेरिका का हित दिखाई दे रहा है। उनकी तमाम कोशिश है कि अमेरिका को जो व्यापार में तमाम फायदें मिलें, जबकि दूसरे देशों को भी फायदा हो इससे उन्हें कोई सरोकार दिखाई नहीं दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प को समझना चाहिए कि उनकी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत है और इस मजबूती के चलते उनका कोई दायित्व भी गरीब विकासशील देशों के प्रति बनता है। आखिर बड़ा वही कहलाता है, जो अपने छोटे देशों का भी ख्याल रखे, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प व्यापार को लेकर किसी तरह का ख्याल रखने के मूड में नहीं हैं और न ही किसी देश की मजबूरी को समझ रहे हैं और सबसे बड़ी विचित्र बात तो यह है कि वह अपनी इस मंशा को छुपा भी नहीं रहे हैं। भारत के संदर्भ में वह खुलकर कह रहे हैं, क्योंकि भारत रूस से बड़ी संख्या में सैन्य साजो-सामान पेट्रोलियम पदार्थ व गैस की आपूर्ति कर रहा है। इसलिए वह भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं। वह नहीं चाहते कि रूस के साथ कोई व्यापार करे। यह कैसे संभव है। हर देश अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी देश के साथ व्यापार करता है। अगर रूस हमें सस्ते दामों पर तेल व गैस दे रहा है, तो इस पर अमेरिका को क्यों आपत्ति होनी चाहिए, लेकिन आपत्ति हो रही है, बल्कि आपत्ति ही नहीं वह एक तरह से दंड भी देना चाहता है। टैरिफ लगाना यह दंड देने का ही एक तरीका है।

## केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरे



उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरेगी, मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की घोषणा की गई है, इस नई चुनौती को केंद्र सरकार अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर खरी उतरकर दिखाएगी, भारत गरीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, हर हाथ को काम देने के साथ देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल होना चाहिए। **-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमा**

# सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज



वाहिद नसीम



> राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं। बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदि. रों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

जब युद्ध अचानक प्रकट होता है, तो कहीं न कहीं कोई उसे वर्षों से यह फसल उगा रहा होता है धीरे, छुपकर, और गहरी चालों के साथ। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर उठता धुआं, कुछ विश्लेषकों के लिए सिर्फ एक पारंपरिक विवाद है, मगर इस लेख के मेरे लिए यह एक बहुत गहरे भू-राजनीतिक युद्ध की भूमिका है, जिसकी स्क्रिप्ट वाशिंगटन, लंदन और तेल अवीव में लिखी जा रही है। इसमें इस्तमाल किए गए हथियारों से संकेत स्पष्ट है। यह केवल थाई-कंबोडिया संघर्ष नहीं, यह चीन के खिलाफ छेड़ा जा रहा एक परोक्ष वैश्विक युद्ध का पहला कदम है, जिसमें दक्षिण-पूर्व एशिया, ब्रिक्स और पूरा ग्लोबल साउथ युद्ध के शतरंज पर मोहरे बन चुके हैं।

**प्राचीन मंदिर, आधुनिक महायुद्ध**

सीमा विवाद का प्रतीक बन चुका है प्रीह विहेयर मंदिर। एक प्राचीन खमेर मंदिर जो डांगरेक पर्वतों पर स्थित है, जिसकी दीवारें चुपचाप सियाम के उत्थान, खमेर साम्राज्य की गरिमा, और औपनिवेशिक सीमा-रेखाओं की क्रूरता की गवाह रही हैं।

थाई अभिजात वर्ग और सैन्य नेतृत्व, इस मंदिर को राज्य-गौरव का प्रतीक मानते हैं, जो 1907 की फ्रांस-सियाम संधि से कटे हुए अतीत को पुन:स्थापित करने का माध्यम बन सकता है। परंतु यह सिर्फ एक मंदिर विवाद नहीं। यह एक अवसर है, उस तीसरे पक्ष के लिए जो हर प्राचीन पीड़ा को भविष्य के युद्ध का बहाना बनाना बना रहा है।

**BRI: रेशमी सपनों की अस्थिर नींव**

चीन की Belt and Road Initiative एक 6,000 किमी लंबा महायोग, जो युन्नान से लेकर सिंगापुर तक दक्षिण-पूर्व एशिया की नसों को जोड़ता है। वर्तमान संघर्ष की बुनियाद में कहीं न कहीं गूंजती हुई छाया है।

थाईलैंड का हिस्सा (नोंग खाई एक्सटेंशन) भ्रष्टाचार में उलझा है, जबकि कंबोडिया और लाओस तेजी से बीआरआई के नक्शे पर चमक रहे हैं। में देख रहा हूं कि अमेरिका के लिए यह बेहद असहनीय है। वह नहीं चाहता कि बीजिंग सड़कों, रेल और बंदरगाहों के माध्यम से एक आर्थिक-सांस्कृतिक धुरी बना दे, जो पश्चिम के पुराने मार्गों को अप्रासंगिक कर दे। इसलिए, अराजकता फैलाना, कनेक्टिविटी को जड़ से उखाड़ना, और ASEAN को भीतर से फाड़ डालना अमेरिका की रणनीति बन चुकी है।

**कंबोडिया: अगला यूक्रेन?**

आश्यान के संगठित होते देशों की हलचल से इशारा मिलता हैं कि जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ एक फॉरवर्ड बेस बनाया गया, उसी तरह कंबोडिया कृ जहां चीन ने रणनीतिक रूप से रियाम नौसैनिक अड्डा विकसित किया है कृ जिसे पश्चिम ष्चीन के खिलाफ एक जालष में बदलने की कोशिया में है।

अमेरिका को थाईलैंड जैसे सहयोगी की जरूरत है क्यों है, पश्चिमी हथियारों तक पहुंच रखता है और वहां एक ऐसा राजा और सैन्य वर्ग है जो प्राचीन गौरव और पश्चिमी पूंजी दोनों का मोह रखता है। इस समीकरण में, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव भड़काना, ताइवान को चीन के खिलाफ उकसाना, और थाईलैंड-कंबोडिया युद्ध को बढ़ाना। सब कुछ एक साझा रणनीति के धागों से जुड़ा है।

**अभिजात वर्ग और राजा के आदमी: खेल के भीतर खेल**

राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं।

बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदिरों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

**असल में कौन है तीसरा पक्ष?**

वह कोई एक सरकार नहीं, वह कोई एक सेना नहीं, वह एक गति है जो अराजकता को रणनीति में बदल देती है। CIA, MI6, NATO, तेल अवीव, लंदन सब मिलकर एक ऐसी भू-राजनी. तिक वॉर मशीन बनाते हैं, जो हर हिस्से में एक नया यूक्रेन बनाने के फिराक में है। मंदिर जो शांति का प्रतीक थे, युद्ध के बहाने बन गए। सीमाएं जो इतिहास में उकेरी गई थीं, आज हथियार बन गई। लेकिन जिसे आप युद्ध समझते हैं, वह किसी और की शांति की योजना है और किसी और की गुलामी की तैयारी। ज्ञात रहे हर क्षेत्रीय युद्ध के पीछे एक वैश्विक ब्लूप्रिंट होता है। हर टकराव के पीछे लाभ का गणित छिपा होता है और हर विरोध में एक ऐसी खामोशी दबी होती है, जो कभी भूगोल से, तो कभी इतिहास से, उभर आती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीतिक मामलों पर गहरी पकड़ रखते हैं, ये विचार उनके निजी विचार हैं)

# अपमान के लिए महिलाएं खुद जिम्मेदार

> **अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए। यह कहकर मुआफी मांग. नी तो क्या उन्होंने अपनी चार जगह मुंह मारने जैसी सड़क छाप भाषा शैली का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा? जरा सोचिए कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहां लड़कियां चांद पर पहुंचने की होड़ में लगी हुई हैं। उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं।**



निर्मल रानी

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता, ज्योतिषी व धर्मगुरु टीवी स्क्रीन की शोभा बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने प्रकट होते हैं तो उनका साज श्रंगार, मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं।

ऐसे ही एक कथावाचक व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रूपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ्टर शेफ्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिए विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिए भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को विष-की-किट यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया।

तो कभी पीजजा में पड़ने वाले चीज यानि पनीर को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गए। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि महिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगे। एक बार एक टीवी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टीवी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेहूं चुनचुन कर निकालकर उस गेहूं का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित प्रवचन में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमाएं पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचनकर्ताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी कलश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कर्ताओं की शोभा यात्रा निकाल. कर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिए माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं,जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहल पहुंचती हैं। जो महिलाएं श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किए शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है।

उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि लोग विवाह के लिए लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर



आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह, उसकी जवानी फिसल जाएगी। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौरतलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। उनके पुतले फूंके गए। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गईं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टीआरपी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गई। महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलाएं स्वयं ही जिम्मेदार हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अचानक इतनी फुर्ती में क्यों है डीजीसीए




रजनीश कपूर



जब भी कभी कोई विमान हादसा होता है या होते-होते टल जाता है तो भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो ऐसी घटना की जांच करता है। ऐसे मामलों में जांच पूरी होने तक डीजीसीए उस विमान के पायलट व क्रू को ग्राउंड कर देता है यानी उड़ान भरने पर रोक लगा देता है। सवाल है कि क्या डीजीसीए का सिर्फ इतना ही फर्ज है?

सवाल यह भी है कि क्या ऐसी दुर्घटनाओं के बाद की जाने वाली ऐसी जांच में केवल एयरलाइन के स्टाफ की ही गलती क्यों सामने आती है? क्या डीजीसीए के अधिकारियों को हवाई जहाज की नियमित जांच और रख-रखाव की ऑडिट नहीं करनी चाहिए, जो उनका फर्ज है? यदि डीजीसीए द्वारा ऐसे निरीक्षण समय-समय पर होते रहें तो ऐसे हादसे टाले जा सकते हैं। हाल ही में भारत के एविएशन इतिहास में सबसे बड़ा हादसा अहमदाबाद में हुआ।

उसके बाद से ही तमाम जानकारियां सामने आने लगी कि एयर इंडिया के इस विमान हादसे में किसकी गलती हो सकती है। क्या पायलट दोषी हैं? क्या विमान बनाने वाली कंपनी दोषी है? क्या एयर इंडिया के विमान की रख-रखाव करने वाली एजेंसी दोषी है? इन सभी सवालों पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा रही हैं क्योंकि विमान हादसे की जांच अभी चल रही है, लेकिन कहीं पर भी आपको यह सुनने को नहीं मिलेगा कि क्या भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए अपना काम जिम्मेदारी से कर रहा था? यदि हां तो फिर ऐसा हादसा कैसे हो गया? यदि नहीं तो क्यों नहीं?

एयर इंडिया के बोइंग विमानों में अचानक एक के बाद एक हादसों का होना एक गंभीर मुद्दा अवश्य है, लेकिन जिस तरह इन हादसों के बाद डीजीसीए अचानक हरकत में आया है वह कई सवाल उठाता है। क्या डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली ऑडिट में कहीं चूक हुई थी? गौरतलब है कि हर विमान, चाहे वो किसी भी एयरलाइन का क्यों ना हो, उसकी नियमित जांच व रख-रखाव करना अनिवार्य होता है। हर उड़ान से पहले विमान का पूरा निरीक्षण किया जाता है। ऐसे निरीक्षण को पहले टेक्नीशियन और उसके बाद इंजीनियर द्वारा किया जाता है।

विमान जो भी कमी पाई जाती है उसे विमान की लॉगबुक में दर्ज किया जाता है। इसके साथ ही विमान में पाई गई कमी को दुरुस्त करने की एंट्री भी इसी लॉगबुक में की जाती है जिसे विमान से संबंधित सभी लोग साइन भी करते हैं। इसमें पायलट, टेक्नीशियन और इंजीनियर शामिल हैं। इतना ही नहीं इस सबके ऊपर इन लॉगबुक्स का डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से ऑडिट भी किया जाता है। यदि इसमें कोई कमी होती है तो डीजीसीए द्वारा संबंधित एयरलाइन को नोटिस दिया जाता है।

वहीं यदि किन्हीं कारणों से डीजीसीए द्वारा ऑडिट को केवल औपचारिकता के लिए किया जाए तो अनदेखी के चलते विमान हादसा कभी भी हो सकता है। ऐसा देखा गया है कि जब भी कभी कोई बड़ा विमान हादसा होता है तो डीजीसीए तुरंत हरकत में आकर कड़े ऑडिट करने शुरू कर देता है। इन ऑडिटों में डीजीसीए यह दिखाने की कोशिश करता है कि वह किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) रखता है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सोचना सही है? यदि डीजीसीए के अधिकारी एयरलाइन की न सुनकर, कानून के हिसाब से हर एयरलाइन का नियमित व विस्तृत ऑडिट करते रहें तो डीजीसीए पर उंगलियां नहीं उठेंगी। पर पता नहीं किस लालच या दबाव में ए जांच नहीं होती।

एविएशन के जानकारों के अनुसार विमान के इंजन में होने वाली कोई खराबी का कारण नियमित रख-रखाव का न होना है। इसके अलावा विमान के स्पेयर पार्ट की गुणवत्ता और पायलट की उचित ट्रेनिंग का न होना भी है। इन घटनाओं के पीछे डीजीसीए के अधिकारियों द्वारा ऐसी कमियों को अनदेखा करना भी एक प्रमुख कारण है। यदि डीजीसीए के अधिकारी केवल इस बात पर जोर न दें कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा तो शायद ऐसी घटनाएं न हों।पिछले दिनों संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह बताया कि डीजीसीए के स्वीकृत 1644 पदों में से 823 रिक्त हैं। यानी 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें से अधिकतर पद तकनीकी हैं। यह वही तकनीकी पद हैं जो विमानों की तकनीकी जांच करने में सक्षम होने चाहिए परंतु डीजीसीए के पास यदि टेक्निकल मैनपावर की कमी है तो वो टेक्निकल ऑडिट किस हद तक कर पाएगा इसका अनुमान कोई भी लगा सकता है। वहीं डीजीसीए के कुछ अधिकारी कुछ चुनिंदा एयरलाइंस, फिर वो चाहे शेड्यूल्ड एयरलाइन हों या नॉन-शेड्यूल एयरलाइन (प्राइवेट चार्टर कंपनी) हों, के साथ अच्छे संबंध बनाए रखता है। ऐसे संबंधों का यह नतीजा होता है कि यदि अच्छे संबंधों वाली एयरलाइन बड़ी से बड़ी गलती क्यों न करे उसे केवल एक चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है और किसी को कानों कान भी खबर नहीं होती। वहीं किसी अन्य एयरलाइन द्वारा कोई मामूली सी गलती भी हो जाए तो उसके खिलाफ कड़े से कड़े नियमों के तहत कार्यवाही की जाती है। क्या डीजीसीए बताएगा कि ऐसे दोहरे मापदंड क्यों अपनाए जाते हैं?

एक अनुमान के तहत आनेवाले दो दशकों में भारत का नागर विमानन ट्रैफिक 5 गुना बढ़ने की संभावना है। यदि कनाडा और न्यूजीलैंड की तरह हमें भी एविएशन के क्षेत्र में एक अच्छी पहचान बनानी है तो डीजीसीए के अधिकारियों को अपने स्वार्थों को दरकिनार करते हुए यात्रियों की सुरक्षा और एयरलाइन कम्पनी के विमानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। डीजीसीए के एयर सेफ्टी डिपार्टमेंट, फ्लाइट स्टेंडर्ड्स डिपार्टमेंट, एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग व एयरवर्थिनेस डिपार्टमेंट जैसे विभागों को विमानों की जांच के हर पहलू को कड़ाई से लागू करने को गम्भीरता से लेना होगा।

ऐसा करने से एक ओर हवाई यात्रा करने वाले यात्री अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं दूसरी ओर एयरलाइन कम्पनियों को भी इस बात का खौफ बना रहेगा कि छोटी सी भूल के चलते उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तिलमिलाए ट्रम्प ने छह भारतीय कंपनियों पर लगाया बैन

## कहाः ईरान से चोरी-छिपे कारोबार किया, ईरान बोलाः अमेरिका इकोनॉमी को हथियार की तरह कर रहा इस्तेमाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। इसके अलावा चीन की 7, यूएई की 6, हान्गकान्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की।

मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी इकोनामी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। दूतावास ने कहा कि अमेरिका, ईरान और भारत जैसे आजाद देशों पर प्रतिबंध लगाकर उनकी प्रगति और विकास को रो. कने की कोशिश कर रहा है। ये प्रतिबंध



**कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ से ज्यादा उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए**

अंतर्राष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। यह एक तरह का आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवाद है। इन नीतियों का विरोध करना मजबूत ग्लोबल साउथ के लिए खड़ा होना है। किन भारतीय कंपनियों पर कार्रवाई हुई-अलके. मिकल साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड-इस पर सबसे बड़ा आरोप है। कंपनी ने जनवरी से दिसम्बर 2024 के बीच 84 मिलियन डालर (करीब 700 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पाद आयात किए। ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड-जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक कंपनी ने 51 मिलियन डालर (करीब 425 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी मेथनाल सहित अन्य उत्पाद खरीदे। ज्यूपिटर डाई केम प्राइवेट लिमिटेड-इसी अवधि में इस कंपनी ने टोल्यून समेत ईरानी उत्पादों का करीब 49 मिलियन डालर का आयात किया। रमणिकलाल एस. गोसालिया एंड कंपनी-इसने करीब 22 मिलियन डालर के पेट्रोकेमिकल्स खरीदे, जिनमें मेथनाल और टाल्युइन शामिल हैं। पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड-अक्टूबर से दिसम्बर 2024 के बीच कंपनी ने 14 मिलियन डालर का ईरानी मेथनाल आयात किया। कंचन पालिमर्स-इस पर 1.3 मिलियन डालर के ईरानी पालीइथिलीन उत्पाद खरीदने का आरोप है।

## हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाकः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए ट्रम्प ने लिखा कि हमने पाकिस्तान के साथ एक डील फाइनल की है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडारों का विकास करेंगे। एक तेल कंपनी को इस साझेदारी के लिए चुना जाएगा। शायद एक दिन वे भारत को भी तेल बेचें। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही घंटे पहले उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डान के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका का सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया।



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधीअपनी बहन व पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बातचीत करते हुए।

## सिडनी में लीजियोनेयर्स रोग से एक की मौत, कई बीमार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहरों में से एक सिडनी के उपनगर पॉट्स पॉइंट में लीजियोनेयर्स रोग से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिडनी स्थानीय स्वास्थ्य जिला (एसईएसएलएचडी) ने गुरुवार को बताया कि सिडनी हार्बर ब्रिज और सिडनी ओपेरा हाउस से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित इस उपनगर के सात लोग मई से लीजियोनेयर्स रोग से संक्रमित हो चुके हैं जिनमें एक बुजुर्ग (80) भी शामिल है। बुजुर्ग व्यक्ति जून के अंत में बीमार हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई है। शेष छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पांच लोगों को छुट्टी दे दी गई है और एक व्यक्ति ठीक हो रहा है। एसईएसएलएचडी ने कहा कि 45 से 95 वर्ष की आयु के सभी मरीज एक-दूसरे को नहीं जानते थे लेकिन हो सकता है कि वे क्षेत्र में संक्रमण के एक सामान्य स्रोत के संपर्क में आए हों। लीजियोनेयर्स रोग एक गंभीर प्रकार का निमोनिया है जो लीजियोनेला नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह रोग पानी या मिट्टी में मौजूद बैक्टीरिया को सांस के जरिए अंदर लेने से फैलता है, खासकर उन लोगों को जो कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले हैं या धूम्रपान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन पर रूसी हमलों में छह मरे, 52 घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर गुरुवार तड़के रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और अन्य 52 घायल हो गए। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। शहर में 27 जगहों पर हमला हुआ। हमले वाली जगहों पर बचाव अभियान जारी है और पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है।

### नेपाल में मानसून जनित आपदाओं में 43 लोगों की मौत

**काठमांड।** नेपाल में इस साल मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से बारिश के कारण आई आपदाओं में 43 लोगों की जान जा चुकी है और 116 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार शाम एक रिपोर्ट में कहा कि मानसूनी बारिश से आई 569 आपदाओं के चलते 16 लोग अभी भी लापता हैं।बाढ़ के कारण 15 लोगों की जान गई और सात घायल हुए। बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुई और 95 घायल जबकि भूस्खलन से 14 लोगों की मौत हुई है।

### चीन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे जापानः बीजिंग

**बीजिंग/टोक्यो।** चीन ने टोक्यो में दो चीनी नागरिकों की गंभीर रूप से पिटाई की रिपोर्टों पर जापानी पक्ष से चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि आज सुबह टोक्यो में चार लोगों ने दो चीनी नागरिकों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन ने इन रिपोर्टों पर ध्यान दिया है।

### पकड़े गए सैनिकों को थाईलैंड रिहा करेः कंबोडिया

**नोम पेन्ह/बैंकॉक।** कंबोडिया ने थाईलैंड से युद्धविराम लागू होने के बाद पकड़े गए 20 कंबोडियाई सैनिकों को रिहा करने का आग्रह किया है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय अवर सचिव और प्रवक्ता, लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने बुधवार को कहा कि उनके 21 सैनिक, थाईलैंड सेना के कब्जे में थे। इसमें से एक मृत सैनिक का शव मिल गया है।

## इमरान खान की पार्टी के 166 सदस्यों को 10 साल जेल

**दो साल पहले ISI बिल्डिंग पर हमले मामले में अदालत ने सुनाया फैसला**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 166 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई।

यह सजा 9 मई, 2023 को पंजाब प्रांत में आईएसआई बिल्डिंग और अन्य सैन्य ठिकानों पर हमले के मामले में दी गई है। सजा पाने वालों में नेशनल असेंबली और सीनेट में विपक्ष के नेता और कई सांसद शामिल हैं। यह फैसला उस समय आया है जब पीटीआई 5 अगस्त से पूरे देश में इमरान खान को रिहा करो आंदोलन शुरू करने की तैयारी कर रही थी। पीटीआई ने फैसलाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीएस) के इस फैसले की कड़ी निंदा की है। पार्टी का कहना है कि यह फैसला उनके सांसदों को संसद से अयोग्य घोषित करने और शांतिपूर्ण विरा. ध प्रदर्शन को रोकने की साजिश का हिस्सा है। 9 मई, 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग, लाहौर में जिन्ना हाउस (कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचआईक्यू) सहित कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। फैसलाबाद की एटीसी ने आईएसआई बिल्डिंग हमले के मामले में 185 में से 108 लोगों को दोषी ठहराया और 77 को बरी कर दिया।

## कनाडा भी देगा फलस्तीन को मान्यता, ट्रम्प को चढ़ा गुस्सा

### प्रधानमंत्री कॉर्नी ने किया ऐलान, सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक घोषणा होगी

**ओटावा।** कनाडा भी फ्रांस और ब्रिटेन की तरह फलस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के तौर में मान्यता देगा। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को इसका ऐलान किया। यह मान्यता औपचारिक रूप से सितम्बर 2025 में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजहए) के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के बाद जी-7 का तीसरा देश बन गया है जिसने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है।

गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच करीब दो साल से जंग जारी है। वहां में पानी और खाद्य संकट और रिफ्यूजी शिविरों की हमलों से मानवीय संकट गहरा गया है। इसके चलते इजरायल पर लगातार अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। यूएन की इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन की एक नई रिपोर्ट के मुता. बिक गाजा में अकाल से भी बुरी स्थिति है। प्रधानमंत्री कार्नी ने मान्यता के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं। इन्हें फलस्तीन को पूरा करना होगा। अगले वर्ष चुनाव कराना अनिवार्य होगा, जो कि 2006 के बाद पहली बार होगा। चुनाव और शासन में हमास की कोई भागीदारी नहीं होगी। (हमास को आतंकी संगठन माना जाता है)। फलस्तीनी राज्य का डिमिलिटराइजेशन यानी यानी हथियारों और लड़ाकू क्षमताओं से मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। कार्नी ने कहा कि उन्होंने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से सीधे बात की है और इन शर्तों पर सहमति मिल गई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जो हो रहा है, वह मानवता के खिलाफ अपराध जैसा है। उन्होंने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को राहत सामग्री देने नहीं दे रहा, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुता. बिक अब तक 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 89 बच्चों सहित 154 लोगों की मौत भुखमरी से हुई है। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कार्नी ने कहा कि गाजा में आम लोगों की पीड़ा अब बर्दाश्त से बाहर है। अब और देर करना, मानवता के साथ अन्याय होगा। कनाडा ने फलस्तीनी अथारिटी को 63 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। इससे भविष्य में राज्य का ढांचा तैयार किया जाएगा। साथ ही, कनाडा ने 190 करोड़ रुपये की मानवीय सहायता देने की घोषणा की है।



**इजरायल ने कनाडा के फैसले की निंदा की, ब्रिटेन और फ्रांस पहले ही मान्यता देने का ऐलान कर चुके हैं**

### फलस्तीन पर कनाडा के फैसले से अमेरिका नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि फलस्तीन को मान्यता देने के कनाडा के फैसले से उसके साथ व्यापार समझौता करना मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर कहा कि वाह! कनाडा ने अभी घोषणा की है कि वह फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने का समर्थन कर रहा है। इससे हमारे लिए उनके साथ व्यापार समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ओह कनाडा!!! जुलाई के मध्य में कार्नी ने कहा था कि इस बात के 'बहुत कम प्रमाण' हैं कि अमेरिका के साथ आयात शुल्क पर कोई समझौता हो सकता है। पिछले शुक्रवार को ट्रम्प ने इस वार्ता को लेकर निराशा जाहिर की थी। उधर कनाडा ने कहा कि अगर फलस्तीनी प्राधिकरण चुनाव कराने सहित कुछ बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध होता है, तो वह उसे राष्ट्र के रूप में मान्यता दे देगा।

## गाजा में कुपोषण से सात और लोगों की मौत

### गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इजरायल की यात्रा पर जाएंगे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ

**दुबई।** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों में कुपोषण से सात और लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी क्षेत्र में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने बताया कि 2023 में इज़रायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई जिसमें 89 बच्चे शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने मंगलवार को चेतावनी दी कि गाज़ा में अकाल की सबसे खराब स्थिति वर्तमान में चल रही है। इज़रायल ने कहा है कि वह गाज़ा में आने वाली सहायता पर प्रतिबंध नहीं लगा रहा है, लेकिन उसका ये दावा यूरोप में उसके करीबी सहयोगियों, संयुक्त राष्ट्र और गाज़ा में सक्रिय अन्य एजेंसियों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया हैं। इस बीच अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ गुरुवार को गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इज़रायल की यात्रा पर जाएंगे। एक अलग घटनाक्रम में गाजा अस्पताल के सूत्रों ने बीबीसी को बताया कि बुधवार सुबह दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के सहायता वितरण केंद्र के पास छह फलस्तीनी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि भीड़ ने वितरण केंद्र के खुलने से कुछ देर पहले ही उसमें घुसने की कोशिश की थी और एक इज़रायली टैंक ने उन पर हमला कर दिया। जीएचएफ ने आरोपों का खंडन करते हुए बीबीसी को बताया कि उसके केंद्रों पर या उसके आसपास कोई हत्या नहीं हुई। इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने भी बीबीसी को बताया कि 'प्रारंभिक समीक्षा से पता चलता है कि हताहतों की संख्या आईडीएफ के पास मौजूद जानकारी से मेल नहीं खाती।'



**2023 में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई है**

### श्रीलंका में रिश्वतखोरी के आरोप में 34 गिरफ्तरी

**कोलंबो।** श्रीलंका में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच आयोग ने घोषणा की कि 2025 के पहले छह महीनों में रिश्वत मांगने के आरोप में 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईएबीओसी के अनुसार आयोग को एक जनवरी से 30 जून 2025 के बीच 3022 शिकायतें मिलीं। इस अवधि के दौरान अधिकारियों ने 27 छापे मारकर 34 लोगों को गिरफ्तार किया। सीआईएबीआ. सी ने कहा कि संदिग्धों में दस श्रीलंकाई पुलिस अधिकारी, न्याय मंत्रालय के पांच अधिक. ारी, स्वास्थ्य मंत्रालय के दो और श्रीलंका परिवहन बोर्ड के दो अधिकारी शामिल हैं।

## रूस में लगातार दूसरे दिन भी आया 6.5 का भूकंप

**कल कामचटका द्वीप पर 8.8 तीव्रता से धरती कांपी थी, ज्वालामुखी भी फटा**

**व्लादिवोस्तोक।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूंकप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर गुरुवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10:57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था।

जो अब तक दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में छठे नंबर पर है। हालांकि, इसमें अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद रूस, जापान, चीन और अमेरिका तक सुनामी लहरें पहुंची थीं। रूस में ये लहरें 4 मीटर ऊंची, जबकि अमेरिका में 1 मीटर तक ऊंची थीं। कुरील में कल भी एक 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके अलावा कामचटका में भूकंप के बाद ज्वालामुखी भी फटा। यूएस जियोलाजिकल सर्वे के मुता. बिक, 8.8 तीव्रता वाले मुख्य भूकंप के बाद बीते 16 घंटे में रूस के आसपास 125 से ज्यादा आफ्टरशाक्स आए हैं। इनकी तीव्रता 4.4 या उससे अधिक रही है। इनमें से तीन झटके 6.0 से अधिक तीव्रता के रहे, जिनमें सबसे जोरदार झटका 6.9 तीव्रता का था। यह मुख्य भूकंप के करीब 45 मिनट बाद महसूस हुआ। बुधवार को ही सुबह 11 बजे के करीब मुख्य भूकंप के केंद्र से 200 मील दक्षिण-पश्चिम में 6.4 तीव्रता का एक और आफ्टरशाक आया। बुधवार को आए 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के कुछ ही घंटे बाद कामचाटका प्रायद्वीप पर क्लूचेवस्काया सोपका नाम का ज्वालामुखी फटा। पिछले कुछ दिनों से इस ज्वालामुखी में हलचल बढ़ रही थी। रात में इसके क्रेटर से रोशनी निकल रही थी और दिन में यह राख उगल रहा था। बुधवार को इसने करीब 3 किलोमीटर ऊंचाई तक राख का गुबार छोड़ा।

**D.A.V. COLLEGE, ARYA SAMAJ ROAD, MUZAFFARNAGAR**
**SHORT-TERM TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from reputed and experienced Firms/ Suppliers for the supplying of following material for the session 2025-26.

| S | Particular of work | Approx Cost (in Lac) | Cost of Tender form | E.M.D. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lab Equipments/ Chemical/ Glassware/ Polyware and other consumables | 10.00 | 1,000/- | 50,000/- | 30 Days from the date of order |
| 2 | Furniture | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | |
| 3 | Library Books | 2.00 | 1,000/- | 10,000/- | |
| 4 | Printing of College Magazine "VEENAPANI" Session 2024-25 | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | 45 Days from the date of order |

**NOTE**
1. Terms and Conditions are explained in Tender Documents. Description of Items to be purchased mentioned in Tender form.
2. The Tender form can be purchased from **Office Counter No. 03** between 10:30 am to 02:00 pm from 01st August to 7th August - 2025 at the cost of Rs. 1000/- by cash payment.
3. Tenders may be Submitted in **Office Counter No. 03** upto 7th August - 2025 upto 02:00 pm.
4. Tenders will be opened on 12th August 2025 at 02:30 pm in Principal Office.
5. The college reserves all the rights to reject any tender without explaining any reason.

**Dated: 30.07.2025** **(Dr. Garima Jain)**

